
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200
दैनिक हिन्दी समाचार · समाज जागरण · RNI NO. UPHIN/2021/84200
नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित
वर्षः 4 अंकः 33 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 12 नवम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

## 63 साल का रिकॉर्ड ध्वस्त! बिहार में 67% बंपर वोटिंग, महिला मतदाताओं ने रच दिया इतिहास

पटनाः बिहार विधानसभा चुनाव 2025 ने मतदान के सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ते हुए एक नया इतिहास रच दिया है. चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, राज्य में कुल 66.91%, यानी लगभग 67% मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. जो बिहार के चुनावी इतिहास में अब तक का सर्वाधिक मतदान प्रतिशत है. यह बंपर वोटिंग न केवल लोकतंत्र के प्रति जनता के उत्साह को दशार्ती है, बल्कि 14 नवंबर को आने वाले नतीजों को लेकर भी सस्पेंस बढ़ा रही है.

### महिला शक्ति ने फिर दिखाया दम

इस ऐतिहासिक मतदान में एक बार फिर बिहार की महिला शक्ति ने पुरुषों को काफी पीछे छोड़ दिया है. जहां पुरुषों का मतदान प्रतिशत 62.8% रहा, वहीं महिलाओं ने रिकॉर्ड 71.6% मतदान करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया.

# पूर्व अग्निवीरों को आयु सीमा में 5 साल तक की छूट, राज्य सरकार के इस फैसले से नौकरी के बढ़े अवसर

समाज जागरण

हरियाणा सरकार ने अग्निवीरों के लिए एक बहुत ही बड़ा और सराहनीय फैसला लिया है। सरकार ने मंगलवार को पूर्व अग्निवीरों को सरकारी नौकरियों में सीधी भर्ती के समय आयु सीमा में छूट देने की घोषणा की है। पूर्व अग्निवीरों को सीधी भर्ती में आयु सीमा में 5 साल तक की छूट देने का फैसला लिया गया है।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने इस संबंध में एक आधिकारिक पत्र जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि सैन्य सेवा पूरी करने के बाद जब हरियाणा के निवासी अग्निवीर राज्य सरकार की नौकरियों के लिए आवेदन करेंगे, तो उन्हें ऊपरी आयु सीमा में राहत दी जाएगी।

सरकार के आदेश के मुताबिक, ग्रुप बी और ग्रुप सी पदों पर भर्ती के दौरान पूर्व अग्निवीरों को तीन साल की छूट दी जाएगी। वहीं, जो अग्निवीर पहले बैच के हैं, उन्हें पांच साल की आयु छूट का विशेष लाभ मिलेगा। इसका मतलब है कि जो जवान चार साल की सेवा पूरी करके लौट रहे हैं, उनके लिए सरकारी नौकरी के अवसर अब और बढ़ गए हैं। यह कदम इसलिए भी अहम है क्योंकि अग्निवीर योजना के तहत भर्ती किए गए जवान चार साल की सेवा के बाद वापस लौटते हैं और कई बार उनकी उम्र सामान्य भर्ती की सीमा से ऊपर चली जाती है। ऐसे में यह फैसला उन्हें दोबारा रोजगार पाने और समाज में अपनी नई भूमिका निभाने का सुनहरा मौका देगा। यह आदेश हरियाणा के सभी विभागों, बोर्डों, निगमों, विश्वविद्यालयों और क्षेत्रीय कार्यालयों पर लागू होगा।



सरकार ने निर्देश दिया है कि सभी विभाग इस फैसले को पूरी सख्ती और ईमानदारी से लागू करें ताकि किसी भी पात्र अग्निवीर को उसका अधिकार मिल सके। गौरतलब है कि हरियाणा में अब तक कुल 7,228 अग्निवीर भर्ती हुए हैं। इनमें पहले बैच में 2,227, दूसरे बैच में 2,893 और तीसरे बैच में 2,108 अग्निवीर शामिल हैं। सरकार ने साफ कहा है कि पहले बैच के 2,227 अग्निवीरों को पांच साल की आयु छूट का लाभ दिया जाएगा।

## दिल्ली कार ब्लास्टः केंद्रीय गृह मंत्री ने की समीक्षा बैठक

### 500 से अधिक सुरक्षा अधिकारियों की एक टीम गठित

समाज जागरण

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में हुए कार ब्लास्ट के मामले में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को दोहराते हुए अमित शाह ने कहा कि इस कृत्य में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को कड़ी सजा का सामना करना पड़ेगा।



गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली कार ब्लास्ट के बाद मंगलवार को शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "दिल्ली कार ब्लास्ट पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्हें इस घटना के पीछे के प्रत्येक दोषी की तलाश करने के निर्देश दिए। इस कृत्य में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को हमारी एजेंसियों की कड़ी सजा का सामना करना पड़ेगा।"

बैठक में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन कुमार डेका, दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के महानिदेशक (डीजी) सदानंद वसंत दाते शामिल हुए।

इससे पहले, पीएम मोदी कड़ा संदेश दे चुके हैं कि षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने भूटान में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा, "मैं कल रात भर इस घटना की जांच में जुटी सभी एजेंसियों के साथ सभी महत्वपूर्ण लोगों के साथ संपर्क में था। विचार विमर्श चलता था। जानकारियों के तार जोड़े जा रहे थे। हमारी एजेंसियां इस षड्यंत्र की तह तक जाएंगी। इसके पीछे के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।"

विस्फोट की जांच के लिए 500 से अधिक सुरक्षा अधिकारियों की एक टीम गठित की गई है, जबकि दिल्ली-एनसीआर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और प्रमुख प्रतिष्ठानों पर एनएसजी कमांडो तैनात किए गए हैं। दिल्ली पुलिस सूत्रों के अनुसार, जांच एजेंसियां एक हजार से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही हैं। उन्हें संदेह है कि कार विस्फोट ज्यादा से ज्यादा नुकसान पहुंचाने के इरादे से किया गया एक आत्मघाती हमला हो सकता है। जांच एजेंसियां सोशल मीडिया गतिविधियों पर भी नजर रख रही हैं और दिल्ली भर के कई स्थानों से मोबाइल फोन का डंप डेटा इकट्ठा कर रही हैं।

## लाल किला धमाके के जवाब में जैश-ए-मोहम्मद का पूरा मॉड्यूल ध्वस्त

### 3000 किलो विस्फोटक बरामद, आतंकी साजिश बेनकाब

नई दिल्लीः लाल किला ब्लास्ट के बाद भारत ने आतंक के खिलाफ अपनी सबसे बड़ी कार्रवाई की है. एनआईए, एनएसजी और खुफिया एजेंसियों के संयुक्त ऑपरेशन में जैश-ए-मोहम्मद के उस पूरे मॉड्यूल का पदार्फाश हो गया है जो दिल्ली धमाके के पीछे था. यह कार्रवाई भारत की zero tolerance against terror नीति की सबसे बड़ी मिसाल मानी जा रही है. जांच में सामने आया कि धमाके की जड़ जम्मू-कश्मीर के नौगाम इलाके में मिलीं. यहां 19 अक्टूबर 2025 को कुछ उत्तेजक पोस्टर्स मिले, जिन पर एफआईआर दर्ज हुई और जांच शुरू हुई. इसके बाद गिरफ्तारी का सिलसिला तेज हुआ. 20 से 27 अक्टूबर के बीच मौलवी इरफान अहमद वाघे (शोपियां) और जमीर अहमद (गांदरबल) को गिरफ्तार किया गया. 5 नवंबर को डॉ. अदील को सहारनपुर से पकड़ा गया.

7 नवंबर को अनंतनाग हॉस्पिटल से अक-56 राइफल और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया. 8 नवंबर को हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह मेडिकल कॉलेज में छापेमारी हुई, जहां से पिस्टल, विस्फोटक और डिटोनेटर मिले. पूछताछ में खुलासा हुआ कि इस मॉड्यूल में कई मेडिकल प्रोफेशनल्स शामिल हैं. इन्हीं में से एक डॉ. मुजम्मिल को गिरफ्तार किया गया.

## भारी उतार-चढ़ाव के बीच शेयर बाजार हरे निशान में बंद, सेंसेक्स 335 अंक चढ़ा

भारी उतार-चढ़ाव के बीच भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार की तेजी में सबसे अधिक योगदान आईटी, मेटल और ऑटो सेक्टर ने दिया।

दिन के दौरान सेंसेक्स ने 83,936.47 का उच्चतम स्तर और 83,124.03 का न्यूनतम स्तर छुआ और 335.97 अंक या 0.40 प्रतिशत बढ़कर 83,871.32 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी ने 25,715.80 के उच्चतम स्तर और 25,449.25 के न्यूनतम स्तर को छुआ और 120.60 अंक या 0.47 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,694.95 पर था।

सेंसेक्स पैक में बीईएल, एमएंडएम, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक, इटरनल,



इन्फोसिस, भारती एयरटेल, सन फार्मा, एलएंडटी, एचयूएल, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी और एनटीपीसी टॉप गेनर्स थे। बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, कोटक महिंद्रा बैंक, पावरग्रिड और टाटा स्टील लूजर्स थे। लार्जकैप की तुलना में मिडकैप और स्मॉलकैप का प्रदर्शन मिलाजुला रहा। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 302.75 अंक या 0.50 प्रतिशत की तेजी के साथ 60,427 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 37.20 अंक या 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,101.40 पर था।

बाजार के जानकारों ने कहा कि दिल्ली ब्लास्ट की चिंताओं के चलते घरेलू शेयर बाजार लाल निशान में खुला। हालांकि, मजबूत वैश्विक संकेतों और अमेरिका में शटडाउन समाप्त होने के चलते बाजार में रिकवरी देखने को मिली है। वहीं, दूसरी तिमाही के नतीजे उम्मीद से बेहतर आने के कारण बाजार में तेजी देखी जा रही है।

उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में निवेशकों का फोकस महंगाई के आंकड़ों पर होगा, जिससे बाजार की आगे की दिशा तय होगी। भारतीय शेयर बाजार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई थी। सुबह 9:32 पर सेंसेक्स 191 अंक या 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,332 और निफ्टी 55 अंक या 0.22 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,518 पर था।

### उत्तराखंड कांग्रेस में नई जान फूंकने की कोशिश

कांग्रेस हाईकमान ने उत्तराखंड में बड़ा संगठनात्मक बदलाव करते हुए गणेश गोदियाल को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है. मंगलवार को एआईसीसी



महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इसकी औपचारिक घोषणा प्रेस विज्ञप्ति के जरिए की.

## एकमात्र सर्वे जो बिहार में बना रहा महागठबंधन सरकार, चौंका रहा एग्जिट पोल का आंकड़ा

समाज जागरण

पटना. बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजों से पहले अनेकों एजेंसियों एग्जिट पोल बीच एक आंकड़ा सबसे अलग है. अब तक आए 10 प्रमुख सर्वे एजेंसियों के बीच 'जर्नो मिरर' एकमात्र ऐसा पोल है जिसने बिहार में महागठबंधन की सरकार बनती हुई दिखाई है. जबकि लगभग सभी अन्य एग्जिट पोल्स में एनडीए को स्पष्ट बहुमत या बढ़त दिखाई जा रही है. 'जर्नो




मिरर' के मुताबिक, महागठबंधन को 130 से 140 सीटें, एनडीए को 100 से 110 सीटें, AIMIM को 3 से 4 सीटें और अन्य को 0 से 3 सीटें मिलने का अनुमान है. यानी सर्वे के अनुसार आरजेडी-कांग्रेस-लेफ्ट गठबंधन बहुमत के आंकड़े (122) को आराम से पार करता दिख रहा है.

'जर्नो मिरर' का दावा है कि यह सर्वे 38 जिलों के 150 विधानसभा क्षेत्रों में 15 हजार से अधिक मतदाताओं की राय के आधार पर तैयार किया गया है. इसमें ग्रामीण और शहरी इलाकों दोनों की नब्ज को शामिल किया गया है. सर्वे टीम से मिली जानकारी के अनुसार 'जर्नो मिरर' के दावे में बताया गया है कि महागठबंधन को बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य और महंगाई जैसे मुद्दों पर जनता का समर्थन मिला है, जबकि एनडीए को सत्ता विरोधी लहर का कुछ असर झेलना पड़ा है. इसके उलट, टीवी चैनलों और प्रमुख सर्वे एजेंसियों में एनडीए को 133 से 167 सीटें तक दी गई हैं. यानी इन पोल्स में मोदी-नीतीश की जोड़ी एक बार फिर सत्ता में लौटती दिख रही है.

## यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में वास्तविक औद्योगीकरण सुनिश्चित करने के लिए नियामक उपाय सुझाए गए

### औद्योगिक भूखंडों के 5-7 वर्ष तक हस्तांतरण पर रोक का प्रस्ताव

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 11 नवम्बर, 2025। यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने और भूमि आवंटन के उद्देश्य को साकार करने के लिए नए नियामक उपायों पर विचार करने का सुझाव प्राधिकरण को दिया गया है।

श्री अनिल गर्ग वरिष्ठ नागरिक अधिवक्ता एवं समाजसेवी (राइज) ने अनुरोध किया है कि निर्माण पूरा होने और संचालन शुरू होने के बाद औद्योगिक भूखंडों के हस्तांतरण पर 5-7 वर्ष तक रोक लगाई जाए। यह कदम अटकलबाजी को रोकने और आवंटियों को वास्तविक



औद्योगिक उद्देश्यों के लिए भूखंड का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए है।

जानकारी के अनुसार, वर्तमान में कई आवंटितकर्ता बिना उद्योग स्थापित किए भूखंडों को अत्यधिक प्रीमियम पर बेच रहे हैं, जिससे भूमि आवंटन का मूल उद्देश्य प्रभावित हो रहा है। इससे

*-औद्योगिक भूखंडों के सही उपयोग और वास्तविक औद्योगीकरण को बढ़ावा देने हेतु उपाय सुझाए गए।*
*-प्रस्तावित रोकः निर्माण पूरा होने और संचालन शुरू होने के बाद 5-7 वर्षों तक भूखंड हस्तांतरण पर रोक।*
*-उपाय का उद्देश्यः अटकलबाजी रोकना और भूखंडों का वास्तविक औद्योगिक उपयोग सुनिश्चित करना।*
*-वर्तमान समस्याः अनियंत्रित भूखंड व्यापार और अत्यधिक प्रीमियम पर बिक्री।*
*-अपेक्षित परिणामः औद्योगिक निवेश में वृद्धि और भूखंडों का सही उपयोग।*
*-प्राधिकरण से अनुरोधः जनहित में शीघ्र निर्णय लें और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें।*

वास्तविक औद्योगिकों के लिए भूखंडों की कीमतें बढ़ रही हैं और औद्योगिक विकास सुस्त पड़ रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह कदम लागू किया गया, तो इससे यथार्थ औद्योगीकरण और निवेश को बढ़ावा मिलेगा, और औद्योगिक भूमि का सही और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित होगा।

## आईएमएस में एंटरप्रन्योरशिप वर्कशॉप का आयोजन

समाज जागरण

नोएडा। सेक्टर 62 स्थित आईएमएस नोएडा में उद्यमिता पखवाड़ा के अंतर्गत एंटरप्रन्योरशिप वर्कशॉप का आयोजन हुआ। मंगलवार को कार्यक्रम के दौरान बतौर वक्ता एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई अहमदाबाद) के एसोसिएट प्रोफेसर गोपाल कुमार रॉय एवं डॉ. राजीव शर्मा ने अपने विचार प्रकट किए। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों में उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित करना और उन्हें नवाचार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना है।

कार्यशाला के दौरान प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों को नवाचारपूर्ण सोच विकसित करने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने की दिशा में प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में उद्यमशीलता की भावना को प्रज्वलित करते हैं, जिससे वे भविष्य में रोजगार पाने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बन सकें।

वहीं डीन (एकेडेमिक्स) प्रोफेसर (डॉ.) नीलम



सक्सेना ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युग नवाचार और उद्यमिता का है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे ऐसे अवसरों का पूरा लाभ उठाकर अपनी उद्यमशील क्षमताओं को पहचानें, नए विचारों पर कार्य करें और उन्हें वास्तविक स्वरूप देने का साहस दिखाएं। प्रो. सक्सेना ने कहा कि प्रत्येक छात्र के भीतर एक संभावित उद्यमी छिपा होता है, जिसे सही दिशा और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। ऐसे आयोजन छात्रों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनने की प्रेरणा देते हैं।

कार्यक्रम के दौरान ईडीआईआई अहमदाबाद के एसोसिएट प्रोफेसर श्री गोपाल कुमार रॉय एवं डॉ. राजीव शर्मा ने छात्रों के साथ अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए। दोनों वक्ताओं ने छात्रों को सफल उद्यमी बनने के लिए आवश्यक गुणों, योजनाओं, रणनीतियों और व्यावहारिक अनुभवों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उद्यमिता केवल व्यवसाय शुरू करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सोच और दृष्टिकोण है, जो व्यक्ति को चुनौतियों को अवसरों में बदलने की क्षमता प्रदान करता है। वक्ताओं ने छात्रों को जोखिम उठाने, नवाचार अपनाने, टीम वर्क और निरंतर सीखने जैसे गुणों को अपने जीवन में शामिल करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने सफल उद्यमियों के उदाहरणों के माध्यम से यह समझाया कि दृढ़ निश्चय और सही दिशा में प्रयास से कोई भी छात्र अपने सपनों को साकार कर सकता है।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर जल्द सहमति की उम्मीद, ट्रंप बोले–'हम बहुत करीब हैं'

**एक भारतीय अधिकारी ने भी ऐसी ही उम्मीद जताते हुए संकेत दिया कि बातचीत के एक और दौर की शायद जरूरत नहीं होगी**

समाज जागरण

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका और भारत 'वाजिब व्यापार समझौते' पर पहुंचने के काफी करीब हैं। इधर, एक भारतीय अधिकारी ने भी ऐसी ही उम्मीद जताते हुए संकेत दिया कि बातचीत के एक और दौर की शायद जरूरत नहीं होगी। उक्त अधिकारी ने कहा कि व्यापार वार्ता सकारात्मक रही है और इस पर अच्छी प्रगति हुई है। दोनों देश एक व्यापक समझौते पर बातचीत कर रहे हैं जो विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मानदंडों के अनुरूप है।

अधिकारी ने कहा, 'हम अब अमेरिका के जवाब का इंतजार कर रहे हैं, उन्हें हमसे संपर्क करना होगा। भारत के साथ बातचीत किसी भी अन्य देश की तुलना में सबसे व्यापक और विश्व व्यापार संगठन के सबसे ज्यादा अनुरूप रही है।' उन्होंने कहा कि भारत ने बातचीत के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों को ध्यान में रखा है।

अब तक दोनों देशों के बीच पांच दौर की बातचीत हो चुकी है और आमने-सामने की आखिरी बातचीत पिछले महीने वाशिंगटन में संपन्न हुई थी। इस दौर की समाप्ति के बाद एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा था कि भारत और अमेरिका व्यापार समझौते के बेहद करीब हैं तथा ज्यादातर मुद्दों पर दोनों पक्षों में सहमति है। दोनों पक्षों ने प्रस्तावित समझौते की कानूनी भाषा पर भी काम करना शुरू कर दिया है।

# ज्ञान के वृहद् स्वरूप राष्ट्र का वैशिवक स्वरूप ’

**( राष्ट्र की उन्नति में शिक्षा,ज्ञान की भूमिका)**

यह सर्वविदित है कि इतिहास का पन्ना पलटें तो हर सभ्यता ने अपने कई कई रूप बदले हैं’ संस्कृति ने नए नए नए आयाम का सृजन किया है’ वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप है’ यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है’ जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगी’ मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा है’ शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है’ शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है’



शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैं’ शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया है’ वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती है’ पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है’ यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया है’ शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है’ हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है’

दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है ’ राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफ अग्रसर हुए हैं वह अत्यंत उल्लेखनीय है’ भारतीय सभ्यता समाज और संस्कृति जितनी जटिल तथा गूढ है उसको जितना समझा जाए, उसका जितना अध्ययन किया जाए तो उससे नवीन बातें समझ में आती है, और उसके नए नए अर्थ हमारे सामने आते हैं, जिसका बहु आयामी उपयोग हम अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करने के लिए सदैव कर सकते हैं। स्वतंत्रता के बाद तो भारत देश ने ज्ञान भाषा तथा संस्कृति में अनेक परिवर्तन किए गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू, बाल गंगाधर तिलक, सुभाष चंद्र बोस आदि ने अपनी किताबों में नव परिवर्तन के नए-नए आयामों तथा जीवन शैली के सत्य के साथ प्रयोग को एक नया आयाम दिया है और भारत देश को नए स्वरूप में विश्व में पहचान दिलाई है। पाश्चात्य ज्ञान से हमें अपने आडंबर एवं अंधविश्वास तथा शिक्षा पर विजय प्राप्त करने में काफी मदद प्राप्त हुई है। भारतीय संस्कृति की कई भ्रांतियों को भी हमने ज्ञान तथा भाषा के नवीन प्रयोगो से समाज से दूर किया है।

दिन प्रतिदिन जीवन की कार्यशैली में हम यह महसूस करते हैं कि शिक्षा भाषा तथा ज्ञान हमें यह महसूस कर आते हैं कि हम अभी तक कितने पीछे हैं एवं हमें कितने ज्ञान की और आवश्यकता है। हालांकि ज्ञान का कोई और झोर नहीं होता, ज्ञान तथा भाषा एक समृद्ध भंडार है, उसमें आप जितना सीख सकते हैं ज्ञान ले सकते हैं वह अत्यंत लघु होता है। तो हमेशा हमें यह प्रयास करना चाहिए कि हम पल प्रतिपल कुछ ना कुछ हर व्यक्ति, हर समाज, हर सभ्यता से सीखने का प्रयास करें ,क्योंकि ज्ञान भाषा एवं संस्कृति हमें सदैव समृद्ध विकासशील एवं परिवर्तनशील बनाती है और परिवर्तनशील जीवन ही एक नई ऊर्जा, आशा और विकास को जन्म देती है।

**संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

# जब शिव बने कालभैरव : अहंकार के अंत की कथा

## कालभैरव जयंती पर विशेष लेख

**– महेन्द्र तिवारी**

भारतीय संस्कृति में समय को केवल भौतिक या कालगत तत्व नहीं माना गया, बल्कि उसे चेतना का रूप कहा गया है—जो सृजन और विनाश दोनों का नियंत्रण करता है। इसी समय का प्रतीक हैं भगवान कालभैरव, जो भगवान शिव का रौद्र और न्यायप्रिय स्वरूप हैं। हर वर्ष मार्गशीर्ष मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाने वाली कालभैरव जयंती हमें यही स्मरण कराती है कि जीवन और जगत में सबसे बड़ी शक्ति समय ही है—जो न्याय करता है, असत्य का विनाश करता है और धर्म की रक्षा करता है। वर्ष 2025 में यह पर्व 12 नवंबर को मनाया जाएगा।




पौराणिक कथाओं में कहा गया है कि एक बार ब्रह्मा, विष्णु और महेश के बीच श्रेष्ठता का विवाद हुआ। ब्रह्मा जी ने अहंकारवश भगवान शिव का अपमान किया। तभी शिव के क्रोध से कालभैरव उत्पन्न हुए और उन्होंने ब्रह्मा का पंचम सिर काटकर उनके अहंकार का अंत किया। इस घटना ने यह सिखाया कि ज्ञान और सृजन के देवता भी जब अहंकार में अंधे हो जाते हैं, तब न्याय का काल स्वयं प्रकट होता है। कालभैरव को उसी न्याय और समय के देवता के रूप में पूजा जाता है। वाराणसी में उन्हें कोतवाल देव कहा जाता है—जहाँ वे धर्म के प्रहरी और न्याय के रक्षक माने जाते हैं।

कालभैरव का अर्थ है ह्यभय का नाश करने वालाह्व। लेकिन उनका यह रूप केवल भय उत्पन्न करने के लिए नहीं, बल्कि अनुशासन और सतर्कता का प्रतीक है। भैरव का रौद्र भाव मनुष्य के भीतर के असंतुलन, लालच, अन्याय और दंभ को तोड़ता है। यही कारण है कि कालभैरव की उपासना हमें भय से नहीं, बल्कि आत्मबल से जोड़ती है। उनका दर्शन हमें यह सिखाता है कि जीवन का हर क्षण समय के अधीन है, और समय से बड़ा कोई नहीं। इसलिए धर्म का पालन ही आत्मशांति का मार्ग है। कालभैरव जयंती का धार्मिक महत्व गहरा है, पर इसकी दार्शनिक गहराई और भी व्यापक है। यह पर्व केवल भगवान शिव की आराधना नहीं, बल्कि उस न्याय और सत्य के प्रति समर्पण है जो समय स्वयं करता है। कालभैरव जयंती हमें चेतावनी देती है कि अहंकार और अन्याय का अंत निश्चित है। यह दिन आत्ममंथन का दिन है—जब हम यह सोचते हैं कि क्या हम धर्म और सत्य के मार्ग पर हैं या नह-ीं।

इस दिन भक्त उपवास रखते हैं, काले वस्त्र धारण करते हैं और कालभैरव की पूजा करते हैं। पूजा में काले तिल, उड़द की दाल, सरसों के तेल का दीपक, बेलपत्र और नारियल का प्रयोग किया जाता है। ह्यॐ कालभैरवाय नमःह्व या ह्यॐ ह्रीं बटुकाय आपदुद्धारणाय कुरु कुरु बटुकाय नमःह्व जैसे मंत्रों का जाप कर व्यक्ति अपने भीतर के भय को शांति में बदलता है। यह पूजा केवल अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मानुशासन का प्रतीक है। रातभर जागरण और भजन-कीर्तन के माध्यम से व्यक्ति अपने मन की अंधकारमय परतों से मुक्त होने का प्रयास करता है। कालभैरव जयंती का एक मानवीय पक्ष भी है। इस दिन काले कुत्ते को भोजन कराना शुभ माना जाता है, क्योंकि वह भगवान कालभैरव का वाहन है। लेकिन इसका भावार्थ यह है कि धर्म केवल देवताओं की पूजा में नहीं, बल्कि दया और सेवा में भी है। जब हम किसी प्राणी को भोजन कराते हैं, तो हम अपने भीतर के करुणाभाव को जागृत करते हैं। यही करुणा धर्म की जड़ है।

आज के समय में कालभैरव जयंती की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है। यह युग अहंकार, अन्याय और अधैर्य का युग है—जहाँ समय का सम्मान कम और तात्कालिक लाभ का आकर्षण अधिक है। कालभैरव हमें सिखाते हैं कि समय को जीतना असंभव है, लेकिन समय के साथ चलना ही समझदारी है। वे हमें स्मरण कराते हैं कि जो समय का आदर करता है, वही न्याय और धर्म के मार्ग पर टिक सकता है। उनकी आराधना का अर्थ है—अपने भीतर के भय, लालच और असत्य से मुक्त होना।

भय और विनाश के इस प्रतीक रूप में भी एक गहरा संतुलन छिपा है। शिव के अन्य रूप जहाँ करुणा, प्रेम और सृजन के प्रतीक हैं, वहीं कालभैरव वह शक्ति हैं जो अनुशासन, न्याय और भय के माध्यम से संतुलन बनाए रखते हैं। उनका संदेश यह है कि बिना भय के कोई व्यवस्था टिक नहीं सकती और बिना करुणा के कोई भय पवित्र नहीं होता। धर्म का संतुलन इन्हीं दो ध्रुवों के बीच है।

सोशल मीडिया और डिजिटल युग में जब भक्ति भी दिखावे और प्रतिस्पर्धा में बदलती जा रही है, तब कालभैरव जयंती जैसे पर्व हमें भीतर झाँकने का अवसर देते हैं। यह पर्व हमें बताता है कि वास्तविक पूजा किसी बाहरी प्रदर्शन में नहीं, बल्कि भीतर के अनुशासन, संयम और सत्य की साधना में है। कालभैरव की आराधना उस चेतना का आह्वान है जो हमें समय के न्याय के प्रति सजग रखती है।

अंततः, कालभैरव जयंती भय का नहीं, बल्कि जागृति का पर्व है। यह हमें सिखाती है कि समय को केवल घड़ी की टिक-टिक में नहीं, अपने कर्मों की दिशा में महसूस किया जाए। जब हम धर्म, सत्य और न्याय के साथ चलते हैं, तब समय हमारे पक्ष में होता है। लेकिन जब हम अहंकार और अन्याय में उलझते हैं, तब वही समय कालभैरव बनकर हमारा परीक्षण करता है। यही इस पर्व का सार है—कि भय नहीं, बल्कि आत्मसजगता ही सच्चा धर्म है।

# 70 साल में भी वेस्ट यूपी नही बनी हाईकोर्ट बेंच



पश्चिमी उत्तर प्रदेश (वेस्ट यूपी) में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एक बेंच स्थापित करने की मांग एक बहुत पुराना और लगातार जारी रहने वाला आंदोलन है। लगभगे 70 साल पुरानी यह` मांग केवल एक प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि क्षेत्रीय न्याय, सामाजिक न्याय और राजनीतिक प्रतिनिधित्व की एक गहरी पुकार है। इस आंदोलन के कामयाब न होने की खास बात यह है कि आंदोलनरत वकील आदोलन से जनता को नही जोड़ सके। वह यह बताने में और जनता में मन में बैठाने में असफल रहे कि हाईकार्ट की बैंचे पश्चिम उत्तर प्रदेश में बनने से यहों के रहने वालों को क्या लाभ होगा?

1948 में, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ स्थापित की गई थी, लेकिन पश्चिमी यूपी को इससे कोई राहत नहीं मिली, क्योंकि लखनऊ भी इस क्षेत्र से काफी दूर था। वैसे 1955 की विधि आयोग की सिफारिशों ने इस आंदोलन को एक नई दिशा दी। आयोग ने सिफारिश की थी कि उच्च न्यायालय की बेंच उन क्षेत्रों में स्थापित की जानी चाहिए, जहाँ से दूरी अधिक है। साले 1955 में तत्कालीन मुख्यमंत्री संपूणानंद ने मेरठ में हाईकोर्ट बेंच स्थापित करने की सिफारिश की । वर्षे 1976 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी की सरकार ने केंद्र को खंडपीठ स्थापित किए जाने का प्रस्ताव भेजा । जनता पार्टी के शासन में राम नरेश यादव की सरकार ने भी इस मांग पर मुहर लगाई और पश्चिमी यूपी में हाईकोर्ट बेंच स्थापित करने के प्रस्ताव को कर उसे केंद्र सरकार को भेजा। बनारसीदास सरकार एवं बाद में पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के कार्यकाल में भी एक प्रस्ताव पारित कर हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को संस्तुति प्रदान की गई । प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया।

1970 और 1980 के दशक में, यह आंदोलन और भी जोर पकड़ने लगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के वकीलों ने हड़तालों और विरोध प्रदर्शनों के माध्यम से इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया। किसान नेता चौधरी चरण सिंह, मुलायम सिंह यादव और अजित सिंह जैसे नेताओं ने भी इस मांग को अपना समर्थन दिया। इससे यह मांग राजनीतिक मुद्दा बन जरूर बन गई किंतु नेताओं की इच्छा शक्ति के अभाव में और इलाहाबाद के वकीलों के दबाव में कभी पूरी नही हुई। आज भी, पश्चिमी यूपी के कई संगठन और बार एसोसिएशन इस मुद्दे पर नियमित रूप से आंदोलन करते रहते हैं।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों जैसे मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर और मथुरा से इलाहाबाद की दूरी 500 से 700 किलोमीटर है। इस लंबी दूरी के कारण मुवक्किलों और वकीलों को अत्यधिक समय, धन और ऊर्जा खर्च करनी पड़ती है। गरीबी और संसाधनों की कमी वाले लोगों के लिए यह एक बड़ा बोझ बन जाता है।इलाहाबाद में एक मुकदमे के लिए जाने का मतलब है, न केवल यात्रा का खर्च, बल्कि वहाँ रहने और खाने का भी खर्च। इसके अलावा, वकीलों की फीस भी अधिक होती है। यह सब मिलकर गरीब और मध्यम वर्ग के लिए न्याय को बहुत महंगा बना देता है।एक बात और इलाहाबाद की जगह यदि पश्चिम उत्तर प्रदेश को लखनऊ` खंड पीठ से संबद्ध कर दिया जाता, तब भी दूरी दौ सौ किलोमीटर के आसपास कम हो जाती। लखनऊ पश्चिमे उत्तर प्रदेश के नजदीक पड़ता है किंतु ऐसा भी नही किया गया।इलाहाबाद उच्च न्यायालय में पहले से ही मुकदमों का भारी बोझ है। पश्चिमी यूपी से आने वाले मामलों की बड़ी संख्या के कारण, न्याय में और अधिक देरी होती है। एक बेंच की स्थापना से मामलों का तेजी से निपटारा हो सकेगा, जिससे न्यायपालिका पर दबाव कम होगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश एक आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जिसे अक्सर "भारत का चीनी का कटोरा" कहा जाता एक हाईकोर्ट बेंच की स्थापना से इस क्षेत्र की न्यायिक और राजनीतिक पहचान मजबूत होगी, और यह एक आत्मनिर्भर केंद्र बन सकेगा।

वर्तमान में भी यह आंदोलन जारी है, हालाँकि इसने कई बार धीमी गति पकड़ी है।1981 से` वकीलों के संगठन नियमित रूप से प्रत्येक शनिवार को हड़ताल करते हैं, वे धरने देते रहतें हैं, और ज्ञापन सौंपते हैं। हालांकि, इस आंदोलन को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस आंदोलन के सामने सबसे बडी चुनौती है कि` किसी भी राजनीतिक दल ने इस मुद्दे को पूरी गंभीरता से नहीं लिया है। केंद्र और राज्य सरकारें इस मांग को टालती रही हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वकील इस मांग का विरोध करते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि एक बेंच की स्थापना से उनका काम और आय प्रभावित होगी। सरकार का तर्क है कि एक बेंच की स्थापना से प्रशासनिक जटिलताएँ बढ़ेंगी और यह एक आर्थिक बोझ होगा। इसके अलावा, सरकार अक्सर इस मुद्दे को भविष्य के लिए टाल देती है।एक मजबूत और एकीकृत नेतृत्व की कमी ने इस आंदोलन को कमजोर किया है। अलग-अलग संगठन अपने-अपने तरीके से आंदोलन चला रहे हैं, जिससे एकता नहीं बन पाती।

हाल में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट की बेंच स्थापना के लिए सांसद अरुण गोविल मुखर हो गए हैं। मेरठ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने यह मांग उठाने के बाद सांसद अब अधिवक्ताओं की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कराएंगे। इसके लिए सांसद ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर अधिवक्ताओं के लिए मिलने का समय मांगा है।

सांसद ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की लगभग छह करोड़ आबादी को सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। महाराष्ट्र जैसे राज्यों में उच्च न्यायालय की चार बेंच हैं।मध्य प्रदेश में दो बेंच हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश इतना बड़े होने के बाद भी यहां उच्च न्यायालय की एक पीठ है। इससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए न्याय प्राप्त करना मुश्किल है। सांसद ने कहा कि यहां बेंच मिलने से कम समय में न्याय मिलेगा और धन की भी बचत होगी।एक हाईकोर्ट बेंच की स्थापना से न केवल पश्चिमी यूपी के लोगों को न्याय तक पहुँचने में आसानी होगी, बल्कि यह पूरे राज्य की न्याय प्रणाली को मजबूत करेगा। यह आवश्यक है कि सरकार, न्यायपालिका और सभी हितधारक मिलकर इस मुद्दे का समाधान निकालें। पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में बॉम्बे हाईकोर्ट की एक नई पीठ ओर राज्य में चौथी हाईकोर्ट बेंच के गठन की अधिसूचना एक अगस्त को जैसे ही` जारी हुई यूपी के मेरठ में सरगर्मियां बढ़ गई। “पश्चिम उत्तर प्रदेश हाईकोर्ट बेंच केंद्रीय संघर्ष समितिने तुरंत वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए पश्चिमी यूपी के 22जिलों के बार अध्यक्षों और महामंत्री के साथ बैठक की. समिति के पदाधिकारियों ने सरकार से सवाल किया कि जब कोल्हापुर में बॉम्बे हाईकोर्ट की चौथी बेंच खुल सकती है तो यूपी के मेरठ में हाईकोर्ट की तीसरी बेंच क्यों नहीं स्थापित हो सकती? मेरठ में हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर पश्चिमी यूपी के वकीलों ने चारे अगस्त को हड़ताल कर प्रदर्शन किया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना का आंदोलन पिछले लगभग 70 साल से जारी है। कब तक जारी रहेगा, यह भी नही कहा जा सकता।इतना जरूर कहा जा सकता है कि लगभगे 70 साल चलने वालो यह आंदोलन लंबी अवधि तक चलने वाले आंदोलनों में जरूर दर्ज हो गया है।

**अशोक मधुप**
**(लेखक वरिष्ठे पत्रकार हैं)**

## करों विभीषणों की खोज...!

अब करों देश के विभीषणों की खोज,
यारों बहुत ज्यादा करी है इन्होंने मौज।
बहुत सह ली हैं देश ने नापाक हरकतें,
ना जाने कितने सीमा पर भी मर मिटे।

धमाकों से 'दहशत' फैला रहा पड़ोसी,
किस-किसकी नियत में है खोट कैसी।
नहीं पता चलता बात हैं जैसे जरा-सी,
देश के गद्दारों की अब तो हो निकासी।

यूं खूब लगेगी निदोर्षों की बद-दुआएं,
अब तो यहीं नामाकूल पाएंगे सजाएँ।
बिन वजह बहाया लहू हुई मिट्टी लाल,
बच न पाए कोई आँका आएगा काल।
(संदर्भ-लाल किले के पास धमाका)



संजय एम. तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)

# अमेरिकी शुल्क पर विवाद: न्यायालय के भरोसे न रहे भारत

*अमेरिका में चल रहा यह आंतरिक विवाद जाहिर तौर पर शेष विश्व की रुचि का विषय है। खासतौर पर वे देश जहां की अर्थव्यवस्थाएं अपेक्षा से अधिक शुल्क दर से बेहाल हैं*

अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय ने उस मामले में सुनवाई तेज कर दी है जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के अमेरिका के व्यापारिक साझेदारों पर एकतरफा शुल्क लगाने के अधिकार को चुनौती दी गई है। आमतौर पर न्यायालय लंबे समय तक सुनवाई करता है और गर्मियों में अपना निर्णय देता है। परंतु ऐसा लगता है कि इस मामले की सुनवाई जल्दी निपट जाएगी।

पिछले सप्ताह न्यायालय में बहस का जो दौर चला उसमें उन वकीलों की स्थिति मजबूत नहीं दिख रही थी जो कार्यपालिका को शुल्क तय करने का अधिकार देने वाले 1977 की एक व्यवस्था का बचाव कर रहे थे। यह कहता है कि आपातकालीन व्यापार उपायों को विधायिका के पास भेजने की आवश्यकता नहीं है।

संवैधानिक रूप से, शुल्क और सभी प्रकार के कर लगाने का अधिकार संयुक्त राज्य अमेरिका की कांग्रेस के पास सुरक्षित है, लेकिन ट्रंप ने इस दशकों पुराने आपातकालीन अधिकार का उपयोग करके अमेरिका की लंबे समय से चली आ रही व्यापार नीति को प्रभावी रूप से पलट दिया है।

विभिन्न वजहों से सर्वोच्च न्यायालय की पीठ के 9 न्यायाधीशों में से अधिकांश इस कदम को लेकर आशंकित हैं। इनमें से कई तो स्वयं ट्रंप द्वारा नियुक्त किए गए हैं। निश्चित तौर पर राष्ट्रपति, खुद भी थोड़े असहज नजर आ रहे हैं। रविवार को उन्होंने अपने सोशल नेटवर्क ट्रुथ सोशल पर अपनी शुल्क नीति की आलोचना करने वालों को ‘मूर्ख’ घोषित किया जो यह नहीं मानते हैं कि अमेरिका अब दुनिया का ‘सबसे अमीर, सबसे सम्मानित देश है जहां न के बराबर मुद्रास्फीति है और जिसके शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर हैं।’

उन्होंने यह भी कहा, ‘केवल शुल्क के कारण ही अमेरिका में खूब कारोबार आ रहे हैं”। उन्होंने प्रश्न किया कि उनके वकीलों ने सर्वोच्च न्यायालय को यह बताया या नहीं। अमेरिका में चल रहा यह आंतरिक विवाद जाहिर तौर पर शेष विश्व की रुचि का विषय है। खासतौर पर वे देश जहां की अर्थव्यवस्थाएं अपेक्षा से अधिक शुल्क दर से बेहाल हैं।

यह किसी से छिपा हुआ नहीं है कि यूरोप समेत उनमें से कुछ इस बात से खुश होंगे कि असमान व्यापारिक रिश्ते और शुल्क थोपने की शक्ति राष्ट्रपति के हाथों से छिनकर वापस कांग्रेस के पास चली जाए जिसके साथ कम से कम लॉबीइंग की जा सकेगी और दबाव बनाया जा सकेगा। बहरहाल भारत इस चर्चा में एक खास मुकाम पर है। हमारा देश उन देशों में शामिल है जिन पर सबसे अधिक शुल्क दर थोपी गई है। इसके अलावा भारत उन देशों में से एक है जो एक ऐसे व्यापार समझौते को लेकर ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सके हैं जो उन शुल्क दरों को घटाने या उनके प्रभाव को कम करने की इजाजत दे सके। ऐसे में यह संभव होगा कि अंतिम समझौते को टाल दिया जाए। इस उम्मीद में कि सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय आने के बाद शायद ऐसा कोई समझौता करने की जरूरत ही न पड़े।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# राष्ट्रीय महिला आयोग "आपके द्वार" – 13 व 14 नवम्बर को होगी दो दिवसीय महिला जनसुनवाई

गौतमबुद्धनगर, 11 नवम्बर (समाज जागरण)। महिलाओं की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित समाधान के उद्देश्य से राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा "आपके द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। यह जनसुनवाई आगामी 13 और 14 नवम्बर 2025 को गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के ऑडिटोरियम में आयोजित होगी। कार्यक्रम प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होगा।

जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर ने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला आयोग की माननीय अध्यक्ष डॉ. विजय रहाटकर सहित आयोग की दो अन्य सदस्यगण भी उपस्थित रहेंगी। वे महिलाओं की विभिन्न शिकायतों, उत्पीड़न से संबंधित मामलों एवं सामाजिक-आर्थिक समस्याओं की सुनवाई कर त्वरित निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करेंगी।

उन्होंने बताया कि यह पहल महिलाओं को न्याय और सहायता देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। महिलाओं से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस जनसुनवाई का लाभ उठाएँ। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

# जनसुनवाई में प्राप्त गंभीर लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक संपन्न



(समाज जागरण)

गौतम बुद्ध नगर, 11 नवम्बर, 2025 । जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में जनसुनवाई के दौरान प्राप्त गंभीर एवं अति गंभीर लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनुराग सारस्वत ने बताया कि जनता दर्शन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु प्रेषित किया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विभिन्न विभागों में संपूर्ण 65 गंभीर और 5 अति गंभीर प्रकरण लंबित हैं। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारीगण लंबित प्रकरणों का गंभीरता से संज्ञान लें और शीर्ष प्राथमिकता पर जांच एवं कार्यवाही पूर्ण कर अपनी आख्या यथाशीघ्र प्रस्तुत करें, जिससे जन शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित हो सके।

बैठक में अपर जिलाधिकारी भू0-अ0 बच्चू सिंह, उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडेय, विवेक भदोरिया सहित पुलिस विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर।

# 17 नवम्बर को निकलेगी "फुटपाथ व्यापार बचाओ यात्रा", नोएडा से होगी शुरूआत

समाज जागरण

नोएडा। फुटपाथ व्यापारियों और पत्र विक्रेताओं के अधिकारों की रक्षा एवं जागरूकता के उद्देश्य से "फुटपाथ व्यापार बचाओ पद यात्रा" आगामी 17 नवम्बर 2025 को नोएडा से आरंभ होकर ग्रेटर नोएडा में समाप्त होगी। इस यात्रा का नेतृत्व श्री अख्तर हुसैन, लखनऊ टाउन वेंडिंग कमेटी सदस्य, एवं श्री रवि शंकर त्रिवेदी इलाहाबाद द्वारा किया जाएगा।



दोनों नेताओं ने बताया कि यह यात्रा फुटपाथ व्यापारियों और पत्र विक्रेताओं को उनके संवैधानिक अधिकारों, वेंडिंग नीति 2014 और स्थानीय निकायों द्वारा तय नियमों की जानकारी देने हेतु निकाली जा रही है। इसके अंतर्गत नोएडा और ग्रेटर नोएडा के प्रमुख बाजारों, सड़कों और चौकों पर जनसंवाद आयोजित किए जाएंगे, जहाँ व्यापारी भाइयों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

श्री अख्तर हुसैन ने कहा कि फुटपाथ व्यापारी शहर की आर्थिक धारा को गति देते हैं, लेकिन उन्हें बार-बार विस्थापन और उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। इस यात्रा के माध्यम से सरकार और प्रशासन तक उनकी आवाज पहुँचाने का प्रयास किया जाएगा।

वहीं, श्री रवि शंकर त्रिवेदी ने कहा कि यह यात्रा फुटपाथ व्यापारियों की एकता और सम्मान की प्रतीक बनेगी।

इस अवसर पर अनेक व्यापारी संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक पद यात्रा में शामिल होंगे। ग्रेटर नोएडा पहुंचने पर यात्रा का समापन एक विशाल जनसंवाद एवं ज्ञापन कार्यक्रम के साथ किया जाएगा।

# शहीदी दिवस के अवसर पर लोनी में निकली भव्य शांति शोभायात्रा

समाज जागरण

लोनी, 11 नवम्बरः परम पूज्य महराज दर्शन दास जी के शहीदी दिवस के पावन अवसर पर मंगलवार को एक भव्य शांति यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का उद्देश्य समाज में शांति, एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलाना तथा महराज जी के त्याग, सेवा और मानवता के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाना रहा।



शांति यात्रा श्री सचखंड नानक धाम से प्रारंभ होकर क्षेत्र के मुख्य मार्गों से होती हुई श्री सचखंड नानक धाम पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालु हाथों में शांति और भाईचारे के संदेश के बैनर लिए हुये थे। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सेवक और अनुयायी शामिल हुए जिन्होंने समाज में एकता और सौहार्द का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के दौरान संत-महात्माओं और धाम के प्रमुख सेवादारों ने महराज जी के जीवन और उनके मानवता-सेवा के कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महराज दर्शन दास जी का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा का स्त्रोत है, जिन्होंने समाज में धर्म, करुणा और समानता के मूल्यों को स्थापित किया।

कार्यक्रम के समापन पर सर्व धर्म प्रार्थना एवं विश्व शांति के लिए विशेष अरदास की गई। सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने महराज जी के दिखाए मार्ग पर चलने और समाज में प्रेम एवं सद्भाव फैलाने का संकल्प लिया।

सूत्रों के अनुसार 31 अक्टूबर से देश विदेश में शांति यात्रा और प्रभात फेरियों का आयोजन किया गया 11 नवमबर के दिन महंत जी ने अपनी शाहदत लंदन में दी थी।शांति यात्रा के बाद धाम में प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# *बेदौली कला के किसानों को दिया गया जैविक खेती का प्रशिक्षण

समाज जागरण रंजीत तिवारी

मिर्जापुर।। नमामि गंगे परियोजना से जुड़े बायोशर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आज विकासखंड पहाड़ी के बेदौली कला गांव में जैविक खेती किसान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो किसानों ने जैविक खेती की जानकारी ली। गगन यादव ने किसानों को जीवामृत और नीमास्त्र के बारे में जानकारी देते हुए किसानों को बताया कि वह जैविक खाद को अपना कर अपने उपज को बढ़ा सकते हैं। साथ ही खेत में कम हो रहे कार्बन की मात्रा को बढ़ाने के बारे में भी जोर दिया। किसान भाइयों को अपने साथ-साथ आसपास के किसानों को भी जैविक खेती के लिए प्रेरित करना चाहिए। राहुल पाण्डेय ने किसानों को फसल की बुवाई के पहले बीज को अच्छी तरह से शोधित करके ही बोने के



अपील की साथ ही केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाए जा रहे तमाम योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अंकित पाण्डेय ने डीकम्पोजर के उपयोग और उसके लाभ के बारे मे बताये। रासायनिक दवा और उर्वरक से खेत की मिट्टी पर पड़ रहे दुष्परिणाम के बारे में भी किसानों को विस्तृत में बताया गया।आज आयोजित हुए जैविक किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र के किसान ने जैविक खाद बनाने और जैविक खेती करने का भी संकल्प लिया।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति-शासी निकाय की बैठक सम्पन्न

(समाज जागरण)

गौतम बुद्ध नगर, 11 नवम्बर, 2025 । मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में आज विकास भवन के सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति-शासी निकाय की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों और सेवाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

डॉ. द्विवेदी ने कहा कि जनसामान्य को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि स्वास्थ्य सुविधाएं अंतिम व्यक्ति तक निर्बाध रूप से पहुंच सकें।



बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से आउटडोर मरीजों की स्थिति, संस्थागत प्रसव, टीबी उन्मूलन अभियान, यूपी हेल्थ डैशबोर्ड में जिले की रैंकिंग सुधार, ी-संजीवनी टेली मेडिसिन सेवा, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान, सैम बच्चों की पहचान एवं उपचार, ई-कवच ऐप, एनसीडी स्क्रीनिंग, एनआरसी केंद्रों के संचालन, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण अभियान, जननी सुरक्षा योजना तथा आयुष्मान कार्ड की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की।

मुख्य विकास अधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और कार्य प्रणाली को और सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए। उन्होंने सभी ब्लॉकों में डेटा वैलिडेशन बैठकें प्रभावी ढंग से आयोजित करने, ी-संजीवनी टेली कंसल्टेशन सेवाओं में सुधारात्मक कार्रवाई करने और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जनपद के सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों, राशनकार्ड डीलरों और शिक्षण संस्थानों में 70 वर्ष से अधिक आयु के पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन कर प्राथमिकता से आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुरक्षा योजना से वंचित न रहे।

बैठक में डीपीएम डॉ. मंजीत ने नवजात शिशु देखभाल सप्ताह (09 से 21 नवम्बर) की जानकारी दी, जिसमें कंगारू मदर केयर, स्तनपान, नवजात की सुरक्षित देखभाल तथा मातृ पोषण से संबंधित गतिविधियां सभी स्वास्थ्य इकाइयों में संचालित की जाएंगी। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय राणा, एसीएमओ डॉ. आर. के. सिरोहा, डिप्टी सीएमओ डॉ. उबेद कुरैशी, डीटीओ डॉ. आर. पी. सिंह, डीएमओ डॉ. श्रुति कीर्ति वर्मा, चिकित्साधिकारी प्रभारी, बीसीपीएम एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला खेल कार्यालय ने एथलेटिक्स और कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित कर खिलाड़ियों का किया चयन

(समाज जागरण) गौतम बुद्ध नगर, 11 नवम्बर 2025 । जिला खेल कार्यालय गौतम बुद्ध नगर के तत्वावधान में जिला स्तरीय सीनियर पुरुष कबड्डी चयन ट्रायल का आयोजन मलिकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम, ग्रेटर नोएडा में किया गया। ट्रायल में कुल छह खिलाड़ियों का चयन किया गया, जिनके नाम हैंः सचिन, प्रशांत, नागर, अंकुर, यथार्थ, आयुष गौर और कार्तिक शर्मा।

प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ. परवेज अली ने बताया कि चयनित खिलाड़ी 12 नवम्बर को क्षेत्रीय खेल कार्यालय मेरठ स्थित कैलाश प्रकाश स्टेडियम में आयोजित ट्रायल में भाग लेंगे। वहां सफल खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता, जो 19 से 21 नवम्बर तक जिला खेल कार्यालय सीतापुर में आयोजित होगी, में प्रतिस्पर्धा करेंगे।



इसी क्रम में जिला खेल कार्यालय द्वारा जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग की एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन आर. वी. नॉर्थलैंड कॉलेज, चितेरा दादरी में किया गया। प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ. परवेज अली ने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ियों का चयन 12 नवम्बर को क्षेत्रीय खेल कार्यालय मेरठ में आयोजित मंडल स्तरीय ट्रायल हेतु किया गया। वहां चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता, जो 13 एवं 14 नवम्बर को क्षेत्रीय खेल कार्यालय वाराणसी के सिगरा स्टेडियम में आयोजित होगी, में भाग लेंगे।

*जूनियर बालक वर्ग में चयनित खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैंः*

पीयूष यादव (100 मीटर) देव (200 एवं 400 मीटर) अमन कुमार (800 मीटर) मुलकानंद शर्मा (400 मीटर स्टेपलचेस एवं ट्रिपल जम्प) हीरा (400 मीटर स्टेपलचेस, मिडल रिले) तानिश (हाई जम्प) अंकुश (डिस्कस थ्रो) पारस (जेवलिन थ्रो) बालिका वर्गः सना फिजा (डिस्कस थ्रो)

# मोबाइल लूट के मामलों की गुमशुदगी में कारवाई होने से बदमाशों के हौसले बुलंद

(युवक का मोबाइल छीनकर बदमाश फिर हुए फरार, पुलिस ने लिखवाई गुम हो जाने की शिकायत)

समाज जागरण

लोनी, 11 नवंबरः लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में पुलिस की लचर कार्य प्रणाली के चलते अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब वे एसीपी कार्यालय के सामने ही वारदात को अंजाम देने से नहीं घबराते। सोमवार को संजय बिहार निवासी मोनू राठौर, पुत्र ओमप्रकाश राठौर का मोबाइल फोन अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने छीन लिया और मौके से फरार हो गए। घटना इंदिरापुरी पुलिस चौकी क्षेत्र की बताई जा रही है, जो एसी अंकुर विहार कार्यालय के निकट है। पीड़ित का कहना है कि मोबाइल छिन जाने के मामले में जब वह शिकायत दर्ज कराने लोनी बॉर्डर थाने पहुंचे तो पुलिस ने उसकी तहरीर तभी स्वीकार की जब उसने इसे गुमशुदगी के रूप में लिखने पर सहमति दी। लोगों का कहना है कि पुलिस की ऐसी कार्य प्रणाली के चलते ही लोनी में अपराधियों की हौसले बुलंद है।

# दिल्ली धमाके के बाद कानपुर में रेड अलर्ट हुआ जारी पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने दल बल के साथ की पैदल गश्त।

समाज जागरण

कानपुर विशेष संवाददाता। पुलिस आयुक्त महोदय ने डीसीपी सेंट्रल श्रवण कुमार सिंह,अपर पुलिस उपायुक्त महेश कुमार व पुलिस फोर्स के साथ थाना बेकनगंज, कर्नल गंज, बजरिया, चमनगंज एवं अनवरगंज क्षेत्र में पैदल गश्त कर के सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस आयुक्त महोदय ने नई सड़क, यतीमखाना, सदभावना पुलिस चौकी, तलाक महल, रूपम टाकीज, हलीम चौराहा, टुकनिया पुरवा चौराहा, आलम मार्केट, दलेल पुरवा चौराहा, नजीर बाग, मछली तिराहा, दादा मियां चौराहा सहित प्रमुख स्थानों का भ्रमण कर के सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। गश्त के दौरान पुलिस आयुक्त महोदय ने आमजन व व्यापारियों से संवाद कर के उन्हें सुरक्षा व सतर्कता के प्रति जागरूक किया। और कहा, संदिग्ध व्यक्ति व वस्तु की सूचना तुरंत पुलिस को दें। रेड अलर्ट की स्थित देखकर शहर भर में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी स्वयं फील्ड में रहकर निरीक्षण कर रहे हैं। संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, पार्किंग स्थलों व धार्मिक स्थलों की जांच की जा रही है। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम भी संभावित सूचनाओं पर कड़ी नजर बनाए हुए है। पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने जनता से अपील की है, सतर्क रहें। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति व गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस व नागरिकों का सहयोग बहुत आवश्यक है। पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल के नेतृत्व में कानपुर पुलिस पूरे शहर में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए संकल्पबद्ध।



# ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक

समाज जागरण

जनपद बलरामपुर देहात इंडिया बलरामपुर के तत्वाधान मे ब्लॉक बलरामपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत शेखरपुर में प्राथमिक विद्यालय में ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमे बच्चों से जुड़े मुद्दों बाल संरक्षण,जेजे एक्ट कानून के विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

देहात संस्था के प्रोग्राम एसोसिएट विशाल उनियाल ने बताया कि इस बैठक का मूल उद्देश्य सभी हितधारकों को एक मंच पर एकत्रित होकर बाल विवाह,बाल श्रम एवं मानव तस्करी,साइबर अपराध से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करना है तथा निराकरण भी निकलना है।

हमें ऐसे बालहित समाज का निर्माण करना है जिसमे बच्चों के अधिकार सुनिश्चित हो पाए और बच्चा जिम्मेदार नागरिक बने।

प्रोग्राम एसोसिएट पवन कन्नोजिया ने सरकारी योजनाओं के बारे में चर्चा की।

थाना कोतवाली हेड कांस्टेबल,धर्मेंद्र सिंह जी द्वारा 112,1098, टोल फ्री नंबर,मादक पदार्थों के सेवन न करने की हिदायत दी गई। तत्पश्चात हितधारकों द्वारा संवाद स्थापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। कोतवाली देहात से उप0,नि0,ओमप्रकाश यादव, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह, कांस्टेबल, रविशंकर, देहात संस्था से विशाल उनियाल,पवन कन्नोजिया प्रधानाध्यापक, सिखा त्रिपाठी, अध्यापिका, अनुपम यादव ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रिजवान अंसारी, आशा,सुशीला पांडेय आंगनबाड़ी, प्रियंका पाण्डेय, राधा देवी, ग्रामवासी, अभिभावक महिलाएं, बच्चे, रसोईया, आदि उपस्थित रहे !

# समस्याओं का निस्तारण न होने पर संबंधित विभाग का करेंगे पुरजोर विरोधः रामनिवास त्रिपाठी

समाज जागरण

लोनी, 11 नवंबरः नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड-33 से सभासद रामनिवास त्रिपाठी ने क्षेत्र में स्थित डीएलएफ, अंकुर विहार में बिल्डरों द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण एवं आवासीय क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियों के साथ-साथ पूर्व में जीडीए विभाग को की गई शिकायतों पर कोई कार्रवाई न होने से नाराजगी व्यक्त की हैं। सभासद का कहना है कि यदि समय रहते उक्त मामले में कोई कार्रवाई सुनिश्चित नहीं हो पाई तो वह आगामी संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होकर इस मामले में जोर-शोर से अपना विरोध प्रकट करेंगे।



सभासद का उन्होंने विगत एक नवंबर को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान अपना शिकायती पत्र देते हुए कहा था कि उनके वार्ड 33, डीएलएफ, अंकुर विहार में जीडीए विभाग की लापरवाही के चलते लगातार अवैध निर्माण कार्य हो रहे हैं। यही नहीं वहा आवासीय बस्तियों में व्यावसायिक गतिविधियां भी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि उक्त विषय में उन्होंने पूर्व में भी कई बार लिखित रूप से एवं आइ.जी.आर.एस. पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है. जिसमें मुख्य रूप से संपत्ति संख्या सी 9/1, बी-10/3, सी- 3/5 पर किए जा रहे अवैध निर्माण के संबंध में शिकायतें शामिल है।

मगर बड़े अफसोस की बात है कि मामले में आज तक कोई ठोस कार्रवाई न कर, विभाग द्वारा हर बार फर्जी एवं गलत आख्या लगाकर शिकायतों को निस्तारित कर दिया जाता है. इससे उनकी कार्य प्रणाली शक के घेरे में आती है. जिसका आगामी संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पूर जोर विरोध किया जाएगा।

# नंदिनी कृषक समृद्धि योजना अंतर्गत लॉटरी से लाभार्थी चयन प्रतिक्रिया पूर्ण हुई

समाज जागरण

लोनी, 11 नवंबरः जनपद गाजियाबाद में नन्दिनी कृषक समृद्धि योजन्तर्गत ई लॉटरी से लाभार्थी चयन की प्रक्रिया पूर्ण हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी ने की। इस दौरान ऊषा शर्मा एवं ऋतीका का चयन हुआ जबकि गौरव तथा अरशद प्रतीक्षा सूची में रखे गए हैं।

प्रदेश में स्वदेशी गोवंश को बढ़ावा देने तथा उच्च गुणवत्ता का दूध और अन्य उत्पाद सुलभ कराने की दृष्टि से नन्द बाबा दुग्ध मिशन योजना अंतर्गत नंदनी कृषक समृद्धि योजना संचालित की गई है। सोचने वाली बात यह है कि गाजियाबाद में यह योजना पहली बार संचालित की जा रही है। योजना की कुल लागत 62 लाख 50 हजार रुपए है। जिसमें 50% राजकीय अनुदान है। लाभार्थी 25 दुधारू गायें प्रदेश के बाहर से क्रय कर लाएंगे जो गिर, साहिवाल और थारपारकर नस्ल की ही होगी। इस योजना के जनपद में लागू होने से स्वदेशी नस्ल के गोवंश की संख्या बढ़ेगी तथा लोगों को अच्छा दूध भी उपलब्ध होगा।




चयन प्रक्रिया परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, दुग्ध निरीक्षक, दुग्ध सुपरवाईजर, लाभार्थियों आदि की मौजूदगी में सम्पन हुआ।

# छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को यातायात नियमों संबंधित जानकारी दी गई

समाज जागरण

पुलिस अधीक्षक श्री राहुल भाटी के निर्देश में अपर पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश कुमार उत्तम व क्षेत्राधिकारी यातायात श्री भरत पासवान के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात श्री मो0 शमीम द्वारा जनपद के थाना सोनवा क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले "प्रेम नारायण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय" व नासिरगंज क्षेत्रान्तर्गत "सेठ प्रभूदास निरंजन कुमार मेमोरियल इण्टर कॉलेज नासिरगंज श्रावस्ती" के समस्त छात्र-छात्राओं,शिक्षकों व विद्यालय के अन्य कर्मचारीगण को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें दो पहिया वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चलाते समय सदैव सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से वाहन न चलाने एवं मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन न चलाने आदि यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों/जागरूकता संबंधी पम्पलेट्स वितरित कर उन्हे सदैव यातायात नियमों का पालन करने हेतु शपथ दिलाई गई* इसके अलावा प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन के आदेशानुसार प्रदेश में बिना नम्बर प्लेट के डम्पर, ट्रक आदि वाहनों के विरुद्ध चलने वाले 07 दिवसीय विशेष चेकिंग अभियान के अन्तर्गत प्रभारी यातायात द्वारा जनपद के विभिन्न मार्गों पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर बिना नम्बर प्लेट वाले ट्रक, डम्पर आदि के विरुद्ध विधिक कार्यवाही किया गया तथा जनपद के विभिन्न चौराहो, तिराहों व स्थानीय बाजारों आदि मे आमजन को एकत्र कर यातायात के संबंध में जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों की उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध यातायात के विभिन्न मापदंडों में चालान की कार्यवाही करते हुए अधिक से अधिक शमन शुल्क अधिरोपित किया गया`



# बाल विवाह, बालश्रम एवं मानव तस्करी पर विस्तृत चर्चा की गई, ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

समाज जागरण

देहात संस्था के तत्वाधान में एक्सेस टू जस्टिस (A2J) परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत भटपुरवा में आज ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, देहात कोतवाली के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, ग्रामवासी, बच्चे एवं देहात इंडिया टीम बहराइच के सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान बाल अधिकारों की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों जैसे बाल विवाह, बाल श्रम एवं मानव तस्करी पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित जनों को इन समस्याओं के कानूनी पहलुओं एवं रोकथाम के उपायों की जानकारी प्रदान की गई।



साथ ही ग्राम पंचायत भटपुरवा में बालिकाओं के लिए खेल मैदान के निर्माण के प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए, इसे आगामी ग्राम पंचायत विकास योजना में शामिल करने हेतु देहात टीम द्वारा ग्राम सचिव से अनुरोध किया गया। बैठक का उद्देश्य ग्राम स्तर पर बाल संरक्षण को सशक्त बनाना और समुदाय में बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

उपरोक्त बैठक मे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि समीम अहमद, पंचायत सचिव शुभागिनी देवी, आँगनबाड़ी किरण देवी, आशा मंजू देवी, थाना देहात कोतवाली से देवीलाल यादव, देहात टीम से गुड़िया, विंध्यवासिनी, रचना मिश्रा, ग्रामवासी, बच्चे उपस्थित रहे।

# सुस्त गन्ना इंडेट पर भड़के किसान, बंद कराया तौल

**समाज जागरण कैराना।**



सुस्त गन्ना इंडेट के विरोध में जगनपुर गन्ना तौल केंद्र पर किसानों ने जमकर हंगामा-प्रदर्शन किया। उन्होंने तौल केंद्र पर पहुंचे सहायक गन्ना महाप्रबंधक का घेराव करते हुए जमकर खरी-खोटी सुनाई। इस दौरान तौल कई घंटे तक बंद रहा। मंगलवार को जगनपुर गन्ना तौल केंद्र पर किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने मिल प्रबंधन पर जगनपुर सेंटर के लिए कम गन्ना इंडेट जारी करने की बात कहते हुए जमकर हंगामा काटा। किसानों ने तौल केंद्र को बंद करा दिया, जिसके चलते सेंटर पर गन्ने से भरे वाहनों की कतार लग गई। किसान सेंटर पर ही धरना देकर बैठ गए। वह मिल अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। मामले की सूचना पर दोपहर करीब ढाई बजे सहायक गन्ना महाप्रबंधक सुशील पंवार गन्ना तौल केंद्र पर पहुंचे। जहां पर आक्रोशित किसानों ने उनका घेराव किया तथा उन्हें अपने बीच में ही बैठा लिया। किसानों ने कम गन्ना इंडेट जारी करने की बात कहते हुए एजीएम केन को खूब खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने मिल प्रबंधन पर जगनपुर सेंटर से जुड़े गन्ना किसानों के साथ में सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। किसानों का कहना था कि कम इंडेट जारी होने के चलते वह अपना गन्ना नही डाल पा रहे है। किसानों का गन्ना खेतों में खड़ा है, जिसके चलते गेंहू की बुआई में पछेत हो रही है। यदि समय रहते गेंहू की बुआई नही हुई तो किसानों को अनाज की पैदावार में भी भारी नुकसान झेलना पड़ेगा। किसानों ने सेंटर से मिल के लिए गन्ना ले जाने वाले वाहनों की संख्या भी अपर्याप्त होने की बात कही। बाद में सहायक गन्ना महाप्रबंधक द्वारा सभी समस्याओं का उचित समाधान कराए जाने के आश्वासन पर किसान शांत हुए। इस दौरान सुरेश प्रधान, डायरेक्टर विजयपाल, जयपाल, कुलदीप, विनोद, बसंत, प्रेम, राज कुमार, अमित, यशपाल, विपिन, नंदू, समयसिंह, अनुज, कंवरसेन, विकास, सुशील, श्रवण, गुरदीप, विशाल आदि किसान मौजूद रहे। वहीं, एजीएम सुशील पंवार ने बताया कि जगनपुर गन्ना तौल केंद्र की डेली गन्ना इंडेट 1750 कुंतल है, जिसमें 500 कुंतल प्रतिदिन की वृद्धि कराई जाएगी। साथ ही, फर्जी बॉन्ड की भी जांच कराकर निरस्त कराने का कार्य किया जाएगा।

# बसेड़ा में जानलेवा हमले के दो और वांछित आरोपी दबोचे, जेल रवाना

**समाज जागरण कैराना।**



तीन माह पूर्व गांव बसेड़ा में घर में घुसकर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित चल रहे दो और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों का चालान कर दिया गया है। पुलिस अभी तक मामले में नामजद कुल छह आरोपियों को जेल भेज चुकी है। विगत 07 अगस्त को राजुल निवासी ग्राम बसेडा ने कुछ लोगो पर घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने की नीयत से फायर करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली कैराना पर मुकदमा दर्ज कराया था। एसपी ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को मामले की जांच करके आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। मंगलवार को एसपी शामली नरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत दभेड़ी खुर्द चौकी प्रभारी एसआई जितेंद्र त्यागी ने जानलेवा हमले के मामले में वांछित चल रहे आरोपी कौशर व दिलशाद निवासीगण ग्राम बसेड़ा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों का चालान कर दिया है। वहीं, चौकी प्रभारी ने बताया कि मामले में अभी तक कुल छह आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके है। शेष एक आरोपी को भी शीघ्र गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

# यूपी-हरियाणा बॉर्डर पर मुस्तैद रहा पुलिस फोर्स, वाहनों की गई सघन जांच

**समाज जागरण कैराना।**
**(फुरकान जंग)**



राजधानी दिल्ली में लालकिले के निकट चलती हुई कार में हुए विस्फोट के बाद से प्रदेशभर में हाईअलर्ट जारी किया गया है, जिसके चलते कैराना में स्थित यूपी-हरियाणा सीमा पर रातभर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वहीं, मामले की गम्भीरता के मद्देनजर एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने जनपद में विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर चेकिंग अभियान का जायजा लिया। विगत सोमवार शाम करीब सात बजे राजधानी दिल्ली में स्थित ऐतिहासिक धरोहर लालकिले के निकट एक मूविंग कार में जबरदस्त विस्फोट हुआ है, जिसमें कई लोग मारे गए तथा दर्जनों लोग गम्भीर रूप से घायल हुए है। घायलों को दिल्ली के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। विस्फोट की घटना के मद्देनजर उत्तर-प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस विभाग को अलर्ट रहने को कहा है। सरकार ने प्रदेश में हाईअलर्ट जारी करके अधिकारियों को सघन चेकिंग अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए है। इसी के मद्देनजर जिले का पुलिस महकमा भी पूरी तरह चौकन्ना है। सीओ श्यामसिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने सोमवार देर शाम अलर्ट जारी होते ही पुलिस-फोर्स के साथ में यूपी-हरियाणा सीमा पर पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया। इस दौरान हरियाणा की ओर से आने वाले प्रत्येक वाहन की गहनता से जांच की गई। एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह ने भी बॉर्डर पर पहुंचकर चेकिंग अभियान का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को मुस्तैदी के साथ में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने के निर्देश दिए। साथ ही, लापरवाही मिलने पर सख्त कार्यवाही के लिए चेताया है। वाहन चेकिंग का सिलसिला सोमवार रातभर व मंगलवार दिन में भी चलता रहा। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर यूपी-हरियाणा सीमा पर वाहन चेकिंग अभियान निरंतर जारी है। इसके अलावा, कानून-व्यवस्था के मद्दे नजर कस्बे में भी गश्त तेज कर दी गई है।

# दिल्ली लालकिले के पास हुए विस्फोट में कैराना का अमन घायल

**समाज जागरण**
**कैराना।(फुरकान जंग)**



एक दिन पूर्व दिल्ली के लालकिले के निकट मूविंग कार में हुए विस्फोट में कैराना के मोहल्ला बेगमपुरा निवासी युवक अमन गम्भीर रूप से जख्मी हुआ है, जबकि विस्फोट की चपेट में आकर उसके मौसेरे भाई नोमान की दर्दनाक मौत हो गई। अमन अपने मौसेरे भाई नोमान के साथ में कॉस्मेटिक का सामान खरीदने के लिए दिल्ली गया था। हादसे से परिजनों में कोहराम मचा है। विगत सोमवार शाम राजधानी दिल्ली में लालकिले के निकट एक कार में जबरदस्त विस्फोट हो गया था। विस्फोट की चपेट में आकर कई लोग मौत का शिकार हो गए, जबकि दर्जनों लोग गम्भीर रूप से घायल है। घायलों का दिल्ली के अलग-अलग अस्पतालों में उपचार चल रहा है। दिल्ली विस्फोट में कैराना के मोहल्ला बेगमपुरा निवासी अमन भी गम्भीर रूप से जख्मी हुआ है। बताया गया है कि अमन ने झिंझाना कस्बे में अपने मौसेरे भाई नोमान के साझे में कॉस्मेटिक की दुकान कर रखी है। सोमवार को झिंझाना में साप्ताहिक बंदी का दिन होने के चलते अमन और नोमान दुकान का सामान खरीदने के लिए दिल्ली गए हुए थे। जहां पर वह विस्फोट की चपेट में आ गए। घटना में गम्भीर रूप से घायल नोमान की मौत हो गई, जबकि अमन का लोकनायक अस्पताल में उपचार चल रहा है। अमन की हालत भी गम्भीर बताई जा रही है। अमन का पिता हारुण राजमिस्त्री का कार्य करता है। हादसे की जानकारी मिलते ही अमन के परिजन मकान का ताला बंद करके दिल्ली चले गए। अमन दो भाई-बहनों में छोटा है। बहन रहनुमा की शादी हो चुकी है, जबकि अमन अविवाहित है। वहीं, नोमान की मौत से परिजनों व रिश्तेदारों में कोहराम मचा है। उधर, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री का कहना है कि दिल्ली में हुए विस्फोट में कैराना कस्बे का अमन नामक युवक घायल हुआ है, जिसका दिल्ली के किसी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# मेपल्स एकेडमी में छात्रों ने किया सहभोज,

**समाज जागरण**

शामली। शहर के मेपल्स एकेडमी में मंगलवार को सहभोज के दूसरे एवं अंतिम दिन कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में सहभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं ने विद्यालय प्रांगण में एक साथ बैठकर भोजन किया और प्रेम, एकता व भाईचारे की भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अपने साथियों



को अपने हाथों से प्रेमपूर्वक भोजन खिलाया। इस दृश्य को देखकर उपस्थित अध्यापक- अध्यापिकाओं तथा वरिष्ठ छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे। सहभोज प्रतियोगिता में कक्षा 3 से अभिनंदन, अर्शिल व अवनी पंवार प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे। कक्षा 3 एक से विराट श्योरण, सर्वज्ञ एवं निखिल, वाणी चौधरी प्रथम से तृतीय रहे। कक्षा 4 से दक्ष, मानवी प्रथम, राव अबूबकर, स्नेही, आरोही द्वितीय, अभिराज, हंसी व अर्निका तृतीय रहे। कक्षा 5 से अभिनव, अथर्व प्रथम, नवनीत, वेदांशी, यशवी द्वितीय व तृतीय, कक्षा 6 से कनव, आदित्य प्रथम, वेदिका, वरणिका, अक्षिका द्वितीय, वंश तृतीय रहे। कक्षा 7 से विवान, सवी प्रथम, परिधि, सजल, अवनी द्वितीय, हार्दिक, अनाया, हर्ष तृतीय रहे। कक्षा 8 से अंजलि, अंशिका पंवार, ज्योति प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक मुकेश संगल, चेयरमैन विपिन संगल, प्रधानाचार्य मुकेश शर्मा एवं उप-प्रधानाचार्या मौशमी दास ने सभी विद्यार्थियों को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया।

# जैन दीक्षा की पवित्र परंपरा समाजों की अटूट श्रद्धा और सेवा का उदाहरण

**समाज जागरण**



शामली। शहर के जैन धर्मशाला में श्री 108 विमर्ष सागर महामुनिराज ने जैन दीक्षा के महत्व, उसकी कठोरता और साधक के आत्म-साक्षात्कार की राह पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि जैन धर्म में दीक्षा पावन और पवित्र परंपरा है, जिसमें 28 मूलगुणों का पालन आवश्यक होता है। साधक आत्म-साक्षात्कार के मार्ग पर चलते हुए केश लोचन जैसी कठिन तपस्या करते हैं, जो शरीर और मन दोनों की परीक्षा लेती है। इसे उन्होंने तलवार की धार पर चलने जैसा जीवन बताया जो दृढ़ता, संयम और त्याग का सर्वोच्च प्रतीक है। आचार्य श्री ने शामली, मुजफ्फरनगर और दिल्ली के जैन समाजों की सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन समाजों ने मुनि संघ की सेवा में अनुकरणीय समर्पण दिखाया है। शामली समाज को उन्होंने गंगा-प्रयाग की उपमा देते हुए कहा कि समाज ने साधु-संघ की सेवा में तन-मन से सहयोग दिया और उन्हें ब्याज सहित वापस सौंपा यह श्रद्धा और सेवाभाव का अनुपम उदाहरण है। समाज ने भी समान निष्ठा के साथ सेवा करते हुए विनम्रता से कहा गुरुवर जैसे आपने दिए थे, वैसे ही हम आपको सौंप रहे हैं। आचार्य श्री ने सभी समाजों को सफल चातुर्मास के लिए मंगल आशीर्वाद प्रदान किए। उन्होंने गुरु-शिष्य संबंधों की आत्मीयता पर प्रकाश डालते हुए हंसी-खुशी कहा कि शिष्यों के लंबे पत्र पढ़ने का समय नहीं मिलता, पर यह उनके स्नेह और संवाद का प्रतीक है। इस अवसर पर मोहित जैन, सचिन जैन, राजीव जैन, पंकज जैन, ललित जैन आदि मौजूद रहे।

# शामली शहर को जाम से मुक्त रखने में शुगर मिल अधिकारियों को चेतावनी

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने मंगलवार को सुभाष चौक स्थित संगठन के प्रांतीय मुख्यालय पर व्यापारियों के साथ बैठक कर शामली शहर में जाम और प्रदूषण की बढ़ती समस्या पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि गत दिनों शामली शुगर मिल में आई तकनीकी खराबी के चलते गन्ने से लदी ट्रॉलियां और बोगियां मुख्य बाजारों तक पहुंच गईं, जिससे पूरे नगर में भारी जाम लग गया। इस जाम के कारण आम नागरिकों, व्यापारियों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। प्रदेश अध्यक्ष गर्ग ने बताया कि उन्होंने शामली शुगर मिल के वाइस प्रेसिडेंट व यूनिट हेड संजय शर्मा से फोन पर वार्ता कर चेतावनी दी है कि भविष्य में शहर के भीतर गन्ने की ट्रॉलियों से यातायात बाधित न हो। उन्होंने यह भी कहा कि मिल से निकलने वाली काली छाई से शहर की कॉलोनियों में प्रदूषण की समस्या उत्पन्न हो रही है, जिसका समाधान मिल प्रबंधन को तत्काल सुनिश्चित करना चाहिए। कहा कि भविष्य में यदि मिल में खराबी आती है, तो ऐसी स्थिति में गन्ना शहर के अंदर न आने दिया जाए, ताकि नागरिकों को जाम की समस्या से मुक्ति मिल सके। उन्होंने नगर के व्यापारियों से भी अपील की कि वे अपनी दुकानों के बाहर निर्धारित सीमा से आगे सामान न रखें। उन्होंने कहा कि दुकानदार स्वयं अनुशासन रखें, नाली से आगे कोई भी अतिक्रमण न करें, ताकि किसी भी अतिक्रमण हटाओ अभियान के समय उन्हें परेशानी का सामना न करना पड़े।बैठक में सुभाष चंद्र धीमान, रामकुमार राय, रवि संगल, महेश धीमान, शिवांक गर्ग, ऋषभ जैन, अमित गर्ग, राजीव गर्ग, गौरव गर्ग उपस्थित रहे।

# दिल्ली में हुए कार ब्लास्ट के बाद पुलिस अलर्ट

-उत्तर प्रदेश हरियाणा सीमा पर सघन चेकिंग अभियान शुरू

**समाज जागरण झिंझाना।**

दिल्ली लाल किले के पास कार में हुए विस्फोट की घटना के बाद शामली पुलिस भी पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गई है। सुरक्षा एजेंसियों ने भी जनपद में सतर्कता बढ़ा दी।थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना के नेतृत्व में पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए चैकिंग अभियान चलाया। सोमवार की देर शाम दिल्ली लाल किले के पास कार ब्लास्ट के बाद सुरक्षा एवं खूफिया एजेंसी अलर्ट मोड़ पर आ गयी। जिसके बाद प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश में हाई अलर्ट जारी कर दिया।भीड़ भाड़ वाले एवं धार्मिक स्थलों पर चौकसी बढ़ाने के साथ साथ बिडौली में यूपी-हरियाणा



बॉर्डर पर सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। चौकी प्रभारी योगेंद्र कुमार की टीम ने हर आने-जाने वाले वाहन की गहन तलाशी ली। इसके साथ ही मेरठझकरनाल हाईवे पर पटनी और प्रतापपुर टोल प्लाजा पर भी पुलिस टीमों ने नाकेबंदी कर वाहनों की जांच कर रही है। संदिग्ध व्यक्तियों और सामान की बारीकी से तलाशी ली जा रही है। थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने बताया कि यह चेकिंग अभियान सुरक्षा एजेंसियों के निर्देश पर एहतियातन चलाया जा रहा है, ताकि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु को जिले की सीमा में प्रवेश न मिल सके। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरी तरह चौकन्नी है और हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाने या डायल 112 पर दे।

# दिल्ली में धमाके के बाद जिलेभर में अलर्ट, बोर्डर से लेकर सार्वजनिक स्थलों पर चेकिंग

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके के बाद उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित किए जाने के बाद जनपद शामली में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हाई अलर्ट रहा। दिल्ली और हरियाणा बोर्डर से लेकर सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस ने चेकिंग की। रेलवे स्टेशन और बस स्टेंड पर पुलिस के साथ साथ डॉग स्वायर्ड टीम द्वारा सामान की जांच करते हुए संदिग्धों से पूछताछ की गई। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने मंगलवार को जनपद के अंतरराज्यीय बॉर्डर, मुख्य मार्गों, चेकपोस्टों और अन्य संवेदनशील स्थलों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था को उच्च स्तर पर बनाए रखें, हर आने-जाने वाले वाहन और व्यक्ति की सघन चेकिंग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रखें। इस दौरान देर रात्रि जनपद की सीमाओं को सील कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। प्रत्येक प्रवेश एवं निकास बिंदु पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती रही। वाहनों की तलाशी लेते हुए संदिग्धों से पूछताछ की गई। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में पेट्रोलिंग, मोबाइल गश्त, बैरियर चेकिंग और नाइट डॉमिनेशन को और अधिक प्रभावी बनाया जाए, ताकि किसी भी असामाजिक या आपराधिक तत्व द्वारा शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने के प्रयास को समय रहते रोका जा सके।

उन्होंने क्षेत्रीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वे स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और समाज सेवियों के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था को सहभागी बनाएं। साथ ही आमजन को प्रेरित करें कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। शामली। दिल्ली में हुए धमाके के बाद रेलवे स्टेशन व बस स्टेंड पर भी चेकिंग की गई। मंगलवार को जीआरपी व आरपीएफ पुलिस ने संयुक्त रूप से डॉग स्वायर्ड टीम को साथ लेकर रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया। यात्रियों के सामान की तलाशी ली गई। ट्रेनों में भी जांच की गई। संदिग्ध यात्रियों से पूछताछ की गई। डॉग स्वायर्ड टीम ने रेलवे स्टेशन के पार्किंग स्थल, कचरा डब्बा, शौचालयों में भी जांच की है। उन्होने यात्रियों से लावारिश वस्तुओं को न छूने और पुलिस को तुरंत सूचना देने की अपील की।

# रोजगार मेला, 10 अभ्यर्थियों का हुआ चयन, दिल्ली में मिलेगा प्रशिक्षण

**समाज जागरण कांधला।**

नगर स्थित इंटर कॉलेज एलम में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का आयोजन एसआईएस इंडिया लिमिटेड कंपनी द्वारा किया गया। मेले में सुरक्षा सैनिक एवं सुपरवाइजर पदों पर दर्जनों छात्रों ने भाग लिया।भर्ती अधिकारी प्रिंस ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण दिल्ली स्थित एसआईएस ट्रेनिंग सेंटर में कराया जाएगा, जिसके बाद उन्हें देश के विभिन्न स्थानों पर तैनाती दी जाएगी। रोजगार मेले में क्षेत्र के अलग-अलग गांवों से दर्जनों युवा पहुंचे, जिनमें से 10 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित युवाओं को शीघ्र ही प्रशिक्षण के लिए दिल्ली भेजा जाएगा।

# निजी नर्सिंग होम में बच्चे की मौत, परिजनों का हंगामा

**समाज जागरण**



शामली। मंगलवार को शहर के बधेव रोड स्थित निजी नर्सिंग होम में बच्चे की मौत होने पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। उन्होने चिकित्सक पर लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची थाना आदर्शमंडी पुलिस ने हंगामा रहे परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया। बाबरी थाना क्षेत्र के रविदास मंदिर निवासी वीरेन्द्र पुत्र सियानंद के 2 वर्ष के पुत्र वीर के ऊपर गत सोमवार को कच्ची दीवार गिर गई थी। जिससे वीर गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसको परिजनों द्वारा शहर के बधेव रोड़ स्थित मां गोदावरी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, लेकिन मंगलवार सुबह चिकित्सकों द्वारा बच्चे को सही उपचार न देने से बच्चे की मौत हो गई। जिसके बाद गुस्साऐं परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। वीरेन्द्र ने बताया कि बच्चे के पैर में चोट लगी थी, जिसका चिकित्सक ने ऑपरेशन करने के लिए 23 हजार रुपए एडवांस जमा कराये थे। बाद में एक्सरे रिपोर्ट देने के नाम पर भी 1350 रुपए मांगे गए और न दिए जाने पर रिपोर्ट नही दी गई। रातभर बच्चा परेशान रहा, जिसके लिए डॉक्टर को बुलाते रहे लेकिन डॉक्टर नही पहुंचा। सवेरे काफी परेशान होने पर कंपाउंडर पहुंचा और आरोप है कि उसके द्वारा इंजेक्शन लगाया गया तो बच्चे ने दम तोड दिया। सूचना पाकर थाना आदर्शमंडी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और हंगामा कर रहे परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया। हालाकि बाद में परिजन बिना किसी तहरीर के बच्चे के शव को अपने साथ लेकर लौट गए। हॉस्पिटल में हंगामे को देखते हुए भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा।

**इनसेट-**

शामली। मृतक बच्चे के परिजनों ने बताया कि उसके ऊपर कच्ची दीवार गिरी थी, जिसके बाद हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने पैर की हडडी टूटने के कारण ऑपरेशन की बात कही थी, लेकिन बच्चे की मौत के बाद डॉक्टर हेडइंजरी बता रहे है। परिजनों का कहना था कि यदि बच्चे के सिर में चोट थी तो उसको उपचार क्यो नही दिया गया। बच्चे की मौत में चिकित्सकों की गंभीर लापरवाही सामने आई है।

# भाकियू पदाधिकारियों ने की अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर महापंचायत

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) मंगलवार को भाकियू पदाधिकारियों ने अधी क्षण अभियंता कार्यालय पर महा पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होने विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए जा रहे स्मार्ट मीटरों का विरोध किया। उन्होने चेकिंग के नाम पर किसानों का उत्पीडन करने का आरोप लगाया और एसई को धरने के बीच बैठाये रखा। मंगलवार को भाकियू के दर्जनों पदाधिकारियों की एक महापंचायत अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सांता प्रधान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। महापंचायत को संबोधित करते हुए भाकियू पदाधिकारियों ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा किसानों का उत्पीडन किया जा रहा है। स्मार्ट मीटर लगाकर किसानों को बर्बाद किया जा रहा है। विद्युत विभाग चेकिंग के नाम अवैध वसूली करता है और बिल कम करने के नाम पर कार्यालयों के बाहर दलाल बैठा रखे है। इस दौरान उन्होने एसई वीरेन्द्र सिंह को भी अपने बीच बैठा लिया और जाने नही दिया। किसानों ने मांग की कि स्मार्ट मीटर न लगे इसके लिए लिखित में दे। किसानों की टयूवैल का ट्रांसफार्मर जलने पर विभाग द्वारा बदला जाये। दस हजार से कम बिल पर कनेक्शन न काटा जाये। गांव लिलौन में बिजली की सुविधा शहर वाली दी जाये। सिंकदरपुर बितलीघर से हथछोया जिसकी लंबाई 10 किलोमीटर वह बंद है। जो जर्जर अवस्था में होने के कारण हटाया जाये। उन्होने कहा कि जो लाईनमैन बिजलीघरों में लंबे समय से है उनको हटाकर दूसरे स्थानों पर भेजे जाये। भाकियू पदाधिकारियों ने कहा कि नये कनेक्शन बढी विद्युत दरों में न किए जाये। साथ ही स्मार्ट मीटरों पर जो कोर्ट का आदेश है उसको पालन कराया जाये। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सांता प्रधान, जावेद तोमर, मास्टर जाहिद, आशीष चौधरी, कपिल खाटियान, मोहित शर्मा, कुलदीप पंवार, मनोज तोमर, मेहरदीन, कविता चौधरी, रणकुमार, संजीव राठी, विकास मालैंडी आदि मौजूद रहे।

# न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न,बच्चों ने दिखाया शानदार जज्बा

**समाज जागरण कांधला।**

कंपोजिट विद्यालय, गंगेरू में बेसिक शिक्षा विभाग की न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। प्रतियोगिता में न्याय पंचायत गंगेरू के सभी परिषद विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।प्रतियोगिता में दौड़, खो-खो, कबड्डी, लंबी कूद, ऊंची कूद, कुश्ती सहित कई खेलों का आयोजन किया गया। 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग, में आबिद,डूनडू खेड़ा,100 मीटर दौड़,बालक वर्ग, में सुफियान गंगेरू, 50 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में सुमैया (गंगेरू), 200 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग) में आयशा (गढ़ी दौलत) प्रथम रहीं।कबड्डी (बालक वर्ग) में जूनियर हाई स्कूल गढ़ी दौलत, कबड्डी (बालिका वर्ग) में पीएम श्री विद्यालय गंगेरू, लंबी कूद (बालिका वर्ग) में मंत्शा (गंगेरू), खो-खो (बालक वर्ग) में पीएम श्री विद्यालय डूनडू खेड़ा विजेता रहे। कुश्ती में 30 किलो वर्ग में काशिफ (गंगेरू), 35 किलो वर्ग में सियान (अंबेहटा) तथा 40 किलो वर्ग में दानिश (गढ़ी दौलत) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

सभी विजेता छात्र-छात्राओं को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में जिला व्यायाम शिक्षक सचिन चौहान, सुरेंद्र पाल, सत्येंद्र कुमार, नरेश पाल, कासिम शाह, मोहम्मद ताहिर, नरेंद्र कुमार,

ओमवीर सिंह, परमेंद्र कुमार, अक्षय कुमार और प्रमोद कुमार सहित कई अध्यापकों का विशेष सहयोग रहा।

# स्यादवाद इंस्टिट्यूट में लगाया गया दिव्यांग एवं रक्तदान शिविर

**समाज जागरण बागपत।**




अखिल भारतीय संस्था तरुण मित्र परिषद दिल्ली एवं स्यादवाद जैन एजुकेशनल एंड सोशल ट्रस्ट के संयुक्त प्रयासों से एक निःशुल्क विराट दिव्यांग व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। स्यादवाद इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च में आयोजित इस कैम्प का उद्घाटन संस्थान के मंत्री शिखर चंद जैन द्वारा किया गया। परिषद के अध्यक्ष अशोक जैन ने बताया कि यह विराट दिव्यांग कैंप स्नेहलता गुप्ता की स्मृति में जगदीश प्रसाद गुप्ता चाचा साड़ी वाले परिवार, दिल्ली के सहयोग से आयोजित इस 61वें दिव्यांग कैम्प में 41 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग (हाथ एवं पैर), पोलियोकैलिपर्स, ऑर्थोर्शूज (जूते), स्टिक तथा श्रवणहीन बुजुर्गों को श्रवणयंत्र प्रदान करने हेतु चयन कर नाप लिया गया। ये सभी उपकरण दिल्ली स्थित कार्यशाला में तैयार कर 21 नवम्बर को यहीं वितरित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त उसी दिन स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद विरासत द्वारा रोटरी ब्लड बैंक ऑफ नोएडा की टीम के सहयोग से कॉलेज के विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। कैम्प को सफल बनाने में संस्थान के चेयरमैन नागेंद्र जैन गोयल, डॉ दिनेश कुमार, रोटरी क्लब की अध्यक्षा नीरू अग्रवाल, मंत्री अनंत सक्सेना, कॉर्डिनेटर उर्मिला जैन, तरुण मित्र परिषद के सहसचिव आलोक जैन, रविंद्र कुमार जैन, जियो और जीने दो ट्रस्ट के सचिव हेम चंद जैन ने भरपूर सहयोग प्रदान किया। अंत में दिल्ली में हुए बम विस्फोट के दिवंगत शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनाएं भी प्रकट की गईं।

# गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान एवं अंधविश्वास विषय पर सेमिनार का आयोजन

**समाज जागरण बागपत।**



गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, जीवाना में सोमवार को विज्ञान एवं अंध विश्वास विषय पर एक ज्ञान वर्धक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना तथा समाज में व्याप्त अंधविश्वासों के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक डॉ. अनिल आर्य एवं विद्या यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर डॉ. नंदिनी शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। डॉ. नंदिनी शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आज के युग में विज्ञान हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, ऐसे में युवाओं का वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखना आवश्यक है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि अंधविश्वास समाज की प्रगति में बाधक है, जबकि विज्ञान तर्क और सत्य की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाता है। विद्यालय प्रबंधक डॉ. अनिल आर्य ने विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें हर विषय पर प्रश्न पूछने और सत्य की खोज करने की प्रवृत्ति रखनी चाहिए। उन्होंने विज्ञान को जीवन का अंग बताते हुए कहा कि अंधविश्वास अज्ञान की उपज है, जबकि विज्ञान ज्ञान का प्रतीक है। कार्यक्रम के अंत में एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,

जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में अनुष्का उज्ज्वल ने प्रथम स्थान, तथा अनमोल दहिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। दोनों विजेताओं को डॉ. अनिल आर्य एवं डॉ. नंदिनी शर्मा ने प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन त्यागी, उप प्रधानाचार्य डॉ. सुशील वत्स, शिक्षक कपिल कुमार, प्रवीण तोमर, गौरव वर्मा, गुड़िया खोखर, दीपशिखा सहित सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दीपशिखा ने किया और अंत में प्रधानाचार्य पवन त्यागी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# नगर पालिका ने बाजार से हटाया अतिक्रमणःईओ के नेतृत्व में चला अभियान

**समाज जागरण बागपत।**



नगर पालिका परिषद की टीम ने मंगलवार को ईओ के.के. भड़ना के नेतृत्व में नगर के मुख्य बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान सड़क, फुटपाथ और नालों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। ईओ के.के. भड़ना ने बताया कि लंबे समय से बाजार में दुकानदारों द्वारा सड़कों पर सामान रखने और ठेलों के खड़े होने से आमजन को आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी। इन शिकायतों को देखते हुए प्रशासन ने सख्ती बरतते हुए यह कार्रवाई की है। नगर पालिका टीम ने बाजार से अवैध ठेले, टीनशेड, तख्ते और अस्थायी दुकानें हटवाईं। दुकानदारों को चेतावनी दी गई है कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया गया, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ईओ भड़ना ने यह भी कहा कि नगर को स्वच्छ और सुगम यातायात वाला बनाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। अभियान के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। नगर पालिका की जेसीबी मशीन का उपयोग कर अतिक्रमण हटाया गया और सड़क किनारे जमा मलबे को भी साफ कराया गया। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इससे बाजार में पैदल चलने वालों को राहत मिलेगी। ईओ के.के. भड़ना ने बताया कि नगर के अन्य क्षेत्रों में भी अतिक्रमण की पहचान कर इसी तरह के अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे नगर की स्वच्छता और सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

# वंदे मातरम के 150 वर्ष पर भाषण प्रतियोगिता, आयोजित

**समाज जागरण कांधला।**

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद तथा सद्भावना कल्चरल क्लब के तत्वाधान में श्री बंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा रचित राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुभारंभ सप्ताह (7 से 14 नवंबर 2025) के अंतर्गत एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का विषय था,वंदे मातरम का राष्ट्रीय एकता एवं स्वतंत्रता संग्राम में योगदान, इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना को जागृत करना रहा। महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी वाक्पटुता और देशभक्ति का प्रदर्शन किया।निर्णायक मंडल में डॉ. सीमा सिंह, डॉ. लक्ष्मी गौतम एवं डॉ. अंकित त्यागी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की छात्रा (पुत्री प्रमोद कुमार) ने प्रथम स्थान, बी.ए. प्रथम वर्ष की सलोनी (पुत्री प्रमोद कुमार) ने द्वितीय स्थान, तथा बी.ए. तृतीय वर्ष की महक (पुत्री हाजी शाहिद) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।महाविद्यालय परिसर वंदे मातरम की गूंज से देशभक्ति के रंग में रंग उठा। छात्राओं ने नारे लगाते हुए राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# निकाह से पहले धमकी, तमंचा तान फरार हुआ आरोपी

**समाज जागरण कांधला।**

नगर के मोहल्ला मौलानान निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री का निकाह जनपद मुजफ्फरनगर के तितरों में तय हुआ है, जो आगामी 16 नवम्बर 2025 को रोज मैरिज होम कांधला में होना प्रस्तावित है। पड़ोस में रहने वाला सादिक उर्फ गुड्डू पुत्र निजामुद्दीन पहले से शादीशुदा है और चार बच्चों का पिता है। उसका पीड़िता के घर आना-जाना था।बीते सोमवार को पीड़िता के घर हल्दी का कार्यक्रम था। उसी दौरान लड़की की ससुराल पक्ष के लोग कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे, तभी आरोपी सादिक उर्फ गुड्डू ने अपनी गाड़ी ससुराल पक्ष की गाड़ी के आगे लगाकर उन्हें रोक लिया और धमकी दी कि जिसके सिर पर सहरा होगा, उसे गोली मार दूंगा। आरोपी ने तमंचा तानकर मौके पर दहशत फैला दी।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी की तलाश की, लेकिन वह पुलिस पहुंचने से पहले फरार हो गया।

बाद में आरोपी के परिजनों ने पीड़िता के घर पहुंचकर हंगामा करते हुए निकाह के दौरान गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी को लगाया चूना, चार दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**समाज जागरण कांधला।**

बुलेट पर सवार फर्जी पुलिसकर्मियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर व्यापारी को चकमा देते हुए हजारों रुपए की कीमत की एलईडी ठग ली गई। घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस कार्रवाई न होने से व्यापारियों में गहरा रोष व्याप्त है।कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी व्यापारी आदेश की रेलवे रोड स्थित इलेक्ट्रॉनिक दुकान पर दो अज्ञात युवक पहुंचे। उन्होंने खुद को थाना कांधला की खंद्रावली चौकी का पुलिसकर्मी बताते हुए 43 इंच की महंगी एलईडी टीवी ले ली और पैसे देने का बहाना बनाकर फरार हो गए।जब आदेश चौकी पर पहुंचे, तो वहां तैनात दरोगा ने एलईडी मंगवाने और भुगतान की बात से पूरी तरह इनकार कर दिया। व्यापारी ने तुरंत दुकान के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें बदमाशों का चेहरा और बुलेट बाइक स्पष्ट दिखाई दे रही है। आदेश ने फुटेज और अन्य सबूतों के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन चार दिन बीतने के बावजूद पुलिस कोई ठोस कदम नहीं उठा पाई।व्यापारी आदेश ने कहा, मेहनत की कमाई पर फर्जी पुलिसकर्मी डाका डाल गए, अगर पुलिस ऐसे ही लापरवाह रही तो व्यापार करना मुश्किल हो जाएगा।नाराज व्यापारियों ने अब सामूहिक रूप से उच्च अधिकारियों से मिलकर मामले के जल्द खुलासे और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# मान स्तंभ प्रतिष्ठा महोत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण

**समाज जागरण बागपत।**



त्रिदिवसीय श्री ऋषभदेव मानस्तंभ प्रतिष्ठा महोत्सव 14 नवंबर से 16 नवंबर तक आचार्य श्री नयन सागर जी महाराज के सानिध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य श्री अशोक जैन शास्त्री दिल्ली के दिशा निर्देशन में तीर्थंकर ऋषभदेव सभागार मान स्तंभ सभागार बडौत में धूमधाम से मनाया जाएगा। दिगंबर जैन कॉलेज प्रबंध समिति के तत्वावधान में समस्त धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। मानस्तंभ की टोंक पर आचार्य श्री और प्रतिष्ठाचार्य सहित 10 व्यक्ति ही मांगलिक क्रियाएं संपन्न कराएंगे।जिसके लिए मजबूत लोहे की पैड बनाई गई है। प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा ऊपर चढ़कर आज पैड का निरीक्षण किया गया। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि मानस्तंभ निर्माण एवं जीर्णोद्धार सरला - सुरेंद्र कुमार जैन द्वारा ,ध्वजारोहण मोनिका-राजेश जैन (खाद वाले) द्वारा और सामग्री रोशन लाल अमित जैन (लोहडड़े वाले) के द्वारा दी गई है। महोत्सव के सौधर्म इंद्र रोहन-ईशा जैन, कुबेर इंद्र आयुष- शालू जैन और यज्ञनायक अजय- सुनीता जैन होंगे। कलशारोहण प्रदीप पराग जैन द्वारा और अतिथि भोजन सुरेंद्र कुमार पियूष जैन (मटिया परिवार) द्वारा दिया जाएगा। 14 नवंबर को सुबह साढ़े आठ बजे, श्री जी की पालकी यात्रा एवं घटयात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। यात्रा अतिथि भवन से प्रारंभ होकर मानस्तंभ परिसर पहुंचेगी,जहां पर आचार्य श्री के सानिध्य में मांगलिक क्रियाएं संपन्न होंगी। 15 नवंबर को याज्ञमंडल विधान और वास्तु विधान का आयोजन किया जाएगा। 16 नवंबर को सुबह 11 बजे मानस्तंभ पर जिनबिम्ब स्थापना और कलशा रोहण, ध्वजारोहण किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिगंबर जैन हाई स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष धन कुमार जैन,सचिव डी के जैन,प्रबंधक राकेश जैन, रविन्द्र पिंटी,राकेश जैन भाजपा,विमल जैन,अरविंद जैन मुन्ना,अनिल जैन राजदूत,संजय जैन बनस्थली,सकल जैन समाजएवं नगर की अनेकों धार्मिक संस्थाएं जोर शोर से जुटी हुई है।

# गरीब, मजदूर व अनाथ बच्चों को मुफ्त शिक्षा दे रहे जितेंद्र भाटी

**समाज जागरण बागपत।**



जीवन ज्योति शिक्षा समिति ट्रस्ट के बैनर तले सुप्रसिद्ध समाजसेवी जितेंद्र सिंह भाटी द्वारा सैकड़ों-हजारों गरीब, मजदूर व अनाथ बच्चों में मुफ्त शिक्षा की ज्योति जलाई जा रही हैं। जिनकी बागपत के लोग भी प्रशंसा कर रहे हैं। ग्रेटर नोएडा के गांव बोड़ाकी में एक किसान परिवार में जन्मे जितेंद्र सिंह भाटी वर्ष 2019 से गरीब, मजदूर, अनाथ व दिव्यांग बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा, मुफ्त भोजन प्रदान करते आ रहे हैं। सैकड़ों बच्चों को आगे बढ़ाने में सहायक बने हैं और गरीब, मजदूर व कामगार परिवारों की महिलाओं को मुफ्त में सिलाई, कढ़ाई, बुनाई व पेंटिंग आदि कार्य सीखा कर आत्मनिर्भर बनाने में मदद करते आ रहे हैं। ट्रस्ट द्वारा सैकड़ो हजारों बच्चे लाभान्वित हो चुके हैं। उन्होंने कोरोना महावारी में भी झुग्गी-झोपड़ी में जाकर गरीब परिवारों की हर संभव मदद की। खाने पीने के वस्तु और सूखे राशन की व्यवस्था कराई। वह देश सेवा की तरह कार्य कर रहे हैं। वह पिछले पांच, छः सालों में देश-विदेश के सैकड़ों, हजारों लोगों को जोड़ चुके हैं, जिसमें सामाजिक सम्मानित, नेता, फिल्म अभिनेता, अधिकारी अन्य को सम्मानित किया है। कौन बनेगा करोड़पति के मंच पर सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने भी उन्हें अच्छे कार्यों के लिए सम्मानित किया है। मुंबई में भी ट्रस्ट की शाखा बनाई है। फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र,शनि देओल, राजपाल यादव, चंकी पांडे, सोनू सूद, रजा मुराद, अरुण गोविल, अली खान, रेमो डिसूजा, टाईगर श्रॉफ, दिशा पठानी, नीरज भारद्वाज, उपासना सिंह, रमेश गोयल, जॉनी लीवर, रणदीप हुड्डा सहित सैकड़ों, हजारों फिल्म अभिनेता, अभिनेत्री, प्रोड्यूसर, डायरेक्टर व सीरियल कलाकार संस्था से जुड़े हैं। सेवा कार्यों के लिए गौतम बुद्ध नगर जिले और भारत भर में जितेंद्र सिंह भाटी को शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्यों के लिए सैकड़ों बार सम्मानित किया गया है।

# राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में हुई चम्मच दौड़ प्रतियोगिता

**समाज जागरण बागपत।**

एक नवम्बर से चल रहे खेल सप्ताह के अंतर्गत राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बागपत में जूनियर वर्ग और सीनियर वर्ग में चम्मच दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें जूनियर वर्ग की विजेता कुमारी नबिया कक्षा 8, सृष्टि कक्षा 6 व इशिका कक्षा 8 क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रही एवं



सीनियर वर्ग में कुमारी रितु कक्षा 11, कुमारी रिया कक्षा 10 ,अर्शी कक्षा 9 क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रही। इसी के क्रम में कल जूनियर तथा सीनियर वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें जूनियर वर्ग में कक्षा 8 एवं सीनियर वर्ग में कक्षा 11 विजेता रही। खेल सप्ताह का समापन 14 नवम्बर को बाल दिवस के अवसर पर किया जाएगा। प्रतियोगिताओं को अमित कुमार तथा छवि श्रीवास्तव के द्वारा संपन्न कराया गया। इनके साथ ही शिखा तथा कोमल का भी सहयोग रहा।

# पड़ोसी पर लगाए गंभीर आरोप झूठे केस और जान से मारने की धमकी की शिकायत,

## --एसपी ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

**समाज जागरण बागपत।**

बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के बड़का गांव निवासी राममोहन नामक युवक ने अपने पड़ोसी परिवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि पड़ोसी नशीले पदार्थों और अवैध हथियारों का व्यापार करते हैं। राममोहन ने पड़ोसी परिवार पर झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता राममोहन के अनुसार, उनके पड़ोसी अवैध रूप से सुल्फा और गांजा जैसे नशीले पदार्थों के साथ-साथ हथियारों का भी कारोबार करते हैं। राममोहन ने बताया कि रात के समय नशा खरीदने आने वाले लोग अक्सर गलती से उनके घर का दरवाजा खटखटाते हैं, जिससे उनके परिवार में असुरक्षा का माहौल बना रहता है। राममोहन ने आरोप लगाया कि जब वह इन अवैध गतिविधियों का विरोध करते हैं, तो पड़ोसी युवक के बेटे और बेटी उनके परिवार के साथ गाली-गलौज और मारपीट करते हैं। पीड़ित ने बताया कि सीन ने उसे अवैध हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी है,। राममोहन ने यह भी बताया कि पहले भी इन लोगों द्वारा मारपीट की घटना हो चुकी है, जिसकी शिकायत एसपी कार्यालय में की गई थी। उस समय समाज के कुछ प्रतिष्ठित लोगों ने हस्तक्षेप कर समझौता करा दिया था। हालांकि, अब वही लोग उनके परिवार को नुकसान पहुंचाने की नीयत से फिर से धमकियां दे रहे हैं। पीड़ित ने द्वारा लगाए गए मोबाइल फोन से संबंधित आरोपों को भी खारिज किया। राममोहन के अनुसार, जिस मोबाइल फोन की बात कर रही है, वह काफी समय पहले ही गुम हो चुका है, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज है। पीड़ित युवक ने पुलिस प्रशासन से पड़ोसी युवक और उसके परिवार के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है ताकि उनका परिवार सुरक्षित रह सके। बागपत एसपी सूरज कुमार राय ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# लापता पुत्र की तलाश की गुहार लेकर थाने पहुंचा पिता

## -- बागपत में पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू की, सीसीटीवी खंगाल रही टीम

**समाज जागरण बागपत।**

खेकड़ा नगर में एक 14 वर्षीय किशोर रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया है। कल्याणपुरी, नूर मस्जिद के निकट रहने वाले आसिफ पुत्र मोहम्मद अली ने अपने बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट खेकड़ा थाने में दर्ज कराई है। आसिफ के अनुसार, अर्श प्रतिदिन की तरह अपने दोस्तों के साथ खेलने के लिए घर से निकला था। जब देर शाम तक वह वापस नहीं लौटा, तो परिवार को चिंता हुई। आस-पड़ोस में पूछताछ करने के बाद भी अर्श का कोई पता नहीं चला,काफी देर तक तलाश करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला,जिसके बाद आसिफ ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस की टीम सक्रिय हो गई। थाना प्रभारी प्रभाकर केंतुरा ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया गया है। बच्चे की तलाश के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है,

जो इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।पुलिस स्थानीय लोगों और अर्श के दोस्तों से भी पूछताछ कर रही है ताकि उसके संभावित ठिकाने का पता चल सके। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया है कि बच्चे को जल्द ही सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

# सिंचाई बंधु बैठक में किसानों ने नहर सफाई और कब्जा मुक्त कराने की मांग की

--किसानों ने विकास भवन बैठक में रखीं नहर जलापूर्ति और मार्ग सुधार की समस्याएं

--अधिकारियों को सीडीओ ने एक सप्ताह में किसानों की शिकायतों की रिपोर्ट मांगी

--सिंचाई बंधु बैठक में जलभराव टूटी सड़कें और हाईटेंशन लाइन पर चर्चा

**समाज जागरण बागपत।**

मंगलवार को विकास भवन सभागार में हुई सिंचाई बंधु की बैठक में किसानों ने सिंचाई व्यवस्था से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। नहरों में पानी छोड़ने, सफाई कराने और कब्जा मुक्त कराने जैसी मांगों के साथ किसानों ने समयबद्ध समाधान की अपील की। बैठक में पवन शर्मा ने बताया कि मीरापुर रजबहे पर कब्जा करने के लिए दीवार बनाई जा रही है, जिसकी शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। इस पर अधिशासी अभियंता ने बताया कि मामले में डीएम को पत्र भेजा गया है और जल्द कार्रवाई की जाएगी। विजयपाल ने बड़का गांव में तालाब की सफाई न होने की समस्या उठाई और कहा कि सफाई न होने से बीमारी फैलने का खतरा है। उन्होंने जल्द सफाई कराने की मांग की। सूजती गांव के जितेंद्र ने बताया कि बड़का-हिलवाड़ी से रेलवे स्टेशन व ईदरीशपुर अंडरपास तक जाने वाला मार्ग पूरी तरह जर्जर है। लोक निर्माण विभाग को कई बार शिकायत की जा चुकी है

, लेकिन सड़क का निर्माण अभी तक नहीं हुआ। अवर अभियंता ने निरीक्षण के बाद प्रस्ताव भेजने का आश्वासन दिया। वाजिदपुर के संदीप ने कहा कि उनके खेतों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन काफी नीचे है, जिससे फसल जलने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि कई बार ऊर्जा निगम को अवगत कराने के बावजूद कोई कदम नहीं उठाया गया। साथ ही रजबहे की सफाई कराकर पानी छोड़े जाने की भी मांग की।

समिति के उपाध्यक्ष यशवीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी समस्या में लापरवाही न बरती जाए और सभी मुद्दों का जल्द समाधान किया जाए। वहीं, मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव ने सभी विभागों को एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# दिल्ली धमाके में झिंझाना के नौमान की मौत, भाई की हालत गंभीर

## -झिंझाना से दिल्ली कॉस्मेटिक की दुकान के लिए सामान लेने गए थे दोनों

**समाज जागरण झिंझाना।(फुरकान जंग)**



सोमवार की देर शाम को देश की राजधानी दिल्ली में हुए धमाके में झिंझाना कस्बे के रहने वाले कॉस्मेटिक दुकान करने वाले 22 वर्षीय नौमान की मौत हो गई, जबकि उसका तहेरा भाई अमन गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।घटना से क्षेत्र से सगे संबंधी शौक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधा रहे हैं। कस्बे के मौहल्ला शाह मुबारिक निवासी नोमान पुत्र इमरान कस्बे के में बाजार में कास्मेटिक की दुकान करता था। सोमवार को कस्बे में साप्ताहिक बाजार बंद रहता है। जिसको लेकर नोमान अपने तहेरे भाई अमन पुत्र हारुन निवासी कैराना के साथ कस्बे के ही ईको कार चालक विरासत पुत्र लियाकत के साथ सुबह दिल्ली सामान लेने के लिए रवाना हुए थे।देर शाम जब नोमान ओर अमन बाजार से सामान खरीदकर अपनी कार में आ गये तो उनके याद आया कि चांदनी चौक में कुछ सामान भूल गए। जिसके बाद दोनों भाई सामान लेने पहुंचे तो लाल किले के पास सड़क पार करते समय कार में हुए धमाके के साथ हुए विस्फोट की चपेट में आ गये। जिनको उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। लेकिन कार चालक विरासत दोनों भाईयों का कार में इंतजार करता रहा। लेकिन डेड घंटे के बाद जब वह नहीं आये तो फोन पर बात करनी चाही लेकिन विरासत का फोन रिसीव नहीं हुआ। जिसकी जानकारी विरासत द्वारा नोमान के पिता इमरान को दी।जिसके बाद नोमान के फोन पर इमरान ने भी फोन किया लेकिन बात नहीं हुई। लेकिन कुछ समय बाद नोमान के पिता इमरान के फोन पर फोन आया कि अमन घायल हैं और अस्पताल में हैं।जिसके बाद इमरान ने विरासत को फोन पर बताया ओर खुद भी दिल्ली के लिए निकल गये।विरासत ने अस्पताल में जाकर अमन की जानकारी ली तो डाक्टरों ने बताया अमन खतरे से बाहर है। लेकिन नोमान की कोई जानकारी नहीं मिली।देर रात तक परिजन नोमान को तलाशते रहे, लेकिन मंगलवार को सुबह जब घटना में मृत लोगों की सूची जारी की गयी तो उसमें नोमान का नाम मृत लिस्ट में मिला ।जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया, कस्बे में नोमान की मौत की सूचना से शोक की लहर दौड़ गई।हर कोई नोमान के घर की ओर दौड़ पर ओर परिजनों को ढांढस बंधाने लगे।

**झिंझाना**

दिल्ली दुर्घटना में मरने वाले नोमान के दो भाई चार बहन,जिनमें नोमान दूसरे नंबर का था। मृतक का बड़ा भाई फरमान किडनी खराब होने के चलते आयुष्मान हॉस्पिटल में उपचारधीन है। सभी भाई बहन अविवाहित हैं और पिता भी पुराने कबाड़ ओर गांव में सामान की फेरी लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। लेकिन नोमान की मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा वहीं अस्पताल में भर्ती फरमान को लेकर भी परिजनों में चिंता बनी हुई है।

**झिंझाना**

दिल्ली लाल किले के पास कार ब्लास्ट में मारे गये नोमान सदर बाजार से सामान खरीदकर अपनी कार में आ गये थे। लेकिन चांदनी चौक में एक दुकान पर रखा अपना सामान लेने जाना दोनों भाइयों को महंगा पड़ गया और नोमान की अपनी जान से हाथ धोना पड़ा,वहीं अमन भी गम्भीर रूप से घायल है। चालक विरासत ने बताया कि मेने बोला था एक सामान ले आओ लेकिन दोनों भाई बोले की हम दोनों ही जा रहे हैं।अगर विरासत की बात मान लेते तो शायद हादसा टल सकता था, लेकिन होनी को कौन टाल सकता है। दुर्घटना में नोमान की मौत हो गई और अमन घायल हो गया।

**झिंझाना**

दिल्ली में कार ब्लास्ट में हुई नोमान की मौत से जहां कस्बे में शोक की लहर है।वहीं शाम के समय जब नोमान का शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया।वहीं सगे संबंधियों द्वारा परिवार को ढांढस बंधाया जा रहा था। लेकिन घटना हर किसी की आंखें नम हो गई। जिसके बाद गमगीन माहौल में नोमान के शव को सुपुदेर्खाक कर दिया गया।

# 350वें शहीदी महान नगर कीर्तनों में से गुरुद्वारा साहिब, ग्राम गोरखनाथ पिंजौर, पंचकुला से शुरू

समाज जागरण

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) धन श्री गुरु तेग बहादुर महाराज जी भाई मति दास भाई सती दास भाई दयाला जी की 350वीं शहीदी शताब्दी। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे 4 महान शहीदी नगर कीर्तनों में से दूसरा आज गुरुद्वारा साहिब, ग्राम गोरखनाथ पिंजौर, पंचकुला से शुरू हुआ। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के धर्म प्रचार अध्यक्ष जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल जी ने गुरुद्वारे के इतिहास की जानकारी दी। हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने सभा को संबोधित किया। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस.गुरमीत सिंह रामसर ने संगत के सहयोग से इस नगर कीर्तन यात्रा का आयोजन किया। इस अवसर पर, कनिष्ठ उपाध्यक्ष श्री गुरबीर सिंह तलाकौर, शाहबाद मारकंडा की सदस्य बीबी करतार कौर, हलका पंचकूला के सदस्य जत्थेदार स्वर्ण सिंह बुंगा टिब्बी, बराड़ा विधानसभा क्षेत्र के सदस्य श्री




राजिंदर सिंह डुलियाना सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। साथ ही, विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती शक्ति रानी, सांसद श्रीमती रेखा शर्मा, हरियाणा के मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार श्री तरुण भंडारी, हरियाणा सरकार के ओएसडी डॉ. प्रभलीन सिंह, पंजाबी साहित्य अकादमी, हरियाणा के निदेशक श्री हरपाल सिंह चीका सहित बड़ी संख्या में सिख श्रद्धालु उपस्थित थे। मंच का संचालन नाडा साहिब के धर्म प्रचार प्रभारी श्री सिकंदर सिंह वराणा ने किया। गुरुद्वारा नाडा साहिब के मुख्य ग्रंथी श्री जगजीत सिंह ने शोभायात्रा के शुभारंभ के लिए प्रार्थना की। श्री गुरु ग्रंथ साहिब की छत्रछाया पंज प्यारे द्वारा ओढ़ी गई और नगर कीर्तन की अगुवाई पांच प्यारों और पांच निशानची सिंहों द्वारा की गई

# मंगलवार को गांव पहुंचने पर परिजनों व ग्रामीणों ने जोरदार अभिनंदन कर हौसला अफजाई की

## बहल के निकटवर्ती गांव बिठ्ठन की बेटी खुशी खरब ने जार्डन में आयोजित एशियन चैंपियनशिप 2025 अंडर 16 वालीबाल प्रतियोगिता में टीम इंडिया में हिस्सा लिया

समाज जागरण,
( महेन्द्र जावला बहल )

बहल, 11 नवंबर।बहल के निकटवर्ती गांव बिठ्ठन की बेटी खुशी खरब ने जार्डन में आयोजित एशियन चैंपियनशिप 2025 अंडर 16 वालीबाल प्रतियोगिता में टीम इंडिया में हिस्सा लिया और मंगलवार को गांव पहुंचने पर परिजनों व ग्रामीणों ने जोरदार अभिनंदन कर हौसला अफजाई की। हालांकि वालीबाल खिलाड़ी खुशी खरब की टीम को कोई स्थान प्राप्त नहीं किया। लेकिन इसको उपलब्धि मानते हुए ग्रामीणों ने शानदार अभिनंदन कर और उसे सम्मानित किया। खुशी एमडी स्कूल बरालु की छात्रा है और वालीबाल नर्सरी में अभ्यासरत है और हाल ही में एशियन चैंपियनशिप के लिए भारतीय वालीबाल टीम की खिलाड़ी के तौर पर चयनित होने पर जार्डन खेलकर लौटी है।

मंगलवार को गांव में पहुंचने पर बेटी खुशी खरब का ग्रामीणों द्वारा



गाजे बाजे के साथ फुल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। खुशी के खेलकर लौटने पर गांव में खुशी का माहौल है। खुशी के पिता एक सामान्य किसान है। मेहनत के बल पर इस मुकाम तक पहुंचने में कामयाब रही है। खुशी की उपलब्धि पर गांव के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया है। गांव के लोग खुशी को बधाई दे रहे हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे हैं। खुशी के पिता संजय खरब किसान हैं और उन्होंने खुशी की सफलता पर खुशी जताई है। खुशी के कोच सन्दीप जेवली ने कहा कि खुशी एक अच्छी काउंटर अटैक खिलाड़ी है और वह प्रतिदिन 5 घंटे मेहनत करती है। खुशी के चयन पर गांव के लोगों में खुशी की लहर है और वे खुशी को बधाई दे रहे हैं । सिंघानी से लेकर गांव बिठ्ठन के दादी सती माता खेल मैदान तक गाजे बाजे के साथ खिलाड़ी को जुलूस के साथ लाया गया। इस अवसर पर सरपंच सोनु, कोच उर्मिला भारती, कोच सन्दीप जेवली, कोच राजेंद्र सुरपुरा, शिवकुमार फौजी, प्रवेश फौजी, अंकित चौहान, रामचंद्र खरब , पुर्व सरपंच जयसिंह खरब आदि मौजूद थे।

# गृह मंत्री ने हर एक दोषी को जल्द से जल्द पकड़ने के निर्देश दिए

## अमित शाह ने दिल्ली कार विस्फोट की घटना पर आज नई दिल्ली में उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता की

(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)

नई दिल्ली,11 नवंबर : केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने दिल्ली कार विस्फोट की घटना पर आज नई दिल्ली में सुरक्षा एजेंसियों और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता की। पहली बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव, आसूचना ब्यूरो (IB) के निदेशक, NIA के महानिदेशक और दिल्ली पुलिस कमिश्नर उपस्थित थे। जम्मू-कमिश्नर के पुलिस महानिदेशक वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए। दूसरी बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव, आसूचना ब्यूरो के निदेशक, राष्ट्रीय सुरक्षा गारद के महानिदेशक, एन.आई.ए. के महानिदेशक, फोरेंसिक साइंस सर्विस के निदेशक, फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (FSL) के प्रधान निदेशक व निदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक के बाद केन्द्रीय गृह मंत्री ने X पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली कार ब्लास्ट के सम्बन्ध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें कीं। अधिकारियों को इस घटना के लिए जिम्मेदार हर एक दोषी को जल्द से जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। इस कृत्य में शामिल हर व्यक्ति हमारी एजेंसियों के कहर का सामना करेगा।

# रातों-रात हुआ सड़क डामरीकरण भ्रष्टाचार का जीवंत उदाहरण: समाजसेवी महावीर चहल ने पीडब्ल्यूडी पर लगाए गंभीर आरोप, उच्च स्तरीय जांच की मांग

समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )

बहल, 11 नवम्बर। किसान नेता व समाज सेवी महावीर चहल ने रात के अंधेरे में सीसी सड़क पर डामरीकरण लोक निर्माण विभाग ने भ्रष्टाचार का अजाब उदाहरण करार दिया है। सीसी सड़क तोड़े बिना डामरीकरण को भ्रष्टाचार व सत्ता की पहुंच के कारनामें की तस्वीर बताया है। कस्बा बहल का मुख्य सड़क मार्ग सुधिवास असंध स्टेट हाईवे की रात के अंधेरे में डामरीकरण भ्रष्टाचार की परत में ढल गया। ना लोकनिर्माण विभाग के नियम आड़े आए ना अधिकारियों ने अनियमितताओं को देखा। भाजपा के नेता के समर्थकों ने नेताओं की वाह वाही का ढ़िंढ़ोरा सोशल मीडिया पर वायरल होड़ अधिकारी व निर्माण एजेंसी का सहारा जरूर बने। समाजसेवी महावीर चहल ने आटो मार्केट से लेकर अनाज मंडी के गेट तक रातों रात बनाई गई सड़क को भ्रष्टाचार का एक जीवंत उदाहरण बताया है। महावीर चहल ने सड़क बनाने का जो पैरामीटर हैं उसको नजर अंदाज करने व लिपापोती बताया है। अपने बयान में बताया कि सड़क निर्माण में जो अनियमितताएं बरती गई है ऐसा उदाहरण पूरे हरियाणा प्रदेश में शायद ही कोई दूसरा मिले। यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगा की पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी व सड़क निर्माण ठेका एजेंसी की मिली भगत कर नियमों को ताक पर रखकर किया है। महावीर चहल ने सड़क निर्माण सामग्री व विभाग के नियमों में बरती गई अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। महावीर ने टेंडर की मंजूर शुदा धनराशि का 20 फीसदी हिस्सा खर्च कर बाकी 80 फीसदी बचा धन सीधा ठेकेदार व संबंधित अधिकारियों ने अपनी जेब में रखने का आरोप भी लगाया है। जीरो रोड़ी व केसर की जितने इंच की मोटी लेयर बनानी चाहिए थी। उतनी न लगाकर इंचों में कार्य कर इतिश्री कर ली गई है। अब हमारी मांग है कि उक्त सड़क को दोबारा बनाया जाए। यदि समय रहते हैं ऐसा ना किया तो तथाकथित ठेकेदार व अधिकारियों के खिलाफ पीएमओ व सीएमओ ट्विटर पर दरखास्त भेजकर निर्माण कार्य की अनियमितताओं की जांच की मांग की जाएगी।

# संविधान दिवस समारोह में होंगे डॉ. राजेंद्र पाल गौतम मुख्य अतिथि, कांग्रेस नेता महेंद्र बिधनोई ने दिल्ली में किया आमंत्रण

समाज जागरण, ( महेन्द्र प्रजापत बहल )

बहल, 11 नवंबर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय कार्यालय दिल्ली में अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री डा राजेंद्र पाल गौतम से डा. भीमराव अंबेडकर जन कल्याण समिति के संस्थापक बहुजन संघर्ष दल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व कांग्रेस नेता महेंद्र सिंह बिधनोई ने मुलाकात की और मौजूदा भाजपा सरकार की नीतियों से प्रभावित समाज की स्थिति पर चर्चा की। इस मौके पर अखिल भारतीय अनुसूचित जाति विभाग के संगठन को लेकर चर्चा हुई और 29 नवंबर को बिधनोई संविधान दिवस समारोह को लेकर भी चर्चा कर कार्यक्रम में शामिल होने का न्यौता भी दिया। महेंद्र बिधनोई ने बताया कि डा. राजेंद्र पाल गौतम संविधान दिवस समारोह के मुख्यातिथि का निमंत्रण स्वीकार लिया है। डा. राजेंद्र पाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सचिव प्रियंका गांधी के टीम के सदस्य उत्तर प्रदेश के प्रभारी बवानी खेड़ा के कांग्रेस प्रत्याशी रहे प्रदीप नरवाल की होंगे ओर भी कांग्रेस पार्टी के विधायक व नेता कांग्रेस पार्टी के पहुंचकर कार्यक्रम में पधारेंगे।

# पंजाब के तरन तारन उप चुनाव में 60.95 प्रतिशत मतदान

(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)

जैतो,11 नवंबर। आज पंजाब के तरनतारन उपचुनाव में मतदान हुआ जिसमें लगभग 60.95 प्रतिशत मतदान होने की सूचना हैं। इस उप चुनाव में आम आदमी पार्टी के हरमीत सिंह संधू, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के करणबीर सिंह बुर्ज व शिरोमणि अकाली दल के प्रिंसिपल सुखविंदर कौर रंधावा व भारतीय जनता पार्टी हरजीत सिंह संधू आदि प्रमुख पार्टियों के अलावा, कई निर्दलीय उम्मीदवार और अन्य छोटे दलों के प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में है।,कुल मिलाकर लगभग 15 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। आज मतदाताओ ने इन उम्मीदवारों की राजनीतिक भविष्य का फैसला किया है। वोटों की गिनती 14 नवंबर 2025 को होगी।

# गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्कल द्वारा आयोजित अंतर स्कूल युवा मेले में विद्यार्थियों ने दिखाया कौशल

(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)

जैतो,11 नवंबर।विद्यालय में गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्कल , जैतो के तत्वावधान में अंतर स्कूल युवा मेले में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता



का उद्देश्य विद्यार्थियों में ज्ञान, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना था। प्रतीक सिंह ने पगड़ी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मनसीरत कौर ने कविता प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल किया।विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या श्री मती गुरसेवक कौर मान जी ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं।

# अमृत देते समय गुरु साहिब के चरणों में जूते दिखाना सिख सिद्धांतों का उल्लंघन: एडवोकेट धामी

## एसजीपीसी अध्यक्ष ने भाई जैता जी के स्मारक में पंजाब सरकार की सिद्धांत-विरोधी कार्रवाई पर उठाए सवाल

(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)

जैतो, 11 नवंबर (रघुनंदन पराशर): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने श्री आनंदपुर साहिब में पंजाब सरकार द्वारा स्थापित स्मारक में भाई जैता जी के चित्र पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि स्मारक में लगे चित्र में भाई जैता जी को अमृत देते समय श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चरणों में जूते दिखाना सिख सिद्धांतों, शिष्टाचार और सिख भावनाओं का उल्लंघन है।



एडवोकेट धामी ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा उद्घाटन किया गया यह स्मारक संगत का मार्गदर्शन करने के बजाय उसे ठेस पहुँचाएगा।

उन्होंने कहा कि सिख धर्म के अनुसार, अमृत संस्कार एक पवित्र और गरिमापूर्ण अनुष्ठान है, जिसमें आदर और श्रद्धा अनिवार्य है। लेकिन सरकार ने एक तस्वीर के माध्यम से इस पवित्र प्रक्रिया में खलल डालकर सिद्धांत का उल्लंघन किया है। एसजीपीसी अध्यक्ष ने धार्मिक मामलों में सरकार के हस्तक्षेप पर सवाल उठाया और कहा कि पहले सरकार ने श्रीनगर में एक धार्मिक समारोह के दौरान सिद्धांत का उल्लंघन किया था, और अब भाई जैता जी द्वारा स्थापित स्मारक में सिद्धांत के खिलाफ एक तस्वीर स्थापित करके फिर से ऐसा किया है। उन्होंने कहा कि यह दुख की बात है कि सरकार उन अधिकारियों से कार्रवाई करवा रही है जिन्हें धार्मिक और ऐतिहासिक मामलों की समझ नहीं है, जिसके कारण इस तरह के गंभीर सिद्धांत उल्लंघन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिख धर्म एक गरिमापूर्ण जीवन शैली का नाम है और इसकी विशिष्टता इसके मौलिक मूल्यों और आदर्शों में निहित है। उन्होंने कहा कि शिरोमणि कमेटी शुरू से ही कहती आ रही है कि सरकार श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी पर्व से संबंधित विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित करे और शिरोमणि कमेटी द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में सहयोग करे। लेकिन सरकार को राजनीति के अलावा कुछ नहीं दिखता। एडवोकेट धामी ने जोर देकर कहा कि सरकार को स्मारक से इस तस्वीर को तुरंत हटाना चाहिए और देश से माफी मांगनी चाहिए। यदि सरकार इस गंभीर मामले को हल्के में लेगी तो शिरोमणि कमेटी अपने स्तर पर इस पर कार्रवाई करने को मजबूर होगी

# ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने वाले स्टाफ के खिलाफ होगी कार्रवाई : एस.एम.ओ.डॉ.वरिंदर कुमार

समाज जागरण
चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब

जैतो 11 नवंबर :एक दिन पहले यहां से करीब पांच किलोमीटर दूर जैतो-बठिंडा रोड पर स्थित गांव चंदभान के पास हुए सड़क हादसे में दलित परिवारों से संबंधित तीन लोगों की कार में सवार होकर गांव चंदभान से जैतो आते समय मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 लोगों को गंभीर हालत में मौके पर पहुंची जैतो की समाज सेवी संस्थाओं की एंबुलेंस द्वारा यहां सिविल अस्पताल लाया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्टाफ नर्स ने उन्हें सिविल अस्पताल कोटकपूरा रेफर कर दिया। घटना वाले दिन सोशल मीडिया के माध्यम से दिखाया गया कि अस्पताल में न तो शवगृह था, न ही जनरेटर और न ही कोई इमरजेंसी डॉक्टर मौजूद था। इस पूरे मामले को लेकर अस्पताल के एसएमओ डॉ. वरिंदर कुमार एमडी मेडिसिन ने कहा कि अस्पताल में शवगृह, जनरेटर, बिजली की हॉटलाइन चालू हालत में हैं। उन्होंने बताया कि 6 नवंबर को शवगृह में एक शव की एंट्री दर्ज की गई थी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में हुई घटना के दौरान लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



डॉ. वीरेंद्र कुमार एमडी मेडिसिन शवगृह के बारे में जानकारी देते हुए।

# शहीदी नगर कीर्तन असम से शुरू होकर कत्थूनंगल से गुरुद्वारा साहिब पातशाही नौवी बाबा बकाला के लिए रवाना

(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)

जैतो, 11 नवंबर : नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहादत शताब्दी के उपलक्ष्य में शहीदी नगर कीर्तन आज असम के गुरुद्वारा धोबडी साहिब से शुरू हुआ, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का अगला पड़ाव गुरुद्वारा जन्म स्थान बाबा बुड्ढा साहिब कथुनंगल से गुरुद्वारा साहिब पातशाही नौवी बाबा बकाला के लिए रवाना हुआ।

इस अवसर पर गुरुद्वारा जन्म स्थान बाबा बुड्ढा साहिब कत्थूनंगल में आयोजित धार्मिक दीवान में रागी जत्था द्वारा गुरबाणी कीर्तन किया गया और सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी राजदीप सिंह ने नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत का इतिहास संगत के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि नौवें गुरु जी की शहादत का राष्ट्र के लिए बहुत महत्व है और इस शताब्दी अवसर पर श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है।सिंह साहिब ज्ञानी राजदीप सिंह ने नगर कीर्तन की रवानगी के अवसर पर पालकी में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन स्वरूप को सुशोभित करने की सेवा निभाई। रास्ते में विभिन्न पड़ावों से स्कूली बच्चों और संगत ने नगर कीर्तन का स्वागत किया और गुरु साहिब को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर एसजीपीसी सदस्य एडवोकेट भगवंत सिंह सियालका, सुरजीत सिंह भिट्टेवड़, अमरजीत सिंह बंडाला, विधायक बीबा गुनिव कौर मजीठिया, बाबा सरदारा सिंह मखनविंडी, बाबा सज्जन सिंह बेर साहिब, बाबा गुरदीप सिंह तरसिक्का वाले, बाबा मनमोहन सिंह भंगाली वाले, बाबा मेजर सिंह सोढ़ी, अमरीक सिंह क्लेरांवाले, बाबा सुखवंत सिंह चन्नानके, बाबा गुरभेज सिंह खजला, बाबा कंवलजीत सिंह नागियाना, बाबा दीदार सिंह, उप सचिव मंजीत सिंह तलवंडी, श्री दरबार साहिब के अतिरिक्त प्रबंधक स. इकबाल सिंह, पर्यवेक्षक लाल सिंह, गुरुद्वारा जन्म स्थान बाबा बुड्ढा साहिब जी के प्रबंधक जगरूप सिंह, प्रचारक भाई दिलबाग सिंह भंगाली, भाई हरप्रीत सिंह, भाई हरजीत सिंह, भाई दिलबाग सिंह साबरा, भाई हरजिंदर सिंह और बड़ी संख्या में संगत मौजूद थी।



असम से शुरू हुआ शहीदी नगर कीर्तन कतथुनंगल से गुरुद्वारा साहिब पातशाही नौवें बाबा बकाला के लिए रवाना होने का दृश्य।

# जनजातीय गौरव वर्ष हमारा गौरव हमारी धरोहर उत्सव

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान (एनटीआरआई) ने पहला राष्ट्रीय जनजातीय साहित्य महोत्सव 2025 सफलतापूर्वक आयोजित किया। इसे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा धरतीआबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाने के लिए घोषित जनजातीय गौरव वर्ष के शुभ अवसर पर आयोजित किया गया।

यह दो दिवसीय कार्यक्रम भारत की समृद्ध आदिवासी साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाता है और इसका मकसद जनजातीय ज्ञान प्रणालियों के संवाद, संरक्षण और प्रचार के लिए राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। यह उत्सव बड़े उत्साह और सम्मान के साथ शुरू हुआ। इसकी शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर फूल चढ़ाकर और माला पहनाकर की गई। इसके बाद गणमान्य व्यक्तियों ने औपचारिक दीपक जलाया, जो ज्ञान और बुद्धि की जीत का प्रतीक था। उद्घाटन समारोह में जनजातीय कलाकारों द्वारा पारंपरिक माडिया गीत और नृत्य की लयबद्ध ऊर्जा गूंज उठी, जो भारत की स्वदेशी परंपराओं की जीवंतता और विविधता को दर्शाती है।

माननीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मुख्य भाषण दिया। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार की जनजातीय कल्याण के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के लिए उनके नेतृत्व की तारीफ की। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि राष्ट्रीय जनजातीय साहित्य महोत्सव 2025 सांस्कृतिक पुनर्जागरण और समावेशिता के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

माननीय राज्यसभा सदस्य श्रीमती मीनाक्षी जैन ने साहित्य और सांस्कृतिक स्वतंत्रता के बीच संबंध के बारे में कहा, ह्लजब किसी समाज का साहित्य गुलाम हो जाता है, तो उसकी संस्कृति भी गुलाम हो जाती है।ह्व उन्होंने आदिवासी समाजों की रचनात्मक भावना को बढ़ावा देने में बौद्धिक स्वतंत्रता के महत्व पर जोर दिया। जनजातीय कार्य मंत्रालय में सचिव श्रीमती रंजना चोपड़ा ने जनजातीय साहित्य की तारीफ करते हुए इसे हाशिए पर पड़े समुदायों की आवाज को बुलंद करने और राष्ट्रीय चर्चा में समावेशिता को बढ़ावा देने का शक्तिशाली माध्यम बताया। उन्होंने समुदाय-आधारित विकास और सांस्कृतिक सशक्तिकरण की दिशा में मंत्रालय के लगातार प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने एनटीआरआई को देश भर के जनजातीय कवियों, लेखकों, उपन्यासकारों, कहानीकारों, कलाकारों और प्रकाशकों को एक ही मंच पर लाने के लिए बधाई दी।

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य श्री निरुपम चकमा ने इस बात पर बल दिया कि छोटे जनजातीय समुदायों की भाषाओं को संरक्षित करना भारत की भाषाई विविधता को बनाए रखने के लिए जरूरी है। सदियों से जनजातीय ज्ञान प्रणालियाँ मौखिक पारंपरिक लोकगीतों के माध्यम से फली-फूली हैं जो पहाड़ियों में गूंजते हैं, नदियों द्वारा सुनाई जाने वाली कहानियाँ, कहावतें जो पूरा नैतिक सच बताती हैं, और त्योहार जो मौसम के चक्र को चिह्नित करते हैं।

एफसीआई चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री आशुतोष अग्निहोत्री, आईएएस ने जनजातीय साहित्य को प्राचीन वैदिक परंपराओं से खूबसूरती से जोड़ा, और दोनों में मौजूद गहरी इकोलॉजिकल चेतना पर बात की।

# पूरे देश में सांस्कृतिक और शैक्षिक गतिविधियों के साथ जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा का आयोजन जारी

जनजातीय गौरव वर्ष (जेजेजीवी) पखवाड़ा समारोह 1 से 15 नवंबर 2025 तक मनाया जा रहा है, इस सिलसिले में, भारत सरकार का जनजातीय कार्य मंत्रालय अपने जनजातीय अनुसंधान संस्थानों (टीआरआई), एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) और सहयोगी संस्थानों के माध्यम से पूरे देश में कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित कर रहा है। जनजातीय गौरव वर्ष के बैनर तले आयोजित ये गतिविधियाँ धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। इनका उद्देश्य जनजातीय समुदायों में जागरूकता, सांस्कृतिक गौरव और समावेशिता को प्रोत्साहन देना है।

ओडिशा में, जनजातीय अनुसंधान संस्थान ने जनजातीय विद्यार्थियों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें भगवान बिरसा मुंडा के योगदान और विरासत पर प्रकाश डाला गया। युवाओं को जनजातीय पहचान और सशक्तिकरण पर चर्चा में भी शामिल किया गया। ओडिशा राज्य जनजातीय संग्रहालय ने स्कूली विद्यार्थियों के लिए चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं भी आयोजित कीं।

झारखंड में, तीन स्कूलों के 500 से अधिक विद्यार्थियों के लिए 11 नवंबर 2025 को रांची के जनजातीय अनुसंधान संस्थान परिसर में स्थित जनजातीय संग्रहालय के भ्रमण हेतु एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण ने विद्यार्थियों को एक गहन शिक्षण अनुभव प्रदान किया, जिससे उन्हें क्षेत्र के आदिवासी समुदायों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक कलाकृतियों और ऐतिहासिक योगदान से परिचित कराया गया। इस पहल का उद्देश्य युवा विद्यार्थियों में अपनी स्वदेशी जड़ों के प्रति जागरूकता और गौरव को प्रोत्साहन देना था।

अरुणाचल प्रदेश में, राजीव गांधी विश्वविद्यालय टीआरआई ने जनजातीय गौरव दिवस की पूर्व संध्या पर जनजातीय इतिहास और स्वतंत्रता आंदोलनों पर केंद्रित एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। ईएमआरएस, तिजित के विद्यार्थियों ने पारंपरिक जनजातीय परिधानों के जीवंत प्रदर्शन में भाग लिया, जिसका उद्देश्य उनकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और प्रदर्शित करना था। उत्सव की भावना को बढ़ाते हुए, पश्चिम सियांग जिले की गालो महिला समूह ने जनजातीय एकता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का उत्सव मनाते हुए एक भावपूर्ण पारंपरिक लोक गीत प्रस्तुत किया।

लद्दाख में, लद्दाख विश्वविद्यालय के करगिल परिसर स्थित जनजातीय अनुसंधान संस्थान ने पाबू बनाने की पारंपरिक कला पर एक संवादात्मक सत्र का आयोजन किया। पाबू एक सदियों पुराना शिल्प है जो इस क्षेत्र के सांस्कृतिक ताने-बाने में गहराई से निहित है। इस पहल का उद्देश्य पारंपरिक शिल्प कौशल को पुनर्जीवित करना और लद्दाख की स्वदेशी विरासत को बनाए रखने में इसकी भूमिका को उजागर करना था।

गोआ राज्य ने दो प्रमुख कार्यक्रमों– संवोर्देम में जनजातीय सांस्कृतिक सम्मेलन और क्यूपेम में जनजातीय खेल उत्सव के माध्यम से जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा मनाया। इन कार्यक्रमों में पारंपरिक जनजातीय संगीत, नृत्य, खेल और सामुदायिक भागीदारी का प्रदर्शन किया गया तथा गोआ की जीवंत जनजातीय संस्कृति का उत्सव मनाया गया।

# एनएचआरसी, भारत का दो सप्ताह का ऑनलाइन अल्पकालिक इंटर्नशिप कार्यक्रम - नवंबर 2025 से शुरू

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी), भारत ने नवंबर 2025 के लिए अपना दो सप्ताह का ऑनलाइन अल्पकालिक इंटर्नशिप कार्यक्रम (ओएसटीआई) शुरू किया। इस संबंध में कुल 906 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से देश भर के 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से विभिन्न शैक्षणिक विषयों का प्रतिनिधित्व करने वाले 80 छात्रों को इसमें भाग लेने के लिए चुना गया है। इस इंटर्नशिप का उद्देश्य कॉलेज/विश्वविद्यालय के छात्रों को मानवाधिकारों के संवर्धन और संरक्षण की व्यापक समझ प्रदान करना है।

अपने शुरूआती संबोधन में एनएचआरसी महासचिव श्री भरत लाल ने कहा कि आयोग अपने अधिदेश के अनुरूप, ऑनलाइन इंटर्नशिप के माध्यम से मानव अधिकार जागरूकता पैदा करने के लिए देश के हर हिस्से तक पहुंचने का प्रयास कर रहा है। इसका उद्देश्य युवा मस्तिष्कों को मानवाधिकारों को गरिमापूर्ण जीवन मूल्यों के रूप में बनाए रखने के लिए संवेदनशील बनाना, शिक्षित करना और प्रेरित करना है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि सम्मान सभी मानवाधिकारों का केंद्र है, उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का इनकार, चाहे वह भेदभाव के माध्यम से हो या बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण, मानव अधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से आग्रह किया कि वे गहराई से चिंतन करें, उद्देश्यपूर्ण जीवन जिएं और संवैधानिक आदर्शों को अपने व्यवहार में उतारें तथा न्याय, सहानुभूति और गरिमा के दूत बनें।

श्री लाल ने कहा कि मानव अधिकार बहुत गतिशील है और समय के साथ विकसित होता रहता है तथा नयी चुनौतियां लेकर आता है। साइबर सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), जलवायु, स्वच्छ वायु और जल जैसे मुद्दे मानव अधिकारों को प्रभावित करने वाले नए मुद्दे हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं से अनुरोध किया कि वे इस अवसर का सर्वोत्तम उपयोग करें और दूसरों के जीवन पर प्रभाव डालकर अपने जीवन को सार्थक एवं उद्देश्यपूर्ण बनाएं तथा एक स्थायी और सकारात्मक छाप छोड़ें।

# लोटा भंटा मेला संपन्न के बाद सफाई कर्मचारियों ने संभाली सफाई की जिम्मेदारी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। काशी में पंचकोसी मार्ग के तीसरे पड़ाव रामेश्वर महादेव मंदिर परिक्षेत्र में लगने वाला सुप्रसिद्ध लोटा भांटा मेला सोमवार को सकुशल सम्पन्न हुआ।जिसमे लाखों लोगों ने बाटी चोखा बना कर प्रसाद ग्रहण किया और मेले का आनंद लिया।वही मेला संपन्न होने के बाद मंगलवार को खंड विकास अधिकारी के साथ अन्य कर्मचारी ने भगवान को भाटी चोखा का भोग लगाने के बाद प्रसाद ग्रहण किया।अब मेले परिक्षेत्र में फैली गंदगी की साफ सफाई कार्य को करने के लिए मंगलवार को सेवापुरी विकास खंड के लगभग 40 सफाई कर्मचारियों ने साफ सफाई का कार्य किया।लीडर शीतला प्रसाद ने बताया मेले के बाद फैली प्लास्टिक,पत्तल,राख, कूड़ा सहित अन्य वस्तुओं की साफ सफाई किया जिसमे अभी धर्मशाला, मंदिर और वरुणा घाट मुख्य रूप से शामिल रहा।वही खंड विकास अधिकारी सेवापुरी राजेश कुमार सिंह ने बताया मेला प्रारंभ होने से पूर्व ही कर्मचारियों की तैनाती की गई थी, मंगलवार मेला संपन्न होने के बाद भी कार्य कर रहे जिससे बाजार और मंदिर परिसर साफ सुथरा बना रहे। सफाई कार्य में मुख्य रूप से राकेश सिंह,हरिनाथ पाल,राज किशोर, कैलाश पप्पू राम, संजय पटेल सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे।



# उद्यमिता जागरूकता के साथ राष्ट्रीय एकता गौरव दिवस पदयात्रा निकाल बिरसा मुंडा को किया गया याद।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। आज दोपहर 12 बजे जनपद वाराणस में शाखा एमएसएमई विकास कार्यालय वाराणसी और जनजातीय शोध एवं विकास संस्थान, वाराणसी द्वारा 5 वें जनजातीय गौरव दिवस 2025 के उपलक्ष में दिनांक 11 नवम्बर 2025 को गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती स्मृति भवन, ग्राम सभा-चक्का, विकास खण्ड-हरहुआ, वाराणसी में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से जनजातीय समुदाय के संभावित उद्यमियों एवं विभिन्न ट्रेड के विश्वकमाओं को उद्यमिता विकास, बैंक योजनाओं और एम एस एम ई क्षेत्र से संबंधित अन्य केंद्र राज्य सरकार की योजनाओं जैसे विभिन्न विषयों से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भगवान बिरसा मुंडा जी को माल्यार्पण करके किया गया। रीतेश बरनवाल, सहायक निदेशक, शाखा एमएसएमई विकास कार्यालय, वाराणसी ने सभी अतिथियों का स्वागत कर किया तथा पी एम विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तार से बताया।

आर के चौधरी, सहायक निदेशक ने विकास आयुक्त कार्यालय, एमएसएमई नई दिल्ली की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। अजय गुप्ता, उपायुक्त, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र ने राज्य सरकार की योजनाओं से अवगत किया।

निशीथ गौर, टेक्सटाइल इंस्पेक्टर, हथकरघा विभाग ने अपने विभाग की योजनाओं पर प्रकाश डाला। पवन कुमार, प्रबंधक ( विपणन), बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय ने लोन संबंधित जानकारी दी।

डॉ बृजभान मरावी, सचिव/प्रबंधक जनजातीय शोध एवं विकास संस्थान वाराणसी ने जनपद के आदिवासी समाज को स्वरोजगार के लिए सभी को प्रेरित किया। जिसमें 80 से अधिक जनजातीय समुदाय एवं पी एम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

उक्त के कार्यक्रम समापन के साथ संस्थान द्वारा ह्यह्यराष्ट्रीय एकता एवं जनजातीय गौरव दिवस पदयात्राह्यह्य का आयोजन किया गया। राजकीय हाई स्कूल से शहीद स्थल चक्का तक।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महारानी दुर्गावती न्यास के अध्यक्ष दिनेश कुमार एवं संचालन रविकुमार गौरम व अतिथियों का स्वागत भाषण प्रीतम कुमार गोंड ने किया। आस पास गाँवो के ग्रामीण जन उपस्थित रहें।




# लोटा -भंटा मेला दूसरे दिन भी लगा, बनी श्रद्धा आस्था का प्रसाद बाटी चोखा

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। रामेश्वर में लगने वाला सुप्रसिद्ध लोटा-भंटा मेला दूसरे दिन भी उत्साहपूर्ण वातावरण में मंगलवार को हर्षोल्लास वातावरण के बीच सकुशल सम्पन्न हुआ। आसपास के गाँवो व विभिन्न जनपदों से आये श्रद्धालु वरुणा में स्नान कर रामेश्वर महादेव का दर्शन पूजन कर कृतार्थ हुए।



सपरिवार, मित्रो के संग बाटी -चोखा प्रसाद का आनन्द लिया। मेला क्षेत्र में प्रातः काल से लेकर देर शाम तक रंग बिरंगे परिधानों,झूलों ,खिलौनों की दुकाने,लाई-चूड़ा ,घरेलू व गृहस्ती कार्य सम्बन्धी सामानों में फावड़ा, खुरपी, कुदाल,हसुआ, चिमटे सहित जरूरत के सामानों की खरीददारी जोरों पर रही। वहीँ ग्रामीण महिलाओ की भीड़ सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर रही।मेला क्षेत्र व आस -पास के बाग -बगीचो में धुआं ही धुंआ दिख रहा था। इस साल मेले में हर तरह की सुरक्षा के लिए मन्दिर, पंचक्रोशीमार्ग, बाजार, शिवाला व विभिन्न चौराहो पर पुलिस सतर्क रही।

# बनारस हॉकी के द्रोणाचार्य गौरी शंकर सिंह (मास्टर साहब) का सपना हुआ साकार

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। मास्टर साहब ने कहा कि रूरल एरियाज में हॉकी को स्टार्ट करना और वहां से इंडिया प्लेयर बनाना एक सपना था जो आज पूर्णिमा यादव ने कर दिखाया और अभी लाइन में और भी बच्चे हैं।

आज भारतीय हॉकी टीम जूनियर वर्ल्ड कप के लिए सेलेक्ट हुई है, ये वर्ल्ड कप चिली में 01 दिसंबर से खेला जाएगा। भारतीय हॉकी टीम 23 नवंबर को चिली के लिए रवाना होगी।

ओलंपियन राहुल सिंह ने बताया कि मुझे बहुत खुशी हो रही है यह बताते हुए कि हमारे ओलंपियन विवेक सिंह हॉकी अकादमी से तैयार हुई प्लेयर पूर्णिमा यादव इस टीम में सेलेक्ट हुई है और मुझे पूरा कॉन्फिडेंस है कि ये हमारे अकादमी, बनारस और उत्तर प्रदेश और देश का नाम जरूर रोशन करेगी। ये जब छोटी थी तब हमारे अकादमी पर प्रैक्टिस किया करती थी, तो हम देखते थे कि ये लड़की जरूर एक ना एक दिन देश का नाम रोशन करेगी।

वह अक्सर मेरे पास आकर पूछती थी कि सर अगर प्लेयर को डोज मारना है तो कैसे मारें, टैकलिंग (रोकना) है तो कैसे रोकें। सबसे बड़ी बात कि फिटनेस बहुत करती है।

इंटरनेशनल हॉकी प्लेयर सतनाम वत्स और अकादमी की सेकेट्री ने खुशी जताई और कहा कि ये उसके अनुशासन और कड़े प्रैक्टिस का नतीजा है।

अकादमी में अपॉइंटेड कोच सुधीर ने खुशी जाहिर की और कहा कि ये चक्का,हरहुआ जैसे गांव के आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है।

ओलंपियन राहुल सिंह ने याद करते हुए बताया कि उसका डोजिंग स्किल जबरदस्त है, अगर वह वर्ल्ड कप में इसका इस्तेमाल करे और टीम के लिए पेनाल्टी कॉर्नर बनाए और गोल करे तो देश को मेडल से कोई नहीं रोक सकता। तुषार खांडेकर कोच ऑफ द टीम भी बनारस होस्टल में रहें हैं और खुद भी स्किलफुल प्लेयर थे, वह इसका अच्छा इस्तेमाल करेंगे।

आज चक्का गाँव के प्रधान/जिलामहामंत्री मधुवन यादव,वरिष्ठ पत्रकार के0एल0 पथिक,पूर्णिमा के पिता कौशलेंद्र यादव, करोमा प्रधान प्रतिनिधि के भगत यादव, भटौली प्रधान प्रतिनिधि राजनारायण पटेल, प्रधान अनौरा दीपक चौहान, प्रधान बेरवा आशीष राजभर, बांकेलाल कन्नौजिया, प्रधान रसुलपुर कैलाश यादव, भाजपा नेता कपिलनारायन पांडेय ,जिला पंचायत सदस्य गौतम सिंह ,प्रधान जगापट्टी घनश्याम सिंह यादव, हिटलर सिंह , गिरिजेश पटेल, व्यापार मंडल अध्यक्ष महामंत्री वीरेंद्र गुप्ता ,बीडीसी विशाल गुप्ता,किशन गुप्ता ,गुलाब प्रजापति,जे0पी0 प्रजापति समेत अन्य सम्भ्रांतजनों ने परिवार को घर पहुंचकर बधाई दी।



# 6 चीजे भगवान ने अपने हाथ मे रख लिया-साध्वी साधना शास्त्री

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के यूसुफ पुर मुहम्मदाबाद स्थित मां काली मंदिर पर आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा में मानस मर्मज्ञ साध्वी साधना शास्त्री ने अपने मुखारविंद से राम कथा रूपी मानस गंगा प्रवाहित करते हुए कहा कि जब भगवान ने संसार को बनाया तो सब छूट भगवान ने हमें दे दिया। हर आजादी भगवान ने हमें दे दी लेकिन 6 चीजे भगवान ने अपने हाथ मे रख लिया। 6 चीजे भगवान ने हमें नहीं दिया कौन कौन सी चीजे - हानि लाभ जीवन मरण जश और अपजश ये 6 चीजे भगवान के हाथ मे है।

हम व्यापार करेंगे व्यापार मे हानि हो रही है की लाभ हो रहा है भगवान के हाथ मे है किसी को जीवन देना भगवान के हाथ मे है किसी को मृत्यु देना भगवान के हाथ मे है जश मिलना भगवान के हाथ मे है और अपजश मिलना भी भगवान के हाथ मे है।

इसलिए किसी को दोष नहीं देना चाहिए।

भगवान के धरती पर आने से ये छवो घटनाये घटी है

हानि अयोध्या को हुई 14 साल अयोध्या मे किसी के घर बेटा बेटी ने जन्म नहीं लिया।

14 साल अयोध्या मे किसी की शादी नहीं हुई कोई उत्सव नहीं मनाया गया तो हानि अयोध्या को हुई लाभ वनवासियो को मिला। भगवान का दर्शन किये जीवन अहिल्या को मिला मृत्यु राजा दसरथ की हुई जश हनुमान जी, भरत जी लक्ष्मण जी को मिला और अपजश कैकई को मिला। तो ये 6चीज भगवान के हाथ मे है इसलिये किसी को दोष नही देना चाहिए।



# जिलाधिकारी क्लास टीचर पर कार्रवाही करने के लिए दिये आदेश!

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ प्राथमिक विद्यालय रसीदपुर कनैटा का निरीक्षण किया! उन्होंने अपने निरीक्षण के दौरान बच्चों के पठन-पाठन की स्थितियों को देखा, साथ ही कुछ बच्चों से इंग्लिश और हिंदी की रीडिंग कराकर उनके पठन की स्थितियों को भी परखा, जिलाधिकारी ने इस निरीक्षण के दौरान उनके गणित समझने की क्षमताओं को भी परखा जिसमें अधिकांश बच्चे निपुण पाए गए, परंतु अधिकांश बच्चे इंग्लिश की किताबों का पाठन नहीं कर पा रहे थे! जिस पर जिलाधिकारी ने क्लास टीचर के ऊपर कार्यवाही करने के निर्देश दिए और उन्होंने कहा कि क्लास 5 के बच्चों के पास उतनी क्षमता होनी चाहिए, कि वह अपनी पाठ्य पुस्तकों का पाठन कर सकें, जिलाधिकारी को बताया गया कि यहां पर कुल पांच शिक्षक हैं! जिसमें चार अध्यापिकाऐं व एक शिक्षामित्र है।



जिलाधिकारी को बताया गया की क्लास पांच में कुल 18 बच्चे हैं, जिसमें 15 बच्चे उपस्थित हैं, जबकि तीन अनुपस्थत हैं! जिलाधिकारी ने इस बात पर भी जोर दिया, कि बच्चों को अध्ययन के साथ बोलने और बैठने का सही सलीका भी सिखाना जरूरी है, जिससे बच्चे आने वाले समय में इस प्रतिस्पर्धी युग में आगे बढ़ सके, जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि हर क्लास के बच्चों के बैठने की अलग-अलग व्यवस्थाएं हो, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता और छात्रों में आपसी प्रतिस्पर्धा का विकास हो सके, इस दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी में दाऊ दयाल कॉलेज और परिसर में बने बालिका छात्रावास का किया निरीक्षण!

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास दाऊदयाल कॉलेज परिसर का निरीक्षण किया, यह छात्रावास 50 बैड वाला है, जिसमें कुल 41 छात्राएं, आवासित हैं यहां पर जिलाधिकारी ने लगे हुए सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया, उन्होंने निर्देशित किया कि कैमरे सदैव क्रियाशील रहें, जिससे यहां आवासित छात्राओं की सुरक्षा को कोई खतरा न हो, उन्होंने यहां पर लगे अग्निशमन यंत्रों को भी देखा, साथ ही साथ इस बात की जानकारी ली, कि उन्हें भोजन इत्यादि सही समय से मिल रहा है, या नहीं, साथ ही साथ मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता कैसी है, जिलाधिकारी ने इस हेतु वहां उपस्थित एक छात्रा से वार्ता भी की, छात्रा ने बताया कि यहां पर भोजन की गुणवत्ता अच्छी है और समय से भी मिलता है।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया की छात्राओं को देखने के लिए एक चिकित्सक की तैनाती की जाए, साथ ही साथ जिलाधिकारी ने यहां रखे एंट्री रजिस्टर को देखा, इसके बाद जिलाधिकारी सुहाग नगर चौराहे से सुभाष चौक जैन मंदिर तक शहरी मार्ग पर 02 लाइन सड़क ऊपरगामी सेतु को निरीक्षण करने गए, जहां उन्होंने कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि यह सार्वजनिक मार्ग है, इसलिए इसका निर्माण ससमय होना चाहिए, इसके लिए मजदूरों की संख्याओं को बढ़ाएं और इस कार्य को सितंबर 2026 तक पूरा कर लिया जाए, जिससे आम नागरिकों के आवागमन में कोई परेशानी न हो, इस दौरान उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी नृपेंद्र, नगर मजिस्ट्रेट आदि अधिकारी उपस्थित रहें।



# विधिक सेवाओं और आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत के साथ साथ सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति किया जागरूक!

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद । विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अतुल चौधरी के दिशा निर्देशानुसार परा विधिक स्वयं सेवक प्रीती वर्मा एवं प्रवीन कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से रामनगर स्थित शिव मॉन्टेसरी स्कूल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं जन जागरुकता रैली का आयोजन किया। जिसमें, आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत एवं विधिक सेवाओं के प्रति जागरूक करते व संदेश देते हुए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वन स्टॉप सेंटर आदि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के साथ साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हेल्पलाइन 15100, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, इमरजेंसी हेल्पलाइन 112, एंबुलेंस सेवा 102, 108, साइबर अपराध 1930 आदि टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों के विषय में विस्तार से बताया।



थाना लाइन पार प्रभारी रमित कुमार आर्य, पराविधिक स्वयंसेवक प्रीती वर्मा एवं प्रवीन कुमार शर्मा ने बताया कि, आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी देते हुए बताया कि, राष्ट्रीय लोक अदालत न्यायपालिका की एक सुलभ और प्रभावी व्यवस्था है। जिसमें, आपसी सहमति से विवादों का निस्तारण कराया जाता है। यह प्रक्रिया पारंपरिक अदालतों की तुलना में अधिक तेज और बिना किसी आर्थिक बोझ के होती है। लोक अदालत में होने वाले समझौतों को अंतिम निर्णय की तरह माना जाता है। साथ ही यह भी बताया कि, लोक अदालत में बिजली और पानी के बिल, बैंक ऋण, चेक बाउंस, पारिवारिक विवाद और मोटर दुर्घटना मुआवजा जैसे मामलों का भी समाधान किया जाता है। इसके लिए न तो पक्षकारों से कोई फीस ली जाती है और न ही लंबी अदालती कार्यवाही का सामना करना पड़ता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह समझौते के माध्यम से वाद समाप्त किए जाने हेतु आवेदन करने के लिए किसी भी कार्य दिवस में संबन्धित न्यायालय के पीठासीन अधिकारी अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में सम्पर्क कर किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समाज के कमजोर वर्गों जैसे महिलाएं, बच्चे, गरीब, वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगजन को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करता है। यदि किसी महिला या बच्ची के साथ उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, छेड़छाड़ या घरेलू हिंसा जैसी घटना होती है तो, वह सीधे डीएलएसए कार्यालय या हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क कर सकती हैं।

इस अवसर पर मुख्य रूप से शिव मांटेसरी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक ठाकुर मुनेश्वर सिंह, डायरेक्टर विजय प्रताप सिंह, प्रधानाचार्या भारती कौशल, अनिल कुमार झा, करतार एवं विशाल सर सहित विद्यालय का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

# कमजोर और वंचित वर्गों के लिए कार्य करता है विधिक सेवा प्राधिकरण - कल्पना राजौरिया

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मंगलवार को विधिक सेवा दिवस के अवसर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, दबरई में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पराविधिक स्वयंसेवक (पीएलवी) कल्पना राजौरिया ने छात्राओं को विधिक सेवा प्राधिकरण के इतिहास और उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि देश में प्रत्येक व्यक्ति को न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम लागू किया गया, जिसके माध्यम से कमजोर, वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने छात्राओं को यह भी बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण केवल न्यायालय से जुड़े मामलों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में विधिक जागरूकता फैलाने और विवादों के निपटारे के लिए वैकल्पिक उपायों को बढ़ावा देता है।

कल्पना राजौरिया ने 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में आपसी सहमति से मामलों का त्वरित निपटारा किया जाता है, जिससे न तो अधिक समय लगता है और न ही खर्च। इसमें बैंक, बिजली, परिवहन, पारिवारिक विवाद, और छोटे आपराधिक मामलों का निपटारा एक ही दिन में संभव है। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया और कई कानूनी प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर स्वयंसेवक नीलम दुबे व कल्पना राजौरिया ने सरल भाषा में दिया ।

कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अतुल चौधरी के निर्देशन में किया गया। इस दौरान पीएलवी नीलम दुबे , वार्डन अरशद परवीन ,शिक्षिका लता शर्मा,मीना शर्मा और प्रतिमा भी मौजूद रहीं।




# बालिकाओं के मिशन शक्ति पर बनाए पोस्टर जागरूक एवं आकर्षक:- रंजना सिंह

**समाज जागरण**

सिरसागंजः- नगर पालिका परिषद सिरसागंज के तत्वाधान में शौर्य दिवस के कार्यक्रम की श्रखंला के प्रथम दिवस पर महिलाओं का स्वच्छता में योगदान विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य संदीप कुमार जैन एवं प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती रंजना सिंह, महेश पाल राना, स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर अश्वनी कुमार जैन, संदीप जैन एवं संजय कटारा ने भगवान महावीर स्वामी के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। रंजना सिंह ने सभी छात्राओं के पोस्टरों का अवलोकन करते हुए उनके द्वारा बनाए गए पोस्टरों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए छात्राओं को मिशन शक्ति एवं स्वच्छता की विभिन्न जानकारियां साझा कीं।



अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत शौर्य दिवस के अंतर्गत 13 नवम्बर 2025 तक यह कार्यक्रम नगर के विद्यालयों में किया जा रहा है। जिसमें प्रथम दिवस पर विद्यालय की कक्षा 11 एवं 12 की 52 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम स्थान सलोनी, द्वितीय स्थान मोनिका, तृतीय स्थान शिखा, चतुर्थ स्थान सिमरन, पंचम स्थान अपूर्वा एवं षष्ठम स्थान काजल ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को समस्त अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन संजय कटारा, अनुज कुमार एवं काजल ने किया। सभी अतिथियों का आभार संदीप कुमार जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# 2 करोड़ लूट के मामले में अभियुक्त की जमानत अर्जी निरस्त

**समाज जागरण**

फि रोजाबाद। न्यायालय ने सोमवार को 2 करोड़ लूट के बहुचर्चित मामले में अभियुक्त की जमानत अर्जी को निरस्त किया है।

मामला थाना मक्खनपुर क्षेत्र से जुड़ा है। 30 सितंबर को मक्खनपुर में हाईवे पर गांव घुनपई के पास जीके कंपनी की वैन से दो करोड़ रुपये की लूट हुई थी। पुलिस ने चार अक्टूबर को छह बदमाशों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से एक करोड़ पांच हजार रुपये नकद, एक आईफोन, नई



बाइक ओर असलहा और दो कार बरामद हुई थी। लूटकांड के सरगना नरेश को पुलिस पांच अक्टूबर को रकम बरामदगी के लिए हाईवे पर ले जा रही थी। तभी वह हथकड़ी समेत भाग निकला था। उसी दिन रात में मुठभेड़ में ढेर हो गया था। इस मामले में दो पुलिसकर्मी भी शामिल थे जिन्हें भी पुलिस ने जेल भेजा है।

इस मामले में जेल में निरुद्ध अभियुक्त तुषार निवासी मौहल्ला शिवपुरी निवाड़ी मोदीनगर गाजियाबाद ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय ने जमानत अर्जी दाखिल की। जमानत अर्जी पर सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावी क्षेत्र कोर्ट संख्या 2 सर्वेश कुमार पांडेय की अदालत में हुई। अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पैरवी विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र राठौर ने करते हुए जमानत अर्जी का विरोध किया।

न्यायालय ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद अभियुक्त तुषार की जमानत अर्जी को निरस्त किया है।

# बुधवार से होगा उर्वरक वितरण: देवेंद्र सिंह

## कोरियाँव बीपैक्स मे लापरवाही की शिकायत पर सचिव को हटाया गया।

वाराणसी। चतरा विकास खंड की कोरियाँव बीपैक्स पर सचिव की अनुपस्थिति की वजह से कई दिनो से उर्वरक का वितरण अवरुद्ध होने के कारण सहायक आयुक्त देवेंद्र कुमार सिंह ने कोरियाँव समिति पर वितरण कराने हेतु निकटस्थ शिवपुर बीपैक्स के सचिव सौरभ सिंह को जिम्मेदारी सौंपी है।

उल्लेखनीय है कि समिति के अध्यक्ष तथा स्थानीय कृषको द्वारा शिकायत की गई कि सचिव संतोष पटेल द्वारा समिति पर समय न देने के कारण किसानो को खाद नही मिल पा रही है।

शिकायत मिलते ही सहायक आयुक्त एवं निबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह ने सौरभ सिंह को नया सचिव नियुक्त करते हुए नियमानुसार उर्वरक वितरण के निर्देश दिए।

सहायक आयुक्त ने कहा कि मंगलवार को चार्ज संबंधी औपचारिकताये पूरा करने के संबंधित सचिवो को निर्देश दिए गए है।बुधवार को नये सचिव द्वारा नियमानुसार वितरण प्रारंभ किया जाएगा।इस अवसर पर संबंधित एडीओ और एडीसीओ को भी उपस्थित रहकर अपनी निगरानी मे वितरण सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

सहायक आयुक्त ने कहा कि रबी की बोआई का पीक सीजन होने के कारण हर किसान को ससमय उर्वरक उपलब्ध कराना सबकी जिम्मेदारी है इस संबंध मे कोई शिथिलता या हीला हवाली क्षम्य नही होगी।

# घोटाले बाजों के लिए अभय सिंह का अभय दान

## मामला जिला पंचायत उमरिया का गबन कर्ता सचिवों के हाथ तिजोरी की चाबी

**समाज जागरण**

उमरिया --- जिले की ग्राम पंचायतों में मची लूट की रसद में जिम्मेदार अधिकारी किस हद तक संलिप्त है, उसकी झलक देखनी हो तो एक दशक पूर्व करकेली जनपद पंचायत के उजान ग्राम पंचायत में 11 लाख रुपए शासकीय धन राशि के गबन मामले में हुई जांच कार्यवाही, विहित अधिकारी और फैसले में जो कुछ हुआ, वह हांडी के दो दाने के समान जिले की हकीकत बयां करने वाले है, बाकी जिले की ग्राम पंचायतों में जिस तरह की अराजकता, लूट, आर्थिक अनियमितताये व्याप्त है वह किसी से छिपी नहीं है।

विदित होवे की निर्मल भारत अभियान (मयार्दा अभियान)के तहत हर घर शौचालय निर्माण कराये जाने के लिए ग्राम पंचायत उजान में वर्ष 2012-13 में 100 हितग्राहियों के घरों में प्रति शौचालय 4600.00 के मान से 460000.00 रुपए एवंम वर्ष 2013-14 में 198 हितग्राहियों के घरों में शौचालय निर्माण हेतु 910800.00 रुपए प्रदान की कर उजान ग्राम पंचायत में 298 शौचालयों के लिए कुल 1400800 . 00 (चौदह लाख आठ हजार रुपये) प्रदान किये गए थे, लेकिन तत्कालीन ग्राम पंचायत की कार्य एजेंसी ने निर्मल भारत अभियान में बनने वाले 298 शौचालयों में से सिर्फ 81 हितग्राहियों के घरों में कुल 81 शौचालयों का निर्माण कार्य करा कर प्रति शौचालय 4600 . 00 के मान से 296487.00 रुपए व्यय किये गए । शेष शौचालयों के निर्माण के लिए जिला प्रशासन के व्दारा लगातार कार्य एजेंसी को कार्य पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया जाता रहा, समीक्षा बैठकों में हिदायतें, समय सीमा दी जाती रही, लेकिन कार्य एजेंसी ने घोटाले रचने का अपना कीर्तिमान के इतिहास के झण्डे को ऊंचा ही रखा और प्रशासन के लाख प्रयास के बाद भी निर्मल भारत योजना में जिले भर में जो भष्ट्राचार का तांडव हुआ था उसको जग जाहिर कर निर्मल भारत अभियान में जो निर्लज्जता हुई उसकी मिशाल पेश कर के रख दिया।

ध्यान देने योग्य है कि कार्य एजेंसी के रहमोकरम से थक हार कर जिला प्रशासन के व्दारा कानून के चाबुक चलाने का प्रयास कर मुख्य कार्य पालन अधिकारी जनपद करकेली जिला उमरिया के व्दारा अपने पत्र क्र// एस. एम. जी /जन पं /2015/3193 करकेली दिनांक 16--12-15 को अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग बांधवगढ़ के समक्ष ग्राम पंचायत उजान में हुये इस घोटाले की वस्तु स्थित रखते हुए लेख किया गया की उजान ग्राम पंचायत में निर्मल भारत अभियान के तहत 1104313 . 00 की राशि बिना कार्य कराये आहरित कर राशि का गबन की गयी है।

गबन शुदा राशि की वसूली किये जाने हेतु मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज




अधिनियम 1993 की धारा 89/92 के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर राशि वसूली का प्रस्ताव मुख्य कार्य पालन अधिकारी करकेली ने विहित अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बांधवगढ़ को प्रस्ताव प्रेषित किया गया, जिस पर विहित अधिकारी बांधवगढ़ ने नोटिस जारी कर संबंधित सरपंच सचिव से जबाब मांगा गया। जिस पर सचिव संतोष तिवारी ने शासकीय राशि का गबन स्वीकार करते हुए एक लाख पचास हजार रुपए जमा करते हुए शेष राशि के जमा करने के लिए दो माह का अवसर लिखित रूप से मांगा गया।

ग्राम पंचायत उजान के इस गबन मामले को संवेदनशीलता से लेते हुए तत्कालीन मुख्य कार्य पालन अधिकारी पी अग्रहरी ने मध्यप्रदेश पंचायत सेवा अधिनियम 1999 के तहत अपने आदेश क्र 12408 उमरिया दिनांक 4-1-2016 के व्दारा निलंबित कर दिया गया। इस निलंबन एंव विहित अधिकारी में प्रचलित प्रकरण के विरुद्ध संबंधित सचिव व्दारा कमिश्नर शहडोल संभाग शहडोल के यहाँ अपील पेश की गयी, जो माननीय अपर कमिश्नर शहडोल संभाग शहडोल ने ग्राह्य करते हुए 31-3-2016 को व्दारा आदेश पारित करते हुए मध्यप्रदेश पंचायत सेवा अनुशासन एवं अपील 1999 के तहत विधि संगत कार्यवाही करने के आदेश जारी किये गए, जिस पर संबंधित सचिव ने अपने जबाब दिनांक 20-7-2016 के अनुक्रम में निर्मित किये गए शौचालयों की जांच हेतु पुनः भौतिक सत्यापन जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण से कराये जाने पर 80 हितग्राहियों के घरों में ही शौचालय पाये गये, जिसमें 15 शौचालय पूरी तरह ध्वस्त पाये गये । इस प्रकार गबन राशि में कोई बदलाव नहीं पायी गयी ।

ध्यान देने योग्य है कि इस लंबी अवधि बीत जाने के बाद भी संबंधित सचिव के व्दारा गबन की गयी राशि को जमा न करने पर जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी अभय सिंह ओहरिया ने अपने पत्र क्र / 1296 / न्याया/वि प्रा/ प्र क्रं / 22/ 2016-17/ जि पंचा /2024 उमरिया दिनांक 10-6-24 के माध्यम से नोटिस जारी करते हुए गबन शुदा राशि 11,04313.00 को जमा करने के आदेश जारी करते हुए उल्लेख किया गया की अगर गबन शुदा राशि जमा नहीं की जाती तो आपके विरूद्ध आर सी सी जारी करते भू राजस्व की भाति आपके चल अचल संपत्ति से वसूल की जायेगी।

खेदजनक कहा जाये की जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी अभय सिंह ओहरिया के इस आदेश का रत्ती भर पालन तो हुआ नहीं ऊपर से इस आदेश के उलट फेर चल अचल संपत्ति से वसूली के निर्देश देने वाले मुख्य कार्य पालन अधिकारी ने कार्यालय जिला पंचायत उमरिया मध्यप्रदेश के आदेश क्र 4065/ जि पंचा / पंचा प्रको / नस्ती क्र - 244 /2024 उमरिया दिनांक 23-10-24 के जरिये ग्राम पंचायत जरहा में सचिव के पद से नवाजते हुए एक बार फिर से वित्तीय दायित्व देकर खुलेआम लूट की छूट दे दी । यह अकेला एक प्रकरण नहीं है अगर गंभीरता से अध्ययन किया जाये तो ऐसे दर्जनों मामलों में इसी तरह विधि विरूद्ध फैसलों के लिए जिला पंचायत उमरिया बहु चर्चित हो चुका है। पाली जनपद में महावीर सिंह पंचायत सचिव का मामला तो एक अलग ही पहाड खड़ा कर रखा है। आज कल चचाओं का बाजार गर्म हैं कि उमरिया में अभय जी का घोटाले बाजो के लिए खुला अभय दान है।

जिले के एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पर इस तरह की कार्य शैली को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं की आखिर कार उमरिया जिला पंचायत की इस बिगडी व्यवस्था कब और कैसे ठीक होगी

# रीवा से दिल्ली का सफर अब सिर्फ 2 घंटे में, वायु सेवा की हुई शुरुआत, व्यापार और पर्यटन को मिले नए पंख

**समाज जागरण**

रीवा। रीवा एयरपोर्ट के लोकार्पण के एक साल बाद आज से दिल्ली के लिए हवाई सेवा शुरू हो गई। सीएम मोहन यादव ने भोपाल से वर्चुअली जुड़कर हवाई सेवा की शुरूआत की। जहां विंध्य क्षेत्र के कई जिलों के सांसद और विधायक शामिल हुए। जानकारी के मुताबिक एयरपोर्ट का शिलान्यास गत 15 फरवरी 2023 को किया गया था।

इसी दिन से रीवा से जबलपुर, भोपाल, खजुराहो, सिंगरौली के लिए एयर टैक्सी और 17 सीटर हवाई जहाज की सुविधा शुरू की गई थी। इधर पीएम नरेंद्र मोदी ने पत्र के माध्यम से विंध्य वासियों को बधाई दी है। समारोह में उप-मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद रीवा जनार्दन मिश्र, सांसद सतना गणेश सिंह, सांसद सीधी डॉ. राजेश मिश्रा, मनगवां विधायक नरेन्द्र प्रजापति, सीधी विधायक रीति पाठक समेत अन्य जनप्रतिनिधि यात्रियों को फ्लाइट में चढ़ने से पहले शुभकामना देने पहुंचे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज रीवा से नई दिल्ली के लिए 72 सीटर हवाई सेवा का शुभारंभ किया। जल्द ही इंदौर के लिए भी 72 सीटर हवाई सेवा शुरू की जाएगी। इसके पहले गत 28 अक्टूबर को रीवा एयरपोर्ट पर एटीआर-72 विमान का सफल ट्रायल हुआ






था, जिसे रीवा के पायलट राघव मिश्रा ने उड़ाया था। ट्रायल की सफलता के बाद आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई और नियमित उड़ानों का मार्ग प्रशस्त हो गया।

**रीवा के विकास को पंख लगेंगे'-:**

डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि अब रीवा रीवा से दिल्ली के लिए उड़ान संचालित होगी। जिसकी हम कभी कल्पना किया करते थे। आज वह सपना साकार हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी अपना संदेश भेजकर रीवा वासियों की खुशियों में चार चांद लगा दिए हैं। हम सब उनके इस संदेश और प्यार के लिए उनके आभारी हैं। रीवा एयरपोर्ट से अब यात्री मात्र दो घंटे में दिल्ली पहुंच सकेंगे। आम लोगों के साथ व्यापारियों को सुविधा मिलेगी और आने वाले समय में रीवा के विकास को पंख लगेंगे। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि आज का दिन विंध्य के लिए ऐतिहासिक है। हवाई सेवा शुरू होने से इस क्षेत्र में शिक्षा, उद्योग, पर्यटन और रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ेंगे। रीवा के जलप्रपातों, मंदिरों और नेशनल पार्कों तक देश-विदेश के पर्यटक आसानी से पहुंच पाएंगे। उन्होंने बताया कि रीवा से दिल्ली और इंदौर की सीधी उड़ानें क्षेत्र के व्यापार को नई दिशा देंगी। पहले व्यापारियों को प्रयागराज या बनारस जाना पड़ता था, लेकिन अब डायरेक्ट कनेक्टिविटी से समय और संसाधन दोनों बचेंगे।

सीएम मोहन यादव ने कहा कि एक समय था जब विंध्य क्षेत्र में कोई हवाई की कल्पना भी नहीं करता था। यहां बड़े-बड़े नेता सीएम तक रहे लेकिन रेल का सफर भी मुश्किल था। मैं अपनी बात करता हूं कि कभी रीवा ट्रेन से आने के लिए भी सोचना पड़ता था। लेकिन एक आज का दौर है कि रीवा वायु सेवा से पूरी तरह जुड़ चुका है।

यह औद्योगिक क्षेत्र में तो अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा ही लेकिन इसके साथ ही मैहर, चित्रकूट, खजुराहो और अन्य धार्मिक और पर्यटन स्थल से भी बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। जल्द ही हेलीकॉप्टर की सुविधा भी प्रदान करेंगे। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पहले से ही एयर एम्बुलेंस की सुविधाएं प्रदेश भर में पहुंचाई जा रही हैं। मैं विंध्य क्षेत्र के सभी जन प्रतिनिधियों को भी बधाई देना चाहता हूं।

**एक नजर एयरपोर्ट के सफर पर-:**

रीवा एयरपोर्ट के विकास के साथ आज का दिन विन्ध्य के लिए ऐतिहासिक दिन साबित हो गया है। विन्ध्यवासियों की हवाई सेवा का सपना तो पिछले साल ही पूरा हो गया था। अब 72 सीटर हवाई जहाज से सीधे नई दिल्ली जाने आने की सुविधा मिल गई। शीघ्र ही इंदौर के लिए भी 72 सीटर हवाई सेवा शुरू होने वाली है। रीवा एयरपोर्ट का शिलान्यास गत 15 फरवरी 2023 को तत्कालयीन केन्द्रीय विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा तत्कालीयन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया था। इसके निर्माण के लिए हवाई पट्टी में उपलब्ध 65 एकड़ भूमि के साथ 258 एकड़ अतिरिक्त भूमि का अर्जन किया गया। भारतीय विमान पतन प्राधिकरण ने इसका निर्माण कराया। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत 20 अक्टूबर 2024 को वर्चुअली माध्यम से रीवा एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। इसी दिन से रीवा से जबलपुर, भोपाल, खजुराहों, सिंगरौली के लिए एयर टैक्सी और 17 सीटर हवाई जहाज की सुविधा शुरू हो गई।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के लगातार प्रयासों से रीवा एयरपोर्ट में 28 अक्टूबर को 72 सीटर हवाई जहाज के उतरने और उड़ान भरने की सफल टेस्टिंग हुई। इसके साथ ही एलायंस एयर द्वारा 72 सीटर हवाई जहाज के रीवा से उड़ान भरने का मार्ग प्रशस्त हो गया। विन्ध्य क्षेत्र के लिए आज दिन ऐतिहासिक दिन है। नियमित हवाई सेवा शुरू हो जाने से विन्ध्य क्षेत्र में शिक्षा, कला, सांस्कृतिक, उद्योग, स्वास्थ्य और पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास होगा।

विन्ध्य क्षेत्र में स्थित सुन्दर जल प्रपातों, भव्य मंदिरों, नेशनल पार्कों तथा अन्य पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक इस हवाई सेवा का लाभ लेकर पहुंचेगे। रीवा भविष्य में उत्तरमध्य भारत का सबसे महत्वपूर्ण हवाई सेवा केन्द्र बनने की ओर धीरे-धीरे कदम बढ़ा रहा है।

# अनूपपुर में पत्रकारों और प्रशासन के बीच हुई अहम बैठक, समस्याओं के जल्द निराकरण का मिला आश्वासन

**समाज जागरण**

अनूपपुर - पत्रकार एकता मंच अनूपपुर जिले के समस्त पत्रकारों की कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के साथ सोमवार को नर्मदा सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला प्रशासन ने पत्रकारों की समस्याओं के त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया।

गौरतलब है कि 8 नवंबर को जिले के सभी पत्रकारों ने न्यू बस स्टैंड स्थित आंदोलन स्थल पर अनिश्चितकालीन आंदोलन की शुरूआत की थी। आंदोलन के दौरान प्रशासन की ओर से एसडीएम कमलेश पुरी, एडिशनल एसपी मरकाम एवं कोतवाली थाना प्रभारी ने पहुंचकर पत्रकारों की समस्याएं सुनीं और जिला कलेक्टर से चर्चा के बाद बैठक का दिन एवं समय निर्धारित किया गया था। इसके पश्चात पत्रकारों ने प्रशासन की पहल पर



आंदोलन को स्थगित कर दिया था। आज नर्मदा सभागार में हुई बैठक में पत्रकारों ने जिला कलेक्टर हर्षल पंचोली और पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के साथ वन-टू-वन चर्चा करते हुए समाचार कवरेज के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं एवं उत्पीड़न के मामलों को विस्तार से रखा। पत्रकारों ने यह भी मांग रखी कि जिन पत्रकारों पर झूठे मुकदमे दर्ज किए गए हैं, उन्हें तत्काल संज्ञान में लेकर खारिज किया जाए तथा फर्जी शिकायत करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।

इस पर कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं एसपी मोती उर रहमान ने पत्रकारों को भरोसा दिलाया कि वे पूरी स्वतंत्रता के साथ अपना कार्य करें, प्रशासन उनके साथ है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं एवं मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस एवं प्रशासन ने बताया कि पत्रकारों से जुड़े सभी मामलों पर प्रतिवेदन मंगवाए जा रहे हैं और प्रत्येक प्रकरण पर निष्पक्ष जांच कर जल्द निर्णय लिया जाएगा।

# घरेलू विवाद के चलते आत्महत्या करने की कोशिश किए जाने की सूचना पर पहुंची मोहनलालगंज पुलिस टीम ने बचाई युवक की जान

**विवेक कुमार संवाददाता**
**समाज जागरण**

लखनऊ। मंगलवार को थाना मोहनलालगंज क्षेत्र अंतर्गत कूढ़ा गांव में घरेलू विवाद के चलते आत्महत्या का प्रयास कर रहे युवक को मोहनलालगंज पुलिस टीम ने सिर्फ 2 मिनट में पहुंचकर बचाया है। प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि थाना क्षेत्र मोहनलालगंज अंतर्गत कूढ़ा गांव निवासी विशाल पुत्र कालिका द्वारा सुबह करीब 10 बजकर 15 मिनट पर सूचना दी गई कि उसका भाई गुड्डू पुत्र कालिका उम्र लगभग 32 वर्ष घरेलू विवाद के चलते अपने कमरे में बंद होकर आत्महत्या करने का प्रयास कर रहा है, जिसकी सूचना मिलते ही कूढ़ा गांव क्षेत्र में भ्रमणशील थाना मोहनलालगंज पुलिस टीम आरक्षी किशन



जायसवाल व आरक्षी सत्येंद्र ने मात्र 02 मिनट के भीतर समय 10 बजकर 17 मिनट में तत्काल मौके पर पहुँचकर बिना विलम्ब किये त्वरित बचाव की कार्यवाही की। पुलिस टीम द्वारा कमरे का बंद दरवाजा तोड़कर भीतर प्रवेश किया गया जहाँ पर गुड्डू पुत्र कालिका द्वारा लाल साड़ी के सहारे छत की कुंडी से फांसी लगाने का प्रयास कर रहा था, जिन्हें समय रहते पुलिस टीम द्वारा बचा लिया गया। पुलिस को परिजनों से जानकारी में ज्ञात हुआ कि गुड्डू पुत्र कालिका नशे की अवस्था में था तथा पत्नी से हुए विवाद के कारण आवेशवश यह कदम उठाने का प्रयास कर रहा था। गुड्डू पुत्र कालिका यूपीएल फैक्ट्री में चालक के पद पर कार्यरत हैं, जिन्हें थाना स्थानीय पर लाकर परामर्श काउंसलिंग दी गई है। वर्तमान में वे पूर्णतः स्वस्थ एवं स्थिर हैं। पुलिस टीम एवं परिजनों की त्वरित, संवेदनशील एवं मानवीय कार्यवाही से एक अमूल्य जीवन को बचाया जा सका। जिसकी स्थानीय नागरिकों द्वारा व्यापक सराहना की जा रही है।

# उमरिया कालरी को बंद होने से बचाने सभी मजदूर यूनियन एक जुट।

**- संयुक्त मोर्चा द्वारा उमरिया व पिपरिया कालरी में धरना-प्रदर्शन कर आंदोलन का शंखनाद किया गया।**
**- खदान बंद होने से होगा पलायन**
**- शहर की अर्थव्यवस्था पर पडेगा भारी असर**

**समाज जागरण**

उमरिया-उमरिया कालरी जो कि उमरिया की जीवन दायिनी है उमरिया में उद्योग के नाम पर मात्र कालरी ही है पर उमरिया कालरी को बंद करने का षणयंत्र किया जा रहा है जबकि उमरिया खदान में 30 से 40 लाख मिलियन टन कोयला डेवलपमेन्ट स्टेज में पानी में फंसा हुआ है जब तक पानी खाली नहीं हो पाएगा तब तक उस कोयले को निकाला नहीं जा सकता है उसके लिए बोर करवाकर पानी को खाली करवाया जा सकता है और बोर करने हेतु किसान अपनी जमीन भी देने को तैयार है पर उपक्षेत्रीय प्रबंधन व क्षेत्रीय प्रबंधन किसान को न मुआवजा देना चाहता है और न ही नौकरी देना चाहता है और उमरिया कालरी को बंद करने पर उतारू है।




उमरिया कालरी को बंद होने से बचाने हेतु मजदूर संगठनों ने संयुक्त मोर्चा के तहत उमरिया खदान बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले संघर्ष व आंदोलन का रास्ता अपनाया है संयुक्त मोर्चा में H.M.S., B.M.S., INTUC, AITUC, CITU पांचों ट्रेड यूनियन शामिल हैं। और उमरिया कालरी व पिपरिया कालरी में आमसभा व धरना- प्रदर्शन कर आंदोलन की शुरूआत की गई है, आगामी समय मे यह आंदोलन वृहद रूप से शहर के व्यवपारी बंधुओ, गणमान्य नागरिकों,को साथ लेकर गांधी चौक में किया जाएगा, जिले के मुखिया,जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर ज्ञापन सौपा जाएगा व स्थिति से अवगत कराया जाएगा। उक्त आंदोलन को सभी कर्मचारियों द्वारा ट्रेड यूनियनों व संयुक्त मोर्चा को भारी समर्थन मिल रहा है। धरना- प्रदर्शन में मुख्य रूप से - श्री उदय प्रताप सिंह केन्द्रीय उपाध्यक्ष इंटक, नौमीशरण यादव क्षेत्रीय महामंत्री बीएमएस, नईम खान क्षेत्रीय जेसीसी एचएमएस, मोहम्मद शाहिद सचिव इंटक, वीरेंद्र पाण्डेय अध्यक्ष उमरिया एचएमएस, सुनील सिंह सचिव बीएमएस,दीपक बर्मन अध्यक्ष इंटक, अभिषेक दुबे सचिव एचएमएस, रवि दाहिया सचिव एटक, हेत लाल अध्यक्ष सीटू, अश्वनी पटेल अध्यक्ष बीएमएस, मनीष सिंह, डी.पी. साहू, भृगुनाथ, रामबाबू, इंद्रजीत सिंह, सुभाष राय,शिवानंद पटेल, कमलनाथ ताम्रकार, राममुनी सिंह, मनीष तिवारी, रामनरेश तिवारी, पुरूषोत्तम तिवारी, जितेन्द्र सिंह, जय सिंह, देवेन्द्र प्रजापति, सोहन साहू,उपस्थित रहे।मंच का संचालन मोहम्मद शाहिद सचिव इंटक के द्वारा किया गया है।

# बाहर से आकर ठहरने वाले व्यक्तियों की सूचना संबंधित थाना में आवश्यक: कलेक्टर

**समाज जागरण**

शहडोल ।कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. केदार सिंह ने राजधानी दिल्ली में हुए कार ब्लॉस्ट घटना को दृष्टिगत रखते हुए शहडोल जिले में किसी अप्रत्याशित घटना की रोकथाम हेतु आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि जिले मेंसंचालितहोटल,धर्मशाला,रैन बसेरा आदि में बाहर से आकर ठहरने वाले व्यक्तियों के संबंध में जिले की सीमा में बाहर से आने वाले व्यक्तियों, किरायेदार, श्रमिकों के पहचान पत्र व मोबाईल नम्बर प्राप्त कर होटल मालिक, धर्मशाला, रैन बसेरा द्वारा अनिवार्य रूप से सत्यापन कराया जाय,जिले के समस्त थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र अन्तर्गत सभी होटल, लॉज, धर्मशाला, रैनबसेरा आदि के संचालकों के नाम पता सहित सूची तैयार करेंगे।

होटल,लॉज, धर्मशाला रैनबसेरा आदि के संचालको का दायित्व होगा कि रुकने वाले व्यक्तियों की जानकारी परिचय पत्र, मोबाइल नंबर सहित संबंधित थाना प्रभारी को देगें, संबंधित थाना प्रभारी जिले की सीमा में बाहर से आने वाले व्यक्तियों किरायेदार, श्रमिकों का सत्यापन सतत रूप से करना सुनिश्चित करें, आम जनता द्वारा भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, बाजार शॉपिंग माल आदि में किसी भी संदिग्ध वस्तु, वाहन अथवा व्यक्ति हैं, तो इसकी सूचना पुलिस को दी जाय, जिला अन्तर्गत सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी, पुलिस विभाग के साथ टीम बनाकर होटल धर्मशाला,रैन बसेरा, व्यवसायिक संस्थानों की सतत जांच करें तथा संदिग्ध रूप से निवासरत व्यक्ति, किरायेदार की पहचान कर होटल, संस्थानों के मालिक के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

# भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का अद्भुत प्रसंग एवं उद्धव चरित्र का वर्णन सुनकर भक्त हुए भाव विभोर

**समाज जागरण**

शहडोल । नगर के बुढार रोड स्थित डी सदन मैरिज गार्डन परिसर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया है प्राप्त जानकारी के अनुसार सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा हम सभी भक्तजनों को कथा सुनने चित्रकूट की पावन भूमि से पधारे प्रातः स्मरणीय परम पूज्य श्री श्री 1008 श्री स्वामी बदरी प्रपन्नाचार्य जी महाराज शहडोल की दिव्य भूमि में श्री मदभागवत की कथा का रसास्वादन कराने के लिए पधारे है जिस कथा का सुंदर संकल्प श्री चंद्रशेखर वर्मा जी ने लिया । आज की कथा का वर्णन करते हुए महाराज जी ने कहा प्रेम का आधार भौतिक नहीं, आत्मिक होता है। जहां अहंकार समाप्त होता है, वहीं से सच्चा प्रेम प्रारंभ होता है। यह उद्गार संत बद्री महाराज जी ने शहडोल नगर के बुढार रोड स्थित डी सदन मैरिज गार्डन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठें दिन व्यक्त किए। उन्होंने उद्धव चरित्र तथा श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह जैसे प्रसंगों का वर्णन किया। कथा सुनने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और समूचा वातावरण राधे-कृष्ण के भजनों से गुंजायमान रहा। उद्धव चरित्र पर महाराज जी ने कहा कि उद्धव ज्ञान और विवेक के प्रतीक थे लेकिन जब वह वृंदावन पहुंचे तो उन्हें गोपियों ने प्रेम का सच्चा अर्थ समझाया। महाराज श्री स्वामी बदरी प्रपन्नाचार्य जी ने बताया कि उद्धव ने वहां अनुभव किया कि ज्ञान से बढ़कर प्रेम है।



कथा के अंतिम चरण में श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का मंगलमय प्रसंग सुनाया। महाराज श्री स्वामी बदरी प्रपन्नाचार्य जी ने कहा कि यह विवाह भक्ति की विजय और अधर्म पर धर्म की स्थापना का प्रतीक है।

महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महारास लीला का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए। मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूर जी भगवान को लेने आए। जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गईं। कहने लगी हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था तो हम से प्रेम क्यों किया। गोपी उद्धव संवाद, श्री कृष्ण एवं रुकमणी विवाह उत्सव पर मनोहर झांकी प्रस्तुत की गई।

यह प्रसंग सुनकर भक्त भावविभोर हो उठे और कथा स्थल पर जयकारे गूंजन लगे। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा में आप सभी भक्तगण भी अधिक से अधिक संख्या में कथा स्थल बुढार रोड स्थित डी सदन मैरिज गार्डन पधारकर कथा श्रवण कर अपने जीवन को धन्य बनाएं एवं पुण्य लाभ लें।

# प्रधानमंत्री सड़क के उडे परखच्चे

## बरसात में बही पुलिया बनी परेशानी का सबब

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली --- आदिवासी विकास खंड के घुनघुटी से औढेरा तक बनी प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना में बनी सडकों के परखच्चे उड जाने से आवागमन में भारी असुविधाओं का सामना करना पड रहा है, वही पर मार्ग पर पडने वाली पुलियो के बरसात में बह जाने के बाद आवागमन में बाधक बन गयी है। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में घुनघुटी



पनवारी के बीच और आमगार से औढेरा के पास पडने वाली पुलिया के बह जाने के कारण नागरिकों को भारी समस्याओं का सामना करना पड रहा है। ध्यान देने योग्य है कि आगामी दिनों में मालाचुआ में धान खरीदी केन्द्र संचालित होने के कारण किसानों को इसी मार्ग से अपनी उर्पाजित फसल को खरीदी केन्द्र तक लेकर जाने के लिए यही एक मात्र मार्ग है, अगर समय पर इन पुलो का निर्माण कार्य नहीं कराया जाता है तो किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पडेगा। कांचोदर, पनवारी, आमगार के आदिवासी किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है की शीघ्र ही प्रधानमंत्री सड़क मार्ग पर बरसात में बहे दोनों पुलों का शीघ्र पुर्ननिर्माण कराया जाये ताकि लोगों को आवागमन की सुविधा मुहैया हो सकें।

# अखबार हॉकर के साथ दिन दहाड़े लूट

## दो नकाबपोश बदमाशों ने मोबाइल व नकदी लूट कर हुए फरार

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ निगोहां थाना क्षेत्र में अखबार बेचने वाले एक हॉकर के साथ लूट की वारदात ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। मोहनलालगंज के सिसेंडी गांव निवासी अमरेश कुमार मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पिछले करीब 20 वर्षों से अखबार वितरण का कार्य कर रहे हैं। रोज की तरह वे बीते रविवार को अपने घर से साइकिल पर गौतमखेड़ा गांव की ओर अखबार बांट कर वापस जा रहे थे। तभी रास्ते में सुनसान जगह पर पहुंचे ही थे कि दो अज्ञात युवक, जिन्होंने अपने चेहरे पर मास्क से ढक रखे थे, अचानक उनके सामने आ खड़े हुए। अमरेश कुछ समझ पाते, इससे पहले ही दोनों बदमाशों ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया और मारपीट करने लगे। आरोप है कि बदमाशों ने उनके पास से सैमसंग कंपनी का मोबाइल फोन और कुछ नगद रुपये लूट लिए।घटना के दौरान जब राहगीर उधर से गुजरे तो बदमाश जंगल की ओर भाग निकले। पीड़ित अमरेश कुमार ने बताया कि घटना से वह इतने भयभीत हो गए थे कि तत्काल किसी को जानकारी नहीं दे सके। बाद में अपने एक रिश्तेदार के साथ हिम्मत जुटाकर थाना निगोहां पहुंचकर तहरीर दी।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर लूट का मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। घटनास्थल के आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्ध युवकों की तलाश में पुलिस टीम को भेजा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में आए दिन राहगीरों को रोककर छीना-झपटी की घटनाएं बढ़ रही हैं। लोगों ने रात के समय गश्त बढ़ाने और संदिग्ध युवकों की सघन जांच की मांग की है।

# समेसी में मिड-डे मील शेड निर्माण में गड़बड़ी, बीडीओ मोहनलालगंज के आदेश पर मुकदमा दर्ज......

**समाज जागरण संवाददाता निगोहां**

लखनऊ, मोहनलालगंज विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत समेसी में वर्ष 2012 में निर्मित मिड-डे मील शेड के निर्माण कार्य में अनियमितता और अभिलेखों की अनुपलब्धता को लेकर गंभीर मामला सामने आया है। अपर जिला कार्यक्रम समन्वयक मुख्य विकास अधिकारी लखनऊ के पत्र के आधार पर नगराम थाने में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मिड-डे मील शेड के निर्माण कार्य से संबंधित संशोधित प्राक्कलन, स्वीकृति आदेश, सामग्री क्रय के बिल-बाउचर, टेंडर माप पुस्तिका और कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र आदि अभिलेख ग्राम पंचायत सचिव द्वारा उपलब्ध नहीं कराए गए। इस कारण उच्चाधिकारियों ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।जांच में पाया गया कि ग्राम पंचायत सचिव समेसी द्वारा आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत न करने में ग्राम विकास अधिकारी मोहनलालगंज पंकज कुमार वर्मा की लापरवाही पाई गई। आरोप है कि उन्होंने समय रहते अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए, जिससे कार्यवाही बाधित रही।इस संबंध में खंड विकास अधिकारी मोहनलालगंज, आनन्द कुमार श्रीवास्तव की तहरीर पर नगराम पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## संदिग्ध अवस्था में सूने घर में युवक ने लगायी फांसी

### मृतक के चचेरे भाई ने हत्या की आशंका जाहिर की

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम करनपुर मजरे रामपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में 26 वर्षीय युवक ने खाली मकान में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वहीं मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। जानकारी के अनुसार करनपुर मजरे रामपुर गांव निवासी स्व0 रोहित लाल का 26 वर्षीय पुत्र अनूप सिंह ने गांव में ही खाली मकान में संदिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब लोगो की फांसी पर लटके युवक का शव देखा तो हड़कम मच गया। तभी किसी ने इसकी सूचना क्षेत्रीय पुलिस को दे दी। सूचना पर घटना स्थल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। पोस्ट मार्टम हाउस में मृतक का चचेरा भाई अनिक कुमार बताया कि गांव के कुछ लोगो ने मृतक से शराब का ठेका दिलाने के नाम पर पैसा लिया था। ठेका न मिलने पर भाई ने अपना पैसा मांगा तो उसके साथ मारपीट की गयी। मौके पर उसने पहुंच कर बीच बचाव किया। चचेरे भाई का कहना है कि उसके भाई ने आत्महत्या नहीं की है। बल्कि हत्या की आशंका जाहिर की है।

## युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के पीरनपुर कबाड़ी मार्केट में मायके में रह रही 25 वर्षीय महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्म हत्या करने पर जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार शहर के कृष्ण बिहारी नगर मोहल्ला निवासी असफाक की पत्नी फरीदा ने अपने मायके पीरनपुर में मानसिक तनाव के चलते जहर खाकर आत्म हत्या करने का प्रयास किया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो उसे तत्काल उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज करा रहे भाई इमरान ने बताया कि उसका बहनोई पत्नी शराब पीने का आदी है। जिसके चलते काफी समय से लोगो के घर में झाड़ू बर्तन कर अपना पालन पोषण करती है और आज उसने मायके में ही जहर खाकर जान देने की कोशिश की।

## कोयला लदे ट्रक में ट्रक ने मारी टक्कर चालक की मौत

### टक्कर इतना भीषण था कि लोहे का ऐंगल चालक के जा घुसा

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के अर्न्तगत एनएच 2 में मंगलवार की सुबह दिल को दहला देने वाला हादसा उस वक्त हो गया। जब आगे कोयला लदा जा रहे ट्रक में पीछे से आ रहे बेकाबू ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे पीछे ट्रक में पीछे लदे लोहे ऐंगल बाडी फाडता हुआ चालक के जा घुसा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। उधर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर क्रेन द्वारा ट्रक को बाहर निकालते हुये चालक का पंचनामा भर विच्छेदन ग्रह भेजा। बताते चले की मंगलवार की भोर कानपुर इलाहाबाद हाइवे में सुबह पहर कोयला लदे जा रहे ट्रक में पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे पीछे वाले ट्रक में लदे लोहे लदे ऐंगल बाड़ी फाडते हुये चालक के जा घुसी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और मृतक की जेब से निकलते आईडी के अनुसार मृतक की पहचान धर्मेन्द्र सिंह पुत्र दलवीर सिंह निवासी नगला मोम्मदाबाद जिला फरूर्खाबाद के रूप में हुयी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

## कन्नौजः जिले के 840 भूमिहीन किसान भी ले रहे किसान सम्मान योजना का लाभ, अब होगी कार्रवाई

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। उप निदेशक कृषि संतोष कुमार ने बताया कि अभिलेख सत्यापन में पाया गया है कि 840 भूमि हीन किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ ले रहे थे। इसी कड़ी में 3230 मृतक किसान अभिलेख सत्यापन में पाए गए है। जिसका डेटा संकलित कर मुख्यालय को प्रेषित किया जा रहा है। अवांछित प्रविष्टियों को पोर्टल से शीघ्र डिलीट कराया जाएगा, ताकि योजना का लाभ केवल वास्तविक एवं पात्र किसानों को ही प्राप्त हो सके। उन्होनें कहा है कि किसानों के अभिलेखों का सत्यापन कार्य पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ किया जा रहा है। अभिलेखों के सत्यापन में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाएगी तथा मृतक किसानों के उत्तराधिकारियों के नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराई जाएगी, जिससे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित अन्य कृषि योजनाओं का लाभ पात्र कृषकों को समय से मिल सके।

## कन्नौजः मतदान केंद्रों की सूची पर सुझाव और आपत्तियां मांगी

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। अपर जिला मजिस्ट्रेट/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र सिंह ने बताया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 25 के उपबन्धों के अनुपालन में जनपद की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 196-छिबरामऊ 197-तिर्वा एवं 198-कन्नौज (अ०जा०) के मतदान केन्द्रो स्थलों की सूचियों का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 10.11.2025 को सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा कर दिया गया है। जन सामान्य से अनुरोध है कि मतदान केन्द्रों/ स्थलों के सम्बन्ध में कोई आपत्ति/सुझाव हो तो वह सम्बन्धित तहसील के उप जिलाधिकारी / निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को 16.11.2025 तक लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं। मतदान केन्द्रों/ स्थलों के आलेख्य प्रकाशन की सूची जनपद की वेबसाइट kannauj.nic.in पर भी उपलब्ध रहेगी।

## मंडलायुक्त व आईजी ने मुख्यमंत्री के होने वाले सभास्थल का किया निरीक्षण

### जनजातीय गौरव दिवस एवं बिरसा मुंडा जयंती पर मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियाँ तेज

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/सोनभद्र। आगामी 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर नगर पंचायत चोपन स्थित रेलवे ग्राउंड में होने वाले कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। तैयारियों की समीक्षा करने के उद्देश्य से आज मिजार्पुर मंडलायुक्त राकेश प्रकाश एवं आईजी आर.पी. सिंह ने कार्यक्रम स्थल एवं हेलीपैड का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त राकेश प्रकाश ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, पार्किंग, जनसुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को समय रहते पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भीड़ प्रबंधन, पंडाल व्यवस्था, पीने के पानी और चिकित्सा सहायता जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ हर स्थिति में मानक के अनुरूप रहनी चाहिए। वहीं आईजी आर.पी. सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के आगमन एवं आम जनता की भीड़ को देखते हुए चोपन नगर में सुरक्षा घेरा मजबूत किया जाए तथा कार्यक्रम दिवस पर किसी भी प्रकार की चूक न हो। आईजी ने हेलीपैड की सुरक्षा, रूट डायवर्जन और ट्रैफिक प्लान को भी समय से लागू करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल सिंह, उप जिलाधिकारी विवेक सिंह सहित पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन को सफल और भव्य बनाने के लिए नगर पंचायत सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी, जिला प्रशासन और पुलिस विभाग संयुक्त रूप से युद्धस्तर पर तैयारियों में जुटा हुआ है। इस मौके पर भाजपा नेता राजा मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष, जुगैल जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव तिवारी, अधिशासी अधिकारी मधुसूदन जायसवाल, सुनील सिंह, सत्य प्रकाश तिवारी, राजन जायसवाल, संजय केशरी, लवकुश भारती, लिपिक अंकित पाण्डेय आदि मौजूद रहे

## अलग-अलग सड़क हादसों में एक की मौत, महिला समेत दो घायल

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रो के अर्न्तगत बीते 24 घन्टो के अन्तराल में हुये सड़क हादसों के दौरान तीन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां एक की हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। जिसकी रास्ते में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार कल्यानुपर थाना क्षेत्र के भौनाखेडा निवासी पितम्बर का 25 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार बीती शाम साइकिल से किसी काम जा रहा था। तभी मुरादीपुर व गुनीर के बीच अज्ञात वाहन टक्कर मारता हुआ निकल गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी प्रकार सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के देवराजपुर गांव निवासी रामनरेश का 24 वर्षीय संजय अपने चाचा राजेश के साथ बाइक से सामान लेने जा रहा था। जब यह लोग सुल्तानपुर घोष गांव के समीप पहुंचे तभी सड़क पार कर रही महिला को बाइक ने टक्कर मार दिया। जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गयी। इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुये सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सक ने उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया। उधर ललौली थाना क्षेत्र के दौलतियापुर गांव निवासी रघुवीर का 60 वर्षीय पुत्र सक्टू खेत में खाद डालकर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह गांव के समीप पहुंचा तभी अचानक सड़क पार कर रही। नील गाय से बाइक टकरा गयी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने अभिषेक की हालत गंभीर देखते हुये कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जिसकी रास्ते में मौत हो गयी।

## कन्नौजः आईटीआई तालग्राम मे ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत कन्नौज द्वारा जनपद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तालग्राम के खेल मैदान में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी एवं संस्थान के प्रधानाचार्य संजीव कुमार पाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर कर किया गया । जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी द्वारा युवाओं को भारत सरकार द्वारा खेलों इंडिया कार्यक्रम के बारे मे अवगत करते हुए अधिक संख्या मे खेलों के प्रति रूचि लेने के लिए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया गया एवं ब्लॉक स्तरीय खेल कूद कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि कन्नौज जिले के चार विकास खंडों मे खेल कूद प्रति योगिताओ का आयोजन किया जाएगा एवं जो खिलाड़ी प्रथम स्थान प्राप्त करेगे उन्हे जिला स्तरीय खेल कूद कार्यक्रम के लिए चयनित किया जाएगा । उक्त कार्यक्रम मे कुल 6 प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया जिसमे 400 मी दौड़ ( महिला / पुरुष ) , लंबी कूद पुरुष , वालीबॉल पुरुष , कबड्डी महिला एवं स्लो साइकलिंग शामिल रहे । कबड्डी प्रतियोगिता मे समधन टीम विजेता हुई । वही वालीबॉल मे आई टी आई तालग्राम टीम विजेता हुई । स्लो साइकलिंग महिला वर्ग मे सीता प्रथम, नंदिनी द्वितीय एवं आरती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । लंबी कूद पुरुष वर्ग प्रतियोगिता मे कमल प्रथम , ऋतिक द्वितीय एवं मिलन तृतीय स्थान पर रहे । 400 मी० महिला दौड़ मे प्रभा प्रथम , रागिनी द्वितीय एवं छाया तृतीय स्थान पर रहे । 400 मी० पुरुष दौड़ मे अनमोल प्रथम , सचिन द्वितीय एवं अर्पित तृतीय स्थान पर रहे । सभी विजेता खिलाड़ियों को मोमेंटों , मेडल एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया । वही कार्यक्रम मे अभिषेक दुबे, शिवम सिंह , शिवेन्द्र कुमार , लक्ष्मी सिंह द्वारा रेफरी भूमिका निभाई गई एवं सभी रेफरी को निष्पक्ष परिणाम घोषित के लिए सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के अंत मे युवा क्लब अध्यक्ष सुरजीत कुमार द्वारा सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों को धन्यवाद ज्ञापन दिया गया । कार्यक्रम व्यवस्था मे संजय कुमार , शैलेश कुमार , विनय कुमार , राजनरायान भारती , शालिनी , ममता यादव , पायल यादव , प्रतिभा , अवनीश कुमार एवं विकास सिंह उपस्थित रहे ।

## कन्नौजः उद्योग बंधु की बैठक में उठा व्यवसायिक भवनों में शौचालय और स्पीड ब्रेकर का मुद्दा

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**




कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में औद्योगिक विकास से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि इत्र पार्क में पानी की टंकी पूर्ण रूप से संचालित हो चुकी है। जिन उद्यमियों या व्यापारियों को जल आपूर्ति की आवश्यकता है, वे जल निगम को सूचना देकर शीघ्र जल कनेक्शन प्राप्त कर सकते हैं। कहा कि इत्र पार्क की बाउंड्रीवाल का लगभग 65 से 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने ने यूपीसीडा अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्यमी अखिलेश पाठक द्वारा आवश्यक धनराशि जमा की जा चुकी है, अतः उनकी रजिस्ट्री की कार्यवाही तत्काल पूर्ण की जाए।

उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि पार्क में गड्ढों का भराव, शौचालय निर्माण, एन.ओ.सी. तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं से संबंधित कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी अधिकारी सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों का पालन करते हुए सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य करें। जिलाधिकारी ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी तथा विनियमित क्षेत्र के अवर अभियंता को निर्देशित किया कि शहर में वाणिज्यिक भवनों में शौचालयों की स्थिति, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सार्वजनिक शौचालयों की उपलब्धता तथा अधिक ऊँचाई या मानक से विपरीत स्पीड ब्रेकरों की सूची प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि सभी स्पीड ब्रेकर मानक अनुरूप हों, अन्यथा की दशा में उन्हें ठीक किया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि उद्यमियों की समस्याओं एवं शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि औद्योगिक विकास की गति और तेज हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) देवेन्द्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, उपायुक्त उद्योग धनन्जय सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं उद्यमी बंधु उपस्थित रहे।

## कन्नौजः गीता हॉस्पिटल तिर्वा को कारण बताओ नोटिस

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। राम सजीवन राजपूत पुत्र श्री रघुराज सिंह निवासी हिमनापुर पोस्ट लोहामढ़ थाना तिर्वा कन्नौज की शिकायत के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर स्वदेश गुप्ता एवं डॉक्टर के०पी०त्रिपाठी (अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी) द्वारा गीता हॉस्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर तिर्वा का स्थलीय निरीक्षण किया गया जहां पर शिकायत से सम्बंधित सभी पत्रावलियों का सघनता से परीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में बायोमेडिकल वेस्ट का प्रबंधन मानक के अनुसार नहीं पाया गया एवं अस्पताल में बिस्तरों पर चादर आदि नहीं पड़ी थी साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई उक्त के क्रम में क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के अंतर्गत नोटिस दिया गया नोटिस का यथोचित उत्तर न प्राप्त होने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## हृदय रोग विशेषज्ञ के नाम पर मरीजों को करते हैं गुमराह!

### हाल है- सुनीता जायसवाल मेमोरियल हास्पिटल शोहरतगढ़।

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। जनपद के शोहरतगढ़ में स्थित डाक्टर सुनीता जायसवाल मेमोरियल हास्पिटल से एक चौंका देने वाला मामला प्रकाश में आया है,जहां पर पहले तो झांसा देकर हार्ट के मरीजों को भर्ती कर लिया जाता है लेकिन बाद में उस मरीज को जान गवानीं ही पड़ती है,ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है, जहां पर डॉक्टरों ने झांसा देकर मरीज को तो भर्ती कर लिया अंततः मरीज को जान गवानीं पड़ी,अब देखिए मामला इटवा तहसील क्षेत्र के ग्राम धन्धरा के रहने वाले सूर्यनाथ ओझा का आरोप है कि डाक्टर सुनीता जायसवाल मेमोरियल हॉस्पिटल में वे अपनी पत्नी विमला देवी का हार्ट संबंधी इलाज कराने गए थे, लेकिन वहां मौजूद डॉक्टरों ने झूठा आश्वासन देकर भर्ती कर लिए,और बाद में यह कहकर अस्पताल से निकाल दिए कि हमारे यहां हार्ट का कोई डॉक्टर ही नहीं है। आश्चर्य की बात यह है कि जब इस अस्पताल में हृदय रोग

विशेषज्ञ (कार्डियोलॉजिस्ट) नहीं हैं तो मरीजों को भर्ती क्यों किया जाता है,भरोसेमंद सूत्रों की माने तो इस बहुचर्चित अस्पताल में मरीजों की जान से खिलवाड़ करना आम बात हो चुका है,लेकिन ऐसे में स्वास्थ्य विभाग में बैठे तंत्र कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं ऐसा लगता है कि स्वास्थ्य विभाग में बैठे तंत्र इस अस्पताल के कर्मचारियों की कठपुतली बने हुए हैं,सूत्रों के अनुसार वर्तमान जिला अधिकारी को चाहिए कि पूर्व जिला अधिकारी की भाति ऐसे फर्जी वाड़ो पर जांच कर कार्रवाई करें,लेकिन सबसे अफसोस की बात यह है कि जिला अधिकारी भी अपने ऑफिस से बाहर निकाल कर ऐसे अस्पतालों का निरीक्षण करना शायद पसंद नहीं करते हैं ऐसे में मरीजों का शोषण होना कैसे नकारा जा सकता है,गोपनीय सूत्रों के माने तो ऐसे अस्पतालों से स्वास्थ्य विभाग को अच्छा खासा सुविधा शुल्क प्राप्त होता है,इसी वजह से स्वास्थ्य विभाग में बैठे तंत्र कार्रवाई करने के बजाय मूकदर्शक बने रहते हैं, अब सवाल यह है कि स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन

के उदासीनता का खामियाजा इस बहुचर्चित अस्पताल में मरीजों को कब तक भुगतना पड़ेगा यह तो वक्त की कोख में ही कैद है,एक मरीज ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि जब अस्पताल के डाक्टरों से यह सवाल किया जाता है कि जो हार्ट के डाक्टर तुम्हारे पास नहीं हैं तो उसका झांसा क्यों देते हो,इस सवाल पर उन लोगों का सीधा जवाब रहता है कि मेरा शिकायत जहां भी करना हो कर सकते हो कोई भी मेरा कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता क्योंकि स्वास्थ्य विभाग को हर महीने सुविधा शुल्क पहुंचता है।

## कन्नौजः जिले में पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध, किसान बेवजह भंडारण न करेंः डीएम

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**




कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान भाइयों को उर्वरक से संबंधित किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। जानकारी दी गई कि जनपद में वर्तमान में यूरिया 15,481.68 मी.टन व डी.ए.पी. 8,839.25 मी.टन, एवं एम.ओ.पी.1,703.92 मी.टन तथा एन.पी.के. 9,160.01 मी.टन और एस.एस.पी. 4,993.86 मी.टन उर्वरक उपलब्ध हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन समितियों पर डी.ए.पी. एवं एन.पी.के. की उपलब्धता नहीं है, वहां तत्काल प्रेषण सुनिश्चित किया जाए। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि 56 समितियों एवं 41 एग्रीजंक्शन केन्द्रों पर 2,057 मी.टन यूरिया और 2,500 मी.टन डी.ए.पी. के प्रेषण हेतु आवंटन किया जा चुका है, जो आगामी दो दिवस के भीतर समितियों पर उपलब्ध हो जाएंगी।जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सभी प्रकार के उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता तथा लगातार रैक की आपूर्ति जारी है। उन्होंने कहा है कि किसान भाई अनावश्यक उर्वरक का भंडारण न करें और अपनी आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक प्राप्त करें। उन्होंने किसान भाइयों से अपील की है कि वे आधार कार्ड एवं खतौनी लेकर संबंधित समिति या एग्रीजंक्शन केन्द्र से उर्वरक प्राप्त करें। वर्तमान में लगभग 1,000 मी.टन एन. पी.के. एस. का लगातार प्रेषण किया जा रहा है, जिसमें नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश एवं सल्फर सभी पोषक तत्व सम्मिलित हैं। अतः किसान भाई डी.ए.पी. के विकल्प के रूप में एन.पी.के.एस. का संतुलित उपयोग करें, जिससे मिट्टी की उर्वरता एवं फसल उत्पादकता में वृद्धि होगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0 रा देवेन्द्र सिंह, जिला कृषि अधिकारी संत लाल गुप्ता, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कन्नौजः जिले की सभी गोशालाओं में गोबंश को ठंड से बचाने के उपाय करने के निर्देश

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ० अनिल कुमार ने बताया है कि जनपद के समस्त अस्थायी एवं स्थायी कांजी हाउस तथा कान्हा उपवनों में संरक्षित गोवंशों को शीतलहर एवं ठंड के प्रभाव से सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि गो आश्रय स्थलों पर ठंड से बचाव हेतु त्रिपाल, बोरे, पराली आदि सामग्री का उपयोग किया जाए, जिससे गोवंशों को पर्याप्त ऊष्मा मिल सके। सभी गोशालाओं में शेड को विधिवत रूप से ढकने, जूट के बोरे से बने झूल को पहनाने, तथा रात्रि में किसी भी गोवंश को खुले में न रहने देने के निर्देश दिए गए हैं। दिन के समय गोवंशों को पर्याप्त धूप में रखने और स्वच्छ, ताजे पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा गया है। डॉ० कुमार ने बताया कि जहां आवश्यकता हो, वहां अलाव की व्यवस्था भी की जाए, ताकि शीत ऋतु में गोवंशों का स्वास्थ्य बना रहे और ठंड से किसी प्रकार की हानि न हो। उन्होंने यह भी बताया कि विभिन्न संस्थाओं एवं विभागों से अनुपयोगी बोरे/टाट आदि सामग्री उपलब्ध कराकर गो आश्रय स्थलों में उपयोग में लायी जा सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में रबी की फसलों की बुवाई का समय चल रहा है, ऐसे में गो आश्रय स्थलों से टैग्ड भूमि पर जई एवं बरसीम की बुआई कराई जा रही है, जिससे गोवंशों को भूसे के साथ हरा चारा एवं दाना उपलब्ध कराया जा सके।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने किसानों एवं आमजन से अपील की है कि वे पराली जलाने के स्थान पर गो आश्रय स्थलों को पराली उपलब्ध कराएं, जिससे 25 प्रतिशत तक कुट्टी के रूप में इसे गोवंशों के हरे चारे के साथ मिलाया जा सके। साथ ही गोशालाओं से गोबर खाद प्राप्त कर अपने खेतों में प्रयोग कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि शीत ऋतु में किसी भी गोवंश को ठंड से किसी प्रकार की हानि न हो, इसके लिए गोवंशों की देखभाल एवं संरक्षण हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## कन्नौजः आईपीएचएल लैब तैयार, महज उद्घाटन का इंतजार

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिला अस्पताल में आईपीएचएल लैब बनकर तैयार हो गई। अब इसके औपचारिक उद्घाटन का इंतजार है। इस लैब में 117 प्रकार की जांचे हो सकेंगी और मरीज को ऑनलाइन रिपोर्ट मिल सकेगी। लैब में आने वालों के लिए रिसेप्शन और वेटिंग एरिया भी तैयार कराया गया है। जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को अब अलग-अलग तरह की जांचे कराने के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। मरीजों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए जिला अस्पताल की दूसरी मंजिल पर आईपीएचएल लैब यानी कि एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला तैयार कराई गई है। इस लैब में 117 तरह की जांचे हो सकेंगी। लैब में रिसेप्शन काउंटर, वेटिंग एरिया, सैम्पल कलेक्शन, माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, कोल्ड स्टोरेज जैसी जांचे और सुविधाएं मिल सकेंगी। आधुनिक सुविधाओं से लैस इस लैब को लेकर जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु ने बताया कि अब जांच के लिए मरीजों और तीमारदारों को अस्पताल के अलग-अलग एरिया में भटकना नहीं पड़ेगा। एक ही छत के नीचे 117 प्रकार की जांच की सुविधाएं मिल सकेंगी। ये लैब पूरी तरह से तैयार है। इसका महज औपचारिक उद्घाटन होना है। जल्द ही उद्घाटन करवा कर मरीजों के लिए इस सुविधा को चालू कर दिया जाएगा। लैब में तैनात सुनील पाठक ने बताया कि यहां प्रतिदिन औसतन 250 से 300 मरीजों की 1200 से 1500 प्रकार की जांचे हो रहीं हैं। आईपीएचएल लैब चालू होने से मरीजों लाभहोगा। उन्होंने बताया कि इस लैब के माध्यम से ग्रामीण इलाके के लोगों को घर बैठे ऑनलाइन रिपोर्ट भी मिल सके।

# नगर पंचायत डाला के 9 सभासदों ने बैठक कर लगाया आरोप

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/ सोनभद्र। नगर पंचायत डाला बाजार में चूड़ी गली में नाली निर्माण को लेकर नगर पंचायत डाला बाजार 9 सभासदो ने बैठक कर आरोप लगाते हुए कहा कि अध्यक्ष द्वारा भारतीय जनता पार्टी की सरकार को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है जो बर्दाश्त नहीं की जाएगी अभी कुछ दिनों पुर्व 5 मार्च को पास हुए दीनदयाल उपाध्याय नगरीय योजना का काम चालू नहीं हुआ है एक काम का अभी तक टेंडर नहीं हुआ वार्ड नंबर 10 मे इस प्रकार सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाजवादी पार्टी की नगर अध्यक्ष ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता से दूर रखना चाहती है और सरकार को बदनाम करना चाहती है दिनांक 23-9-2025 को बोर्ड बैठक हुई अधिशासी अधिकारी महोदय से बात कर अध्यक्ष जी ने बोर्ड बैठक टाल दिया उसके बाद हम सभी सभासदों ने नगर पंचायत कार्यालय पर दबाव बनाया की बोर्ड बैठक क्यों नहीं हो रही है विकास कार्य अवरुद्ध हो रहा है नगर में जनता द्वारा हम लोगों को बातें सुनने को मिल रही हैं तब नगर पंचायत अध्यक्ष बोर्ड बैठक के लिए तैयार हुईं हम लोगों द्वारा प्रस्ताव दिया गया उन प्रस्ताव पर कोई कार्य नहीं हो रहा है प्रस्ताव वैसे ही धारा हुआ है




चुकी नगर पंचायत अध्यक्ष के चहेतो कि नहीं चल पा रही है उनका कहना है कि एक चहेता तो यहां तक बोला अगर हम काम नहीं करेंगे और हमारे हिसाब से अधिशासी अधिकारी कार्य नहीं करेंगे तो नगर पंचायत इसी तरह चलेगी जबकि चूड़ी गली में हो रहे नाली निर्माण को अध्यक्ष ने उद्घाटन किया और नाली खुदवाया आज जब बवाल हो रहा है तो अपना पल्ला झाड़ने हुए अधिशासी अधिकारी को बदनाम करने की साजिश कर रही है वार्ड नंबर 7 के सभासद विशाल कुमार ने कहा कि हमारी सरकार लाखों रुपए नगर पंचायत में खर्च कर रही है नगर पंचायत अध्यक्ष उसको भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा रही है और कार्य न करके सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रही है बैठक में मौजूद विशाल कुमार, अवनीश पांडे, संतोष कुमार, बिंदु सिंह, शबाना खान, आशा देवी, दीक्षा पटेल, बलवीर कुमार, आदि रहे।

# सनातन संस्कृति के उत्थान हेतु नारी शक्ति को ईश्वरीय कार्य के लिए अग्रदूत बनाया गया : बिंदु दीदी

- सोनभद्र में मनाया गया 24वां वार्षिकोत्सव, विश्व भर में हैं 140 सेवा केंद्र
- सोनभद्र में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**समाज जागरण ब्यूरो चीफ**

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज के विकास नगर में स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में स्थानीय सेवाकेंद्र का 24वां वार्षिकोत्सव "नवयुग अभिनंदनम" समारोह सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। सर्व प्रथम कार्यक्रम का प्रारम्भ परमात्म स्मृति से प्रारम्भ हुआ। मंचासीन अतिथियों का ब्रह्माकुमारी बहनों नें अंगवस्त्रम तिलक तथा पुष्पमाला और बुके से स्वागत किया। मंचासिन महानुभावों ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का औपचारिक रूप से प्रारंभ किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में मिजार्पुर से पधारी बीके बिन्दु दीदी ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था विश्व के 140 देशों में 8000 से भी अधिक सेवा केंद्रों के माध्यम से ईश्वरीय ज्ञान और राजयोग के माध्यम से संपूर्ण मानवता के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि परमात्मा ने आदि सनातन संस्कृति के उत्थान हेतु नारी शक्ति को ईश्वरीय कार्य के लिए अग्रदूत बनाया है। मुख्य अतिथि एएसपी अनिल कुमार ने कहा कि जीवन में ज्ञान का बोध होना आवश्यक है तभी मनुष्य जीवन में श्रेष्ठ कर्म कर सकता है। हमें पुनः आध्यात्म की ओर लौटना होगा तभी जीवन सार्थक हो सकता है। विशिष्ट अतिथि सीओ रणधीर मिश्रा ने कहा कि युग परिवर्तन की यात्रा का प्रारंभ हो चुका है। हम सभी को इस अन्तर्जगत की यात्रा से जुड़कर आत्म कल्याण के पथ पर चलना चाहिए। साईं हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ. अनुपमा सिंह ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़ने के बाद जीवन के यथार्थ उद्देश्य का बोध हुआ। इससे हमारे जीवन में बहुत बड़ा सकारात्मक परिवर्तन आया। उन्होंने सभी लोगों से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय से जुड़ने की अपील की है। विकास शाक्य एडवोकेट ने कहा कि मनुष्य तन को मानव सेवा के कल्याण में लगाना है। इससे हमारा जीवन सफल हो जाता है। स्थानीय सेवाकेंद्र की मुख्य संचालिका बी के सुमन दीदी नें कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियो एवं उपस्थित लोगो का आभार व्यक्त करते हुए कहा की यह सेवाकेंद्र आध्यात्मिक ऊर्जा और सनातन संस्कृति का केंद्र है। यहाँ सभी सेवाएं निःशुल्क प्रदान की जाती है। कोई भी व्यक्ति इसका लाभ उठा सकता है। उन्होंने अतिथियों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डॉं बीके हरीन्द्र भाई नें मंच का संचालन किया।

कार्यक्रम में,पूर्व चेयरमैन कृष्ण मुरारी गुप्ता, अवधेश धर दुबे, मनोज धर दुबे, डॉ संजय सिंह, विजय कनौडिया समेत जनपद के विभिन्न जगहों से पधारे हुए संस्था से जुड़े सदस्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीके प्रतिभा, बीके सीता, बीके सरोज, बीके कविता, बीके दीपशिखा, संगीता बहन, गोपाल भाई का,. विशेष योगदान रहा।

# मा0 राज्यपाल के जनपद में भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों का विधायक सदर व जिलाधिकारी ने लिया जायजा, सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**समाज जागरण ब्यूरो**



सोनभद्र।महामहिम माननीय राज्यपाल , असम श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य जी का आगामी दिनांक 12 नवम्बर 2025 दिन बुधवार को जनपद सोनभद्र में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है उक्त के दृष्टिगत सिल्थम पटना गांव में चल रहे तैयारियों का विधायक सदर भूपेश चौबे, जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया गया। महामहिम माननीय राज्यपाल शिव मंदिर और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नीलांबर, पीताम्बर खरवार स्मृति सम्मान समारोह में 13 नवम्बर, 2025 के प्रतिभाग करने के साथ ही आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करेंगे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बनाये जा रहे मंच व्यवस्था, पौध रोपण स्थल, बैरिकेटिंग के साथ ही परिसर में साफ-सफाई बनाये रखने के निर्देश सम्बन्धित को दियें। जिलाधिकारी ने तैयारी में जुटे सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पूरी जिम्मेदारी से लगकर तैयार की गयी रूप-रेखा के अनुसार कार्य को ससमय पूर्ण कराया जाये, इसमें किसी प्रकार की शिथिलतता न बरती जाये और अधूरे कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाये। जिलाधिकारी ने तैयारी व्यवस्था में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा भी लिया, उन्होंने कहा कि तैयारी में किसी प्रकार की समस्या होने की स्थिति में उच्च स्तर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए समस्या का समाधान करा लिया जाये, जिससे तैयारी के कार्य में और तेजी हो सकें। निरीक्षण के दौरान विधायक सदर भूपेश चौबे, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने शिव मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना भी किये। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर के स्थिति का जायजा भी लिये और मंदिर पूजारी से वार्ता कर मंदिर के बारे में जानकारी प्राप्त किये। उन्होंने मंदिर के मरम्मत कराने के साथ ही मंदिर परिसर में साफ-सफाई बनाये रखने के निर्देश सम्बन्धित को दियें।

# जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने कम्पोजिट विद्यालय करवनियाँ का किये औचक निरीक्षण

अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बौद्धिक स्तर का किये परीक्षण, अध्यापक को बेहतर तरीके से शिक्षा देने के दिये निर्देश

विद्यालय का रंगाई-पोताई के कार्य में शिथिलता बरतने पर प्रभारी अध्यापक को लगायी फटकार



**समाज जागरण ब्यूरो**

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व मुख्य विकास अधिकारी ने आज कम्पोजिट विद्यालय करवनियाँ का औचक निरीक्षण किये। विद्यालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि कक्षों में छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन का कार्य शिक्षक द्वारा कराया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने कक्ष में जाकर छात्र/छात्रा से वार्ता कर विषयवार बनाये गये कापियों को देखा और किताब पढ़वाकर बौद्धिक स्तर का परीक्षण भी किये। जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं से वार्ता कर विद्यालय द्वारा उपलब्ध करायी जा रही निःशुल्क किताब, ड्रेस, जूता, मोजा तथा आदि सामग्री के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त किये। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने बच्चों के उपस्थिति रजिस्टर को देखा, तो यह तथ्य सामने आया कि पंजीकृत बच्चों की संख्या कुल 138 है और मौके पर 67 बच्चें उपस्थित है, जिस पर उन्होंने छात्र-छात्राओं की उपस्थिति शत-प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश सम्बन्धित अध्यापको को दियें।

जिलाधिकारी ने अध्ययनरत्न छात्र-छात्रों के बौद्धिक स्तर के परीक्षण के उपरान्त मौके पर उपस्थित प्रभारी अध्यापक व अध्यापकों को छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दियें, उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देना ही अध्यापक का परम कर्तव्य होता है। इसलिए अध्यापक को चाहिए कि पूरे मनोबल के साथ विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने का प्रयास करें। जिससे कि ये छात्र-छात्राएं आगे की उच्च शिक्षा के लिए अपने को बेहतर तरीके से तैयार रख सकें और अपने शिक्षण कार्य को अच्छी से तरह से निखारने में सक्षम बन सकें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय परीसर को साफ-सफाई व रंगाई-पोताई के कार्य को भी देखा, विद्यालय के रंगाई पोताई कार्य में शिथिलता बरतने पर जिलाधिकारी ने प्रभारी अध्यापक को नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय के रंगाई-पोताई का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाये। इस दौरान उन्होनें खण्ड शिक्षा अधिकारी चतरा को निर्देशित करते हुए कहा कि चतरा ब्लॉक के अन्तर्गत सभी प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालय में नवम्बर माह तक अनिवार्य रूप में रंगाई पोताई का कार्य किया जाना सुनिश्चित किया जायें इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता और लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

# परिजनों के गैर मौजूदगी में दिनदहाड़े आलमारी तोड़कर आभूषण और रुपए की दुस्साहसिक चोरी

पीड़िता ने चोपन थाने में दी लिखित नामजद तहरीर

**समाज जागरण ब्यूरो**

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलखन स्थित सूईया चट्टान टोले में रविवार की दिनदहाड़े दोपहर तकरीबन 1 बजे परिजनों के गैर मौजूदगी में घर में रखे अलमारी का लाकर तोड़कर उसमें रखे आभूषण तथा नकदी रुपए चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।

इस संबंध में मंगलवार को चोपन थाने में दिए गए लिखित तहरीर में सलखन ग्राम पंचायत के सूईया टोला निवासी पीड़िता इमराना पत्नी अब्दुल हमीद ने बताया है कि बीते दिनांक 9 नवंबर 2025 दिन रविवार को वह पास ही में स्थित मायके चली गई थी कि घर के अंदर अलमारी में रखा मांग टीका, नथिया, कान का झाला सोने का मंगलसूत्र, चांदी का पायजनी तथा नगदी ₹10000 लाकर तोड़कर चोर चुरा ले गये। पीड़िता ने काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं अता-पता तथा कोई सुराग नहीं मिल सका। दूसरे दिन पड़ोसी के घर में आभूषण के कुछ गहने गिरे मिले दिखाई दिये। पीड़िता नहीं संबंध में चोपन थाने में लिखित नामजद तहरीर देकर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किए जाने के मामले में पॉक्सो एक्ट के दोषी छोटे को 20 वर्ष की कठोर कैद

20 हजार रुपए अर्थदंड, न देने पर भुगतनी होगी एक माह की अतिरिक्त कैद

अर्थदंड की धनराशि में से वीरता को मिलेगी 15 हजार रुपए

**समाज जागरण/ अभय कुमार पटेल**

सोनभद्र। करीब साढ़े 4 वर्ष पूर्व पीड़िता के घर के समीप नाले के पास 7 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी छोटे को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर 20 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 15 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक रामपुर बरकोनिया थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता की मां ने दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 21 मई 2021 को सायं 7 बजे छोटे पुत्र जंगाली निवासी दरमा, थाना रामपुर बरकोनिया, जिला सोनभद्र उसकी 6 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ अकेला घर के समीप नाले के पास पाकर जबरन दुष्कर्म कर रहा था

। बेटी के चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर वहां बेटे के साथ पहुंची तो वह कहीं शिकायत करने पर जान मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने जांच करने की बात कही। एसपी सोनभद्र को रजिस्टर्ड डाक से सूचना दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब कोर्ट में धारा 156(3) सीआरपीसी के तहत प्रर्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी।

कोर्ट के 2 जुलाई 2021 के आदेश के अनुपालन में रामपुर बरकोनिया पुलिस ने 7 जुलाई 2021 को एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। मेडिकल जांच में पीड़िता की उम्र 7 वर्ष के आसपास बताई गई।पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने छोटे के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 7 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी छोटे (25) वर्ष को 20 वर्ष की कठोर कैद एवं 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 15 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर ले सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी और नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# मानक के अनुरूप धान खरीद करके लक्ष्य करे पूर्ण : देवेंद्र कुमार सिंह

आधा दर्जन धान क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण, सचिव को लगायी फटकार

**समाज जागरण ब्यूरो**

सोनभद्र। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता देवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा सहायक सांख्यिकीय अधिकारी आलोक कुमार शेखर के साथ धान क्रय केन्द्रों केकराही संघ, करमा संघ उपकेंद्र जवाही, गयारतवल, केकराही पैक्स एवं उपकेंद्र फुलवारी का निरीक्षण किया गया। धान क्रय केंद्र गयारतवल पर पावर डस्टर खराब पाया गया। सचिव को फटकार लगाते हुए निर्देशित किया गया कि एक दिन के अंदर डस्टर को सही कराते हुए मानक के अनुरूप धान खरीद करना सुनिश्चित करे। अन्य सभी क्रय केन्द्रों पर धान खरीद से संबंधित समस्त तैयारी पूर्ण पाई गयी। करमा संघ के सचिव सुरेंद्र यादव तथा केकराही बीपैक्स के सचिव धीरज कुमार ने बताया कि अभी केन्द्र पर धान की आवक मे कम से कम दो सप्ताह का समय है । केन्द्र पर बैनर, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, नमीमापक यंत्र, पावर डस्टर और आवश्यक स्टेशनरी पाई गई। सहायक आयुक्त ने केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि मानक के अनुरूप धान का क्रय करते हुए लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करें।

सहायक आयुक्त ने यह भी निर्देशित किया कि किसानो के बैठने की व्यवस्था तथा पेयजल की व्यवस्था के साथ ही खरीदे गए धान की सुरक्षा के भी इंतजाम पहले से ही सुनिश्चित कर लिये जायें। किसानो को अनावश्यक रूप से बार बार न दौड़ाया जाए। निरीक्षण के दौरान सहायक सांख्यिकीय अधिकारी आलोक कुमार शेखर, सचिव सुरेंद्र यादव, महेंद्र पटेल, धीरज कुमार, मनोज श्रीवास्तव, समेत दर्जनों क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

# डाला नगर पंचायत के चेयरमैन की बात को, अधिशासी अधिकारी नहीं मानते व सुनते !

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ**




सोनभद्र/डाला। डाला नगर पंचायत बाजार में चर्चा पर चर्चा हो रही है की अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अध्यक्ष की बात को बिल्कुल नहीं सुनते और ना ही कोई तालमेल रखना चाहते हैं यह ठेकेदारों से मिली भगत करके नगर में हो रहे कार्यों को बिना नगर पंचायत अध्यक्ष के मौजूदगी में अपना काम करते रहते हैं जबकि ऐसा कतई नहीं होना चाहिए लेकिन यहां कुछ और ही चल रहा है लोगों की माने तो एक आदिवासी घर की महिला जो डाला कि प्रथम नागरिक के तौर पर जनता ने उन्हें चुना है। आज जब माननीय मुख्यमंत्री महोदय का आगमन जनपद में होने जा रहा है। वह भी आदिवासी समाज के भगवान कहे जाने वाले बिरसा मुंडा की जयंती पर उनका आगमन हो रहा है और एक तरफ एक आदिवासी समाज की बिटिया को जनता जनार्दन ने चुनकर के नगर के विकास के लिए अपना उत्तराधिकारी चुना है ऐसे आदिवासी समाज की बिटिया की बात को अधिशासी अधिकारी अपने ताना शाही रवैया के कारण कुछ नहीं समझते जिसका जीता जागता उदाहरण कल दिनांक 10 को डाला चूड़ी गली में बन रही नाली निर्माण के दौरान देखने को मिला वार्ड नंबर 7 में बन रही नाली को जो पूर्व में ग्राम पंचायत के द्वारा नाली बनी हुई है उस स्थान पर नाली का निर्माण होना चाहिए था जो कि नहीं हो रहा था जिसकी शिकायत मिलने पर नगर पंचायत अध्यक्षा मौके पर निरीक्षण किया तो पाया कि यह काम वास्तव में गलत हो रहा है जिसको तत्काल रोकने का आदेश देते हुए यह कहा गया कि जब तक इस सड़क की नापी नहीं कराई जाती तब तक नाली निर्माण नहीं होना चाहिए अध्यक्ष के जाने के तुरंत बाद ही अधिशासी अधिकारी मौके पर पहुंचते हैं और नाली निर्माण चालू करा देते हैं इससे तो जाहिर होता है कि अध्यक्ष की बात को अधिशासी अधिकारी नहीं मानते हैं यह चर्चा पूरे डाला परिक्षेत्र में देखने और सुनने को मिल रहा है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि ऐसे अधिकारी को तत्काल यहां से हटाया जाए जो अपने अध्यक्ष की बात को भी नहीं मानता हो स्थानीय निवासियों ने मांग किया है कि सड़क में बना रहे नाली पूर्व जगह पर ही बने नई जगह पर बनने पर सड़क संकरी और छोटी हो जाएगी जबकि इसी सड़क से जुड़ता हुआ एक सड़क बन रही है। जो माननीय मंत्री संजीव सिंह गोंड के घर के बगल से बनते हुए अम्मा टोला कोटा कोन मार्ग में जोड़ दिया जा रहा है। अगर इसी मार्ग को भी जो मात्र 700 मीटर है उसे जोड़ दिया जाए तो यह मार्ग से पूर्व की भांति लोगों का आवागमन चालू हो जाएगा जो पहले कोन के व्यापारी इसी रास्ते आते जाते रहे हैं यह सड़क बरसों पुरानी सड़क थी इसे कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है जबकि माननीय मुख्यमंत्री महोदय का सख्त आदेश है कि सरकारी जमीन को तत्काल खाली कराया जाए उसके बाद भी अगर ऐसा नहीं हो रहा है तो यह माननीय मुख्यमंत्री महोदय का आदेश का उल्लंघन है।

# नगर पंचायत डाला बाजार के शहीद स्थल पर बना पिंक शौचलय अपने पर रो रहा रोना

जिम्मेदार पर कोई फर्क नही, यात्री हो रहे परेशान

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/ सोनभद्र। नगर पंचायत डाला बाजार इन दिनों दुर्दिनों में संचालित हो रहा है । नगरवासियों को मिल रही सुविधाओ पर भी जिम्मेदार मौन है। नगर पंचायत डाला बाजार स्थित शाहिद स्थल पर बना पिंक शौचालय इन दिनों पानी के अभाव में असमंजस में है। वही स्थानीयों ने बताया कि शहीद स्थल पर लगा समरसेबल पम्प खराब होने से पानी के लाले पड़ गए। देखा जाय तो डाला शहीद स्थल से प्रतिदिन हजारो यात्री आते जाते यात्रा करते रहते है। लेकिन पानी की समस्या कर रही है। वहीं बना महिलाओं के लिए पिंक शौचालय अपने बनने पर रोना रो रहा है। लगभग 9 लाख की लागत से बने शौचालय में बोरिंग के साथ समर्सिबल भी लगा है लेकिन वह वर्षों से बंद पड़ा है। मात्र यात्री सेड पर बने पानी टंकी के बोरिंग से किसी तरह संचालित कर खानापूर्ती की जा रही है। वह भी खराब है।इस सम्बंध में अधिशासी अधिकारी से टेलीफोन से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन महोदय का फोन रिसीव नहीं हुआ इस वजह से उनका पक्ष नहीं रखा गया।

# दुद्धी से महुली तक गूंजा "वंदे मातरम"... सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर हुई भव्य राष्ट्रीय एकता पदयात्रा

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ**



सोनभद्र। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार दोपहर दुद्धी से महुली तक भव्य राष्ट्रीय एकता पद यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा दुद्धी के रामलीला मैदान से शुरू हुई, जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री एवं मड़िहान विधायक रमाशंकर पटेल तथा एसी/एसटी आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संचालन में प्रदेश संयोजक नागेश देव पाण्डेय, जिला संयोजक प्रसन्न पटेल, दुद्धी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी श्रवण सिंह गोड़, पूर्व सांसद नरेंद्र कुशवाहा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा, मंडल अध्यक्ष दुद्धी दीपक शाह, कार्यक्रम संयोजक दिलीप पांडेय, तथा मंडल अध्यक्ष विंढमगंज वीरेंद्र चौधरी ने मुख्य भूमिका निभाई।

पदयात्रा रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर गोदाम तक पहुंची, उसके बाद यह महुली की ओर बढ़ी। कनहर नदी पुल पर पहुंचने पर आदर्श इंटरमीडिएट कॉलेज महुली के छात्र-छात्राएं तिरंगा लहराते हुए, वंदे मातरम, भारत माता की जय, और सरदार पटेल अमर रहें के नारों के साथ पदयात्रा में शामिल हुए।

आगे एम.एस. डिग्री कॉलेज पोलवा, मॉडर्न आईटीआई हिराचक, नेशनल हायर सेकेंडरी स्कूल पोलवा, और शिवम इंटर कॉलेज महुली के छात्र-छात्राओं ने भी पदयात्रा में सहभागिता की। यात्रा में लगभग एक हजार छात्र-छात्राओं सहित भाजपा पदाधिकारी, व्यापारी संगठनों और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग शामिल हुए। यात्रा का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों के हाथों में लहराते हजारों तिरंगे थे, जो राष्ट्रीय एकता और जन-जागरण का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहे थे। पदयात्रा आदर्श इंटर कॉलेज महुली के मुख्य द्वार पर पहुंचने पर विद्यालय के चेयरमैन मकसूद आलम द्वारा सभी के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। इसके पश्चात पदयात्रा महुली खेल मैदान में संपन्न हुई, जहां अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। ब्लॉक प्रमुख दुद्धी रंजना चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। पदयात्रा युवाओं में एकता, देशभक्ति और संकल्प जागृत करने का प्रतीक है।

जीत सिंह खरवार, उपाध्यक्ष एसी/एसटी आयोग ने कहा कि सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोकर भारत को मजबूत राष्ट्र बनाया। आज हमें उसी एकता और समरसता की प्रेरणा लेनी चाहिए।

मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री एवं मड़िहान विधायक रमाशंकर पटेल ने कहा कि "सरदार वल्लभभाई पटेल को लौह पुरुष इसलिए कहा गया क्योंकि उन्होंने रियासतों को जोड़कर अखंड भारत का निर्माण किया। यदि उस समय उनके दृढ़ नेतृत्व का योगदान न होता, तो आज भारत की एकता की तस्वीर कुछ और होती।"

अंत में भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम का संचालन दिलीप पांडेय ने सफलतापूर्वक किया। इस अवसर पर उपस्थित ब्लॉक प्रमुख मानसिंह गौड़, दुद्धी ब्लॉक प्रतिनिधि एवं पूर्व जिला जज राजन चौधरी, मनोज मिश्रा, रमीज आलम, अजय गुप्ता, राकेश गुप्ता, अयोध्या प्रसाद गुप्ता, पंकज गोस्वामी, उपेंद्र श्रीवास्तव, प्रेमनारायण सिंह, मनोज सिंह बबलू सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# एनडीपीएस एक्ट: दोषी विश्वामित्र राय को 10 वर्ष की कठोर कैद

- एक लाख रुपये अर्थदंड, न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी
- साढ़े 15 वर्ष पूर्व पिपरी पुलिस ने 300 ग्राम हेरोइन के साथ किया था गिरफ्तार

**समाज जागरण ब्यूरो चीफ**

सोनभद्र। साढ़े 15 वर्ष पूर्व पिपरी पुलिस द्वारा 300 ग्राम नाजायज हेरोइन के साथ गिरफ्तार किए गए विश्वामित्र राय को दोषसिद्ध पाकर विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट, सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए 10 वर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके ऊपर एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की धनराशि जमा न करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक 31 मार्च 2010 को पिपरी सीओ संजय चौधरी पुलिस बल के साथ देखभाल क्षेत्र व वांछित अभियुक्तों की तलाश में थे कि मुखबिर खास के जरिए सूचना मिली कि कुछ हेरोइन तस्कर किसी वाहन की तलाश में हैं जो रॉबर्ट्सगंज होते हुए बाहर जाएंगे। अगर मौके पर पहुंचा जाए तो पकड़े जा सकते हैं। इस सूचना पर विश्वास करके पुलिस बल के साथ पिपरी पुलिस, कोन पुलिस को वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग स्थित क्रिया कुटी तिराहे पर पहुंचने को कहा गया। तभी तस्कर को पुलिस बल ने गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 300 ग्राम नाजायज हेरोइन बरामद की गई। इसी मामले में पुलिस ने धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में एफआईआर दर्ज कर अभियुक्त विश्वामित्र राय पुत्र शिवनाथ राय, निवासी मांचा, थाना भांवरकोल, जिला गाजीपुर हाल पता आश्रम मोड़, थाना दुद्धी, जिला सोनभद्र का चालान कर दिया गया। विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक द्वारा कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई थी।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी विश्वामित्र राय को 10 वर्ष की कठोर कैद की सजा सुनाई। उसके ऊपर एक लाख रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील शशांक शेखर मिश्र ने बहस की।

# कोन में बिना डॉक्टर के चल रहे अवैध अस्पताल, अल्ट्रासाउंड से ऑपरेशन तक, प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार

**समाज जागरण ब्यूरो**

सोनभद्र। जनपद के कोन थाना क्षेत्र अंतर्गत कोन मुख्य बाजार, देवाटन, रामगढ़, झिरगाडंडी सहित कई अवैध अस्पताल संचालित हो रहे हैं। बताते चलें कि इन अस्पतालों में अयोग्य डॉक्टरों के सहारे अल्ट्रासाउंड से लेकर ऑपरेशन तक किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के बीच बीच में इन अवैध गतिविधियों पर आवाज उठाई है। मिली जानकारी के अनुसार अवैध अस्पतालों द्वारा मरीजों को पहले लुभाया जाता है, फिर उनसे मोटी रकम वसूली जाती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पैसे न देने पर मरीजों को छुट्टी भी नहीं दी जाती। क्षेत्र में पहले से अल्ट्रासाउंड जैसी संवेदनशील जांच व अप्रशिक्षित डॉक्टरों के द्वारा ऑपरेशन भी किया जाता है जो जाँच का विषय है।



इसी क्रम में स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान इन अस्पतालों के बैनर हटा दिए जाते हैं और उनके जाते ही बैनर फिर से लगा दिए जाते हैं। यह 'लुका-छिपी का खेल' लंबे समय से चल रहा है, जिससे अवैध संचालकों के हौसले बुलंद हैं। कुछ महीने पहले भी इसी तरह के एक अस्पताल से जुड़ा मामला सामने आया था जो काफी निंदनीय था। क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे इन अवैध अस्पतालों के कारण लोगों में आक्रोश है। वे जानना चाहते हैं कि आखिर कब तक यह स्थिति बनी रहेगी और कब इन पर ठोस कार्रवाई होगी। ग्रामीण प्रशासन से इन अवैध अस्पतालों पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। इस बावत मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर पी के राय ने कहा कि झोला छाप डॉक्टरों के नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिये गये हैं और झोला छाप डॉक्टरों के विरुद्ध अभियान चलाकर नियमित कार्रवाई करने हेतु संबंधित नोडल अधिकारी को निर्देशित किया है।

# बेकाबू बाइक सवार ने बच्ची को रौंदा घटना स्थल पर हुई दर्दनाक मौत

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखंड के बडेम थाना क्षेत्र के उरदाना मोड़ के समीप एक दर्दनाक हादसा हुआ है जहां एक बेकाबू बाइक सवार ने एक 12 वर्षीय बच्ची को रौंद दिया जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृत बच्चों की पहचान थाना क्षेत्र के उदार्ना गांव निवासी परमेस्वर यादव



की लड़की सुन्दर देवी की पुत्री थाना माली शाहपुरा गांव निवासी उमेश यादव की 12 वार्षिय पुत्री निशि कुमारी के रूप में हुई है। मृत बच्ची उरदाना गांव में अपने ननिहाल मे आई थी।सूत्री से मिली जानकारी के अनुसार, बाइक पर दो लोग सवार थे, जिसमें से एक व्यक्ति घटना स्थल पर ही गिरकर घायल हो गया, जिसे 112 की टीम इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारूण ले गई है। घायल व्यक्ति के बयान के अनुसार, गाड़ी चालक की पहचान एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के कजराइन गांव निवासी सूरज चौधरी के पुत्र इंदर चौधरी के रूप में हुई है ।घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने बारुण नबीनगर मुख्य पथ को टायर जलाकर और बांस बल्ला से घेरकर जाम कर दिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।

# नबीनगर विधान सभा क्षेत्र:आदर्श मतदान केंद्र पर ईवीएम में आई खराबी

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर विधानसभा क्षेत्र 221 के आदर्श मतदान केंद्र अनुग्रह नारायण स्टेडियम नबीनगर के बूथ संख्या 343 में ईवीएम मशीन में खराबी आ जाने के कारण एक घंटा से अधिक मतदान बाधित रहा है




जानकारी के अनुसार ईवीएम मशीन में 12:00 बजे दिन के लगभग खराबी आ जाने के कारण 1 घंटे तक मतदान बाधित रहा वहीं मतदान कर्मी मशीन को बनाने में जुटे हुए थे लेकिन बाद में दूसरे नया मशीन लगाकर मतदान चालू कराया गया।नबीनगर के अनुग्रह नारायण स्टेडियम में कहने को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है लेकिन मतदान केंद्र पर इस भीषण धूप में भी पेय जल तक की व्यवस्था नहीं पाई गई साथ ही आदर्श मतदान केंद्र के अन्य सुविधाएं नहीं देखी गई वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस बल के जवान मुस्तैद थे । वही दोपहर 1बजे तक आदर्श मतदान केंद्र स्थित तीनों बूथ करीब 35 प्रतिशत से अधिक मतदान हो चुका था।

# लोकतंत्र का उत्साह 95 वर्षीय अशक्त बुजुर्ग खटिया पर आए वोट देने

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करने का उत्साह केवल नए मतदाता और युवाओं में ही नहीं, बल्कि बुजुर्गों में भी देखने को मिला है। नबीनगर प्रखंड क्षेत्र के अमौना गाँव स्थित बूथ संख्या 389 पर आज एक 95 वर्षीय अशक्त वृद्ध सुदर्शन सिंह ने खटिया पर अपने परिजनों के सहारे पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।सुदर्शन सिंह का यह जज्बा अन्य मतदाताओं के लिए एक प्रेरणा बन गया। उम्र और शारीरिक कमजोरी के बावजूद, उन्होंने मतदान के अपने संवैधानिक अधिकार को निभाना जरूरी समझा।



वहीं बूथ पर तैनात सुरक्षाकर्मी ने सम्मानपूर्वक व्हीलचेयर पर बैठाकर मतदान केंद्र के अंदर तक ले गए, जिससे उन्हें किसी तरह की असुविधा न हो।बुजुर्ग मतदाता का यह समर्पण दिखाता है कि लोकतंत्र में हर एक वोट का कितना महत्व है। चुनाव आयोग द्वारा दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए की गई विशेष व्यवस्थाएं, जैसे व्हीलचेयर और रैंप, ऐसे मतदाताओं को बूथ तक पहुंचने में मददगार साबित हो रही हैं।जिस कारण अशक्त बीमार,एवं वृद्ध जन भी लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं।

# पटना में खाना विवाद के दौरान होटल मालिक को पीटकर किया घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ शहर के व्यस्त बुद्ध मार्ग क्षेत्र में स्थित मंगलवार की शाम एक निजी होटल में मामूली शिकायत ने देखते-देखते बड़े विवाद का रूप ले लिया। दाल में नमक कम होने को लेकर शुरू हुआ यह मामला इतना बढ़ गया कि होटल संचालक घायल हो गए और तीन युवक मौके से भाग निकले।

जानकारी के अनुसार होटल में तीन युवक खाना खाने पहुंचे थे। खाना परोसे जाने के बाद उनमें से एक ने दाल में नमक कम होने की शिकायत की। होटल स्टाफ ने विनम्रता से दाल बदलकर देने की बात कही, लेकिन इसी दौरान युवकों और कर्मियों के बीच बहस शुरू हो गई। थोड़ी ही देर में माहौल इतना गरम हो गया कि तीनों युवक हाथापाई पर उतर आए। होटल के कर्मचारियों ने स्थिति संभालने की कोशिश की, लेकिन युवकों का आक्रोश बढ़ता चला गया। जब होटल संचालक ऋषि कुमार बीच-बचाव करने के लिए आगे आए, तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। ऋषि कुमार ने बताया कि उन पर किसी भारी वस्तु से वार किया गया जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। सिर से खून बहने लगा और उन्हें तत्काल इलाज की जरूरत पड़ी। घायल संचालक ने खुद को संभालते हुए तुरंत डायल 112 के माध्यम से पुलिस को घटना की जानकारी दी। इस दौरान होटल में मौजूद अन्य लोगों में भी भय का माहौल पैदा हो गया और कई ग्राहक होटल छोड़कर बाहर निकल गए।घटना का सबसे चौंकाने वाला हिस्सा यह था कि मारपीट करने वाले युवकों में से एक बार-बार खुद को मुख्यमंत्री आवास से जुड़ा हुआ व्यक्ति बता रहा था। होटल कर्मचारियों के अनुसार, युवक लगातार यह दावा करता रहा कि उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। इस तरह के दावों ने वहां मौजूद लोगों में और भी दहशत फैला दी। पुलिस के होटल पहुंचने से पहले तीनों युवक बिना बिल चुकाए फरार हो गए। पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि जब वे जांच के लिए होटल पहुंचे तब एक आरोपी युवक ने फोन पर धमकी दी। युवक ने फिर से खुद को सीएम हाउस से जुड़ा हुआ बताते हुए पुलिस टीम को कार्रवाई न करने की चेतावनी दी। इसके बाद पुलिस ने कोतवाली थाना क्षेत्र में एफआईआर दर्ज कर ली है। घटना को गंभीरता से देखते हुए पुलिस ने होटल परिसर और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज को खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। होटल में लगे कैमरों में आरोपियों की गतिविधियों को साफ देखा जा सकता है, जिसके आधार पर तीनों को पहचानने में मदद मिलने की संभावना है। कोतवाली थाना की टीम फरार युवकों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी किसी प्रशासनिक पद पर नहीं हैं, लेकिन खुद को प्रभावशाली बताकर लोगों को डराने की प्रवृत्ति अपनाते थे। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि क्या युवकों ने इसी बहाने पहले भी कहीं हंगामा किया था। होटल संचालक का कहना है कि इस तरह की घटनाएँ व्यापारियों और आम नागरिकों को असुरक्षित महसूस कराती हैं। उनका मानना है कि यदि आरोपियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई नहीं की गई, तो ऐसे लोग कानून को हल्के में लेते रहेंगे और समाज में डर का माहौल बनता रहेगा।

# शांतिपूर्ण माहौल में नबीनगर और कुटुंबा में मतदान संपन्न नबीनगर में 67 प्रतिशत हुआ मतदान

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नबीनगर 221 विधान सभा क्षेत्र के नबीनगर प्रखंड में मतदान कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। वहीं नबीनगर प्रखण्ड में पड़ने वाले कुटुंबा विधान सभा क्षेत्र के सभी 10 पंचायतों में भी शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने की खबर है ।221 नबीनगर विधान सभा में कुल 364 मतदान केंद्र बनाए गए जिसमें नबीनगर प्रखंड में 180 और बारुण प्रखण्ड में 184 मतदान केंद्र बनाए गए।वही नबीनगर में पुरुष मतदाता की संख्या149854 और महिला मतदाता 132606 एवं थर्ड जेंडर 7 कुल 282467 मतदाता है।नबीनगर प्रखंड में 2 आदर्श मतदान केंद्र और 4 पिंक मतदान केंद्र बनाया गया।वहीं नबीनगर प्रखण्ड क्षेत्र में कुटुंबा 222 विधान सभा क्षेत्र में 101 बूथ बनाया गया है। कुटुंबा विधान सभा क्षेत्र में पुरुष मतदाता की कुल संख्या 141082 और महिला मतदाता की संख्या 122693 है एवं थर्ड जेंडर 3 सहित कुल मतदाता 263778 है। नबीनगर विधान सभा क्षेत्र में 26 एवं कुटुंबा विधान सभा क्षेत्र में 19 संवेदनशील मतदान केंद्र है जहां मतदान शाम 5:00 बजे तक हुआ शेष सभी मतदान केंद्रों पर मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक हुआ ।सभी मतदान केंद्रों से शांतिपूर्ण मतदान होने की लगातार खबर मिल रही है।कही से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।सभी मतदान केंद्रों पर पुलिस और सुरक्षा बल के जवान मौजूद थे।कई जगहों पर पुरुष और महिलाओं की लंबी कतार देखी गई ।वहीं पहली बार मतदान करने पर मतदाताओं में नई उत्साह देखा गया।पहली बार मतदान करने आए निम्मी कुमारी हार्दिक राज सहित कई मतदाता अपने मत का प्रयोग करने के बाद खुशी और हर्ष व्यक्त किया।वही मतदान केंद्रों पर बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर मतदाता उत्साहित होते हुए सेल्फी लेते देखे गए ।वहीं जिलाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री, एस पी अम्बरीष राहुल पूरे दल बल के साथ नबीनगर के कई बूथों पर घूमकर शांतिपूर्ण मतदान की जायजा लेते देखे गए।नबीनगर में दोपहर 1 बजे तक करीब 40 प्रतिशत मतदान हुआ था जबकि मतदान समाप्ति शाम 6 बजे तक लगभग 67 प्रतिशत मतदान होने की सूचना है। मतगणना 14 नवंबर को होगी।



# पटना स्थित कबाड़ी दुकान में लगी भीषण आग

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना के बाईपास थाना क्षेत्र स्थित महावीर कॉलोनी में मंगलवार की सुबह भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना सुबह लगभग आठ बजे की बताई जा रही है जब इलाके में एक कबाड़ी दुकान से अचानक धुआं और लपटें उठने लगीं। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास की आधा दर्जन छोटी दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर दौड़ पड़े और पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश करने लगे। हालांकि, आग इतनी तेजी से फैल रही थी कि लोग अपने स्तर पर कुछ नहीं कर पा रहे थे। आग लगने के कुछ ही मिनटों में कबाड़ी की दुकान के साथ-साथ पास की दुकानों में भी लपटें पहुंच गईं। इनमें मुर्गी की दुकान, प्लास्टिक के बर्तन की दुकान, एक छोटी गौशाला और दो अन्य जनरल स्टोर शामिल थे। सभी दुकानों का सामान पूरी तरह से जलकर राख हो गया।



बताया जा रहा है कि कबाड़ी की दुकान में बड़ी मात्रा में पुराने तार, प्लास्टिक, और कबाड़ के ज्वलनशील पदार्थ रखे थे, जिससे आग तेजी से फैल गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल बाईपास थाना और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। कुछ ही समय में फायर ब्रिगेड की पांच छोटी और बड़ी गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। अग्निशमन कर्मियों ने लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड के एक अधिकारी ने बताया कि आग कबाड़ी की दुकान से शुरू हुई थी और वहां रखे तारों और प्लास्टिक के कारण तेजी से फैल गई। उन्होंने कहा कि प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। हालांकि, सटीक कारण की पुष्टि जांच के बाद ही होगी। अग्निशमन दल ने आग बुझाने के साथ ही आसपास के घरों और दुकानों को भी सुरक्षित करने का प्रयास किया। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, वरना यह घटना और भयावह रूप ले सकती थी। घटना की जानकारी मिलते ही बाईपास थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी ने बताया कि आग लगने की सूचना सुबह 8:10 बजे मिली थी। पुलिस और फायर ब्रिगेड ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए आग को फैलने से रोका। उन्होंने बताया कि आगजनी में जानमाल की कोई हानि नहीं हुई है, लेकिन आर्थिक नुकसान काफी बड़ा है। आग से कबाड़ी की दुकान पूरी तरह जल गई है, जबकि बगल की दुकानों में रखा सारा सामान भी नष्ट हो गया। एक दुकानदार रामकिशोर यादव ने बताया कि उनकी मुर्गी की दुकान पूरी तरह जल गई। उन्होंने कहा, हमारे लिए यही रोजी-रोटी का जरिया था। सब कुछ जलकर राख हो गया, अब घर कैसे चलेगा समझ नहीं आ रहा। वहीं, प्लास्टिक सामान बेचने वाले राजू सिंह ने बताया कि उन्होंने कुछ दिन पहले ही नया स्टॉक खरीदा था, जो पूरी तरह जल गया। दुकानदारों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। स्थानीय पार्षद और प्रशासनिक अधिकारी ने प्रभावित दुकानदारों को आश्वासन दिया है कि नुकसान का आकलन कर सहायता राशि मुहैया कराई जाएगी।

# पटना के पालीगंज में तेज रफ्तार हाइवा ने महिला को कुचला, मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज नगर बाजार स्थित रजिस्ट्री ऑफिस के पास मंगलवार को पाली पटना मुख्य सड़क पर तेज रफ्तार हाइवा की टक्कर से बाइक सवार एक महिला की मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार घटना के दौरान एक तेज रफ्तार हाइवा ने विपरीत दिशा से आ रही बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार महिला सड़क पर गिर गई। इसी दौरान तेज रफ्तार हाइवा ने महिला की सर को कुचल डाला। इस हादसे में मौके पर ही महिला की मौत हो गई। मृतक की पहचान नौबतपुर थाने के अस्पताल रोड तरबना निवासी राजकुमार के पति 45 वर्षीय नीपू देवी के रूप में हुआ है। नीपू अपने देवर ब्रजेश कुमार के साथ खिरिमोड़ थाने के पतौना गांव में अपने रिश्तेदार के यहां जा रहा था। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने शव को अपने कब्जे में ले लिया तथा कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पालीगंज भेज दिया। इस संबंध में पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि हाइवा को जप्त कर लिया गया है। साथ ही मामले की जांच किया जा रहा है।

# पटना के संपतचक में दिनदहाड़े 15 लाख की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के संपतचक अंतर्गत गौरीचक थाना क्षेत्र के सोहगी मोड़ स्थित उज्जवल सिटी अपार्टमेंट में दिनदहाड़े चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। जहां तीसरी मंज़िल पर स्थित फ्लैट में पेंट व्यवसायी रोशन कुमार के घर से करीब 15 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी हो गई है। जिसमें 5 लाख नगद, सोने-चांदी के गहने और अन्य कीमती सामान शामिल हैं।पीड़ित रोशन कुमार ने बताया कि यह चोरी दोपहर के वक्त मात्र 10 मिनट में की गई। उनकी मां सरोज देवी किसी काम से नीचे गई थीं, तभी चोरों ने मौका पाकर फ्लैट का ताला काटा और अंदर प्रवेश किया। चोरी की पूरी घटना



सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में दिखा कि जैसे ही चोर ताला काटकर अंदर घुसता है सीसीटीवी से कुत्ते जैसी आवाज निकलती है जिससे वह डरकर भाग जाता है। लेकिन कुछ देर बाद जब उसे समझ आता है कि यह आवाज असली कुत्ते की नहीं बल्कि कैमरे की सुरक्षा अलर्ट साउंड थी, तो वह फिर दोबारा अंदर घुसता है।इसके बाद चोर बेहद निडरता से अलमारी खोलता है, बैग में गहने और नगद रुपये भरता है और आराम से बाहर निकलकर फ्लैट से फरार हो जाता है। फ्लैट मालिक रोशन कुमार ने बताया कि गार्ड की भूमिका पर भी संदेह है क्योंकि कुछ युवक खुद को बिजली का काम करने वाला बताकर अपार्टमेंट में घुसे थे उन्होंने कहा कि गार्ड ने बिना जांच किए उन्हें ऊपर जाने दिया। ऐसा लगता है कि किसी अंदरूनी व्यक्ति ने ही सूचना दी थी। गार्ड का कहना है कि सिक्स फ्लोर पर जाने और ऐसी ही कोई काम करना है बोलकर तीन लोग ऊपर गए थे। इसके अलावा उसे कुछ नहीं पता। जिस तरीके से चोरी की वारदात तुम्हारी 10 मिनट में हुई है उससे लगता है कि इस फ्लैट में पहले काम करने वाले मजदूर युवकों का भी हो सकता है जिन्हें पूरी जानकारी थी कि कौन कितने बजे कहां रहता है। उसे पता था कि दोपहर में सिर्फ महिलाएं रहती है और महिला भी नीचे चली गई इसकी जानकारी कैसे पता चली, इसमें अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों पर भी शक जाहिर हो रहा है। वही गौरीचक थाना अध्यक्ष ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में तीन युवक मजदूर जैसी वेशभूषा में नजर आ रहे हैं। फुटेज में उनके चेहरे साफ दिख रहे हैं, हालांकि अब तक पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस उनकी पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

# पेंक पंचायत मे पैदल यात्रा कर निकाली गई प्रभात फेरी

**भुनेश्वर कुमार महातो ,संवाददाता - समाज जागरण**

बेरमो / डुमरी : बेरमो अनुमण्डल स्थित नावाडीह प्रखण्ड क्षेत्र ऊपरघाट के पेंक पंचायत में झारखंड स्थापना दिवस व रजत जयंती के शुभ अवसर पर मंगलवार को स्थानीय मुखिया के आवास से लेकर पंचायत भवन तक पैदल



यात्रा कर निकाली गई प्रभात फेरी ,हक की लड़ाई है - मेहनत की कमाई है, जॉब कार्ड बनवाओ - रोजगार पाओ जैसे कई नारों से गूंजा पूरा पेंक पंचायत। साथ ही पंचायत भवन में विशेष ग्राम सभा कर रोजगार दिवस का किया गया आयोजन। वही उपस्थित ग्रामीणों को मनरेगा से जुड़ी कई निर्देश दिया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि विजय तुरी ,पंचायत सेवक भक्तु तुरी,रोजगार सेवक उमेश तुरी, मुखिया सुखमति देवी, उपमुखिया कविता देवी, पंसस प्रतिनिधि गुरुप्रसाद पटेल, मिश्रीलाल महतो,जयनंदन महतो ,प्रकाश महतो, पर्मेश्वर महतो ,संजय महतो बागवानी सखी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे !

# सांसद मद से बरई स्कूल में लगेगा फाइबर ब्लॉक, हुआ शिलान्यास

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता - समाज जागरण**

बेरमो / डुमरी : बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र नावाडीह प्रखंड स्थित ऊपरघाट बरई पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यायल बरई में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के मद से विद्यालय कैंपस के अंदर फाइबर ब्लॉक निर्माण किया जाएगा। जिसका शिलान्यास युवा आजसू के राज्य संयोजक टिकैत कुमार महतो,मुखिया



विजय कुमार रवि, सांसद प्रतिनिधि दीपू अग्रवाल ने संयुक्त रूप से योजना का शिलान्यास मंगलवार को किया। इस अवसर पर कुमार महतो ने कहा कि ग्रामीणों ने सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी से विद्यालय कैंपस में फाइबर ब्लॉक लगाने की मांग किए थे। जिसे सांसद ने पूरा कर दिया है। जिसका आज शिलान्यास किया गया है। इससे ग्रामीण खुश है। इस मौके पर आजसू नेता अजय मंडल ,भाजपा नेता कुंदन कुमार ,विद्यायल प्रधानाचार्य गोस्वामी ,कैलाश मंडल, जितेंद्र कुमार महतो, चिंतामन साव, उपमुखिया जागेश्वर महतो, रामप्रवेश महतो वार्ड सदस्य ,संतोष अग्रवाल ,जयलाल महतो ,पिंटू रविदास , परी देवी, सुनीता देवी,पूजा कुमारी व आदि लोग उपस्थित थे ।

# विधायक सविता महतो की उपस्थिति में चांडिल प्रखंड में "रन फॉर झारखंड" एवं रजत जयंती कार्यक्रम सम्पन्न

## उत्साहपूर्वक मनाया गया राज्य स्थापना दिवस

**समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़: झारखंड राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने (रजत जयंती वर्ष) के उपलक्ष्य में आज चांडिल प्रखण्ड मुख्यालय में ह्लरन फॉर झारखंडह्व एवं रजत जयंती समारोह का आयोजन उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक सविता महतो की गरिमामयी उपस्थिति रही। विधायक महोदया ने झारखंड राज्य की 25वीं वर्षगांठ पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि झारखंड की पहचान उसकी समृद्ध संस्कृति, प्राकृतिक संपदा एवं परिश्रमी जनमानस से है। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना दिवस का यह अवसर प्रदेश के विकास, जनकल्याण और एकता के प्रति नए संकल्प का प्रतीक है।राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मंगलवार को चांडिल प्रखंड में विधायक सविता महतो की उपस्थिति में मनरेगा अंतर्गत प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर मनरेगा योजनाओं के तहत बागवानी सखी समेत विभिन्न योजनाओं के तहत चयनित लाभार्थियों के बीच स्वीकृति पत्रों का वितरण किया गया। साथ ही, मनरेगा अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को राज्य सरकार की विभिन्न विकासोन्मुखी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में योगदान देने वाले कर्मियों का उत्साहवर्धन करना तथा जनसहभागिता के माध्यम से विकास के प्रति जागरूकता को बढ़ाना रहा। आयोजन में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी तालेश्वररविदास, अंचलाधिकारी प्रदीप महतो, उप प्रमुख रामकृष्ण महतो, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, राहुल वर्मा, प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी, कर्मी, शिक्षक, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संगठन एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।




# भाकपा का नावाडीह प्रखंड कार्यालय परिसर में एकदिवसीय धरना

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता - समाज जागरण**

बेरमो / डुमरी : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी नावाडीह अंचल परिषद की ओर से नवंबर क्रांति पार्टी का आह्वान " आंदोलन सप्ताह " मनाने के क्रम डुमरी विधानसभा क्षेत्र नावाडीह प्रखण्ड समक्ष में भाकपा ने मंगलवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना का कार्यक्रम का. रशीद अंसारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के बोकारो जिला सचिव का. गणेश प्रसाद महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे। वही अंचल सचिव कामरेड नुनुचंद महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल नावाडीह प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को 15 सूत्री मांगो की सूची अग्रेतर कार्रवाई हेतु सौपी। पार्टी ने सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाया और फसल नुकसान के मुआवजे, खाद वितरण में लापरवाही तथा धान खरीद में देरी को लेकर विरोध जताया। किसानों का कहना है कि असमय हुई बरसात से उनकी फसलें नष्ट हो गई हैं, लेकिन उन्हें अब तक उचित मुआवजा नहीं मिला है। इसके अलावा, किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जबकि धान की खरीद प्रक्रिया केवल कागजों तक ही सीमित रह गई है। धरना सभा को संबोधित करते हुए भाकपा नेता गणेश प्रसाद महतो ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखण्ड राज्य परिषद के फैसले के आलोक दिनांक 7 नवंबर से 15 नवंबर 2025 तक नवंबर क्रांति के अवसर पर " आंदोलन सप्ताह " के रूप में पुरे झारखण्ड राज्य में मनाया जा रहा है वर्तमान सरकार किसानों की समस्याओं का समाधान करने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पूरी तरह किसान विरोधी है और फसल नुकसान का उचित मुआवजा न मिलने से किसानों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है। वही अंचल सचिव कामरेड नूनूचन्द महतो ने कहा कि वन विभाग किसानों से जमीन छीन रही है। उसके बिहार भूदान यज्ञ कमिटी द्वारा आवंटित की गई जमीन पर बाजबरन कब्जा कर रही है।भाकपा लगातार सरकार की दोष पूर्ण, विनाश कारी नीतियों से देश और जनता को बचाने के लिए संघर्ष जारी रखेगा। साथ ही किसानों पर लगातार बढ़ते कर्ज के बोझ का मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार से सभी किसानों के कर्ज तुरंत माफ करने की मांग की। उन्होंने सरकार पर मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, हत्या, लूट, दुष्कर्म पर रोक लगाने में असफल रहने का आरोप लगाया और जनता से केंद्र और राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। मौके पर का. अनंतलाल महतो, डा.हनीफ अंसारी, रीतलाल महतो, चेतलाल महतो, मुकेश कुमार महतो, बालेश्वर महतो, थनू महतो, जानकी महतो, पोखन महतो, महालाल महतो, सोनाराम प्रजापति, रामचंद्र यादव, कार्तिक महतो,गुलाब सिंह, डालेश्व महतो, तीलू तुरी, पोखन महतो, अमर महतो एवं अन्य लोग उपस्थित थे।



# महिलाओं को मिला पशुपालन का एकदिवसीय प्रशिक्षण

●गव्य विकास निदेशालय, हजारीबाग के सौजन्य से रोमी पंचायत भवन में हुआ आयोजन

**पंकज कुमार पाठक,संवाददाता**
**पदमा, समाज जागरण**

पदमाः कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, गव्य विकास निदेशालय हजारीबाग के तत्वावधान में पदमा प्रखंड के रोमी पंचायत भवन में एक दिवसीय पशुपालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का संचालन डॉ. रीता चौधरी द्वारा किया गया, जिसमें विशेष रूप से महिलाओं को पशुपालन के आधुनिक तरीकों की जानकारी दी गई।



प्रशिक्षण के दौरान डॉ. रीता चौधरी ने पशुओं में होने वाली सामान्य बीमारियों, उनके लक्षणों तथा बचाव के उपायों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सही देखभाल और संतुलित आहार से पशुओं की उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है।

कार्यक्रम में जिला मुख्यालय से आए प्रमोद कुमार (बड़ा बाबू) और प्रमोद कुमार रावत सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। वहीं, रोमी पंचायत की मुखिया गुड़िया देवी, मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार मेहता, पंचायत समिति सदस्य शारदा देवी, प्रतिनिधि सतनारायण मेहता, तथा पशु चिकित्सा कर्मी ललन कुमार यादव भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

स्थानीय महिलाओं ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें पशुपालन को वैज्ञानिक ढंग से अपनाने की प्रेरणा मिली है। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और पशुपालन के माध्यम से उनकी आजीविका सशक्त करना था।

# रन फॉर झारखंड" का भव्य आयोजन - उमड़ी हजारों की भीड़, झारखंड स्थापना दिवस की झलक से गूंजा शहर

**संवाददाता**
**समाज जागरण हजारीबाग**

झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत आज हजारीबाग में ॒रन फॉर झारखंड॒ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी अंजन ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया।




इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री इश्तियाक अहमद समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, युवा, वृद्ध, दिव्यांगजन और आम नागरिक उपस्थित रहे।

यह रैली जिला परिवहन कार्यालय से प्रारंभ होकर उत्साहपूर्ण माहौल में झंडा चौक पर संपन्न हुई। मार्ग में प्रतिभागियों ने जोहार झारखंड, हमारा गौरव, हमारा राज्य जैसे नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक बैंड, ड्रम, ढोल-नगाड़ों और लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने आयोजन को सांस्कृतिक रंग प्रदान किया।रन फॉर झारखंड दौड़ में अव्वल आए प्रतिभागियों को उपायुक्त ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

रैली के समापन स्थल पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, हजारीबाग द्वारा तैयार प्रचार वाहन को उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन झारखंड स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में जिलेभर में जन-जागरूकता फैलाएगा।

रन फॉर झारखंड* में हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों में उत्सव और गर्व का माहौल देखने को मिला।

झारखंड राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर संपूर्ण राज्य आज सिल्वर जुबिली वर्ष के रूप में स्थापना दिवस का उल्लासपूर्वक उत्सव मना रहा है।

# घाटशिला उपचुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न, 14 नवंबर को होगी मतगणना

**समाज जागरण 11.11.2025**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

घाटशिला उपचुनाव मंगलवार को कुल मिलाकर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। केवल चित्रफुट क्षेत्र में एक मामूली घटना को छोड़कर मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी हुई। शाम 5:00 बजे मतदान समाप्त होते ही 13 प्रत्याशियों के भाग्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में कैद हो गए।



अब 14 नवंबर की सुबह से मतगणना शुरू होगी। जैसे-जैसे दिन चढ़ेगा, वैसे-वैसे प्रत्याशियों के भाग्य का पिटारा खुलता जाएगा और परिणामों की स्थिति स्पष्ट होती जाएगी।

इधर, पूरे चुनाव के दौरान बहरागोड़ा और घाटशिला थाना प्रभारी की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। इस मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू ने मुख्य चुनाव आयोग से शिकायत दर्ज कराई है।

वहीं, कई आंगनबाड़ी सेविकाओं पर प्रशासन या सरकार के दबाव में काम करने के आरोप लगे। कुछ सेविकाएं रंगे हाथ पकड़ी गईं, जिन्हें बूथ से बाहर कर दिया गया।

शाम 5:00 बजे मतदान समाप्त होते ही सभी मतदान केंद्रों के गेट बंद कर सीलिंग की प्रक्रिया शुरू की गई। देर रात तक सभी ईवीएम को सुरक्षा के बीच कोऑपरेटिव कॉलेज, जमशेदपुर भेज दिया जाएगा। वहां स्ट्रॉन्ग रूम में इन्हें सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखा जाएगा।

मतगणना 14 नवंबर की सुबह प्रारंभ होगी, जिसके साथ ही घाटशिला की सियासत का नया अध्याय खुलने लगेगा।

# सरयू राय ने किया लेखिका सुमन सिन्हा (ममता) की नेचर विदिन: हील नैचुरली, लीव पावरफुल्ली का लोक

**समाज जागरण 11.11.2025**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि हर इंसान के जीवन में एक आंतरिक शक्ति होती है। उस आंतरिक शक्ति को हम कैसे विकसित करेंगे, कैसे उसे अपने जीवन का मार्गदर्शन करने का अधिकार देंगे, यह हमारे ऊपर है। यह हमारे ऊपर है कि हमने क्या ठाना है, क्या कर गुजरना है। यह हमें ही तय करना होगा, कोई और नहीं करेगा। जिद्दी होना ठीक है, कई मामलों में गलत। जब आप अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानते हैं और जिद्दी भी हैं तो संभव है कि आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लें। वह लेखिका सुमन सिन्हा (ममता) की प्रथम पुस्तक (नेचर विदिनः हील नैचुरली, लीव पावरफुल्ली) के लोकार्पण के बाद बतौर मुख्य अतिथि अपनी बात रख रहे थे।



सरयू राय ने कहा कि हमारी जो आंतरिक शक्ति है, उसे हम क्या लक्ष्य देते हैं, ये जरूरी है। लक्ष्य निर्धारण पर ही यह निर्भर करता है कि हम अपनी आंतरिक शक्ति का लक्ष्य निर्धारण किस प्रकार से करना चाहते हैं। आंतरिक शक्ति ही शून्य अथवा अनंत, दोनों की ही प्रतीक है। अगर हम अंतरमुखी होते हैं तो यह शक्ति हमें शून्य के साक्षात्कार की तरफ ले जा सकती है। अगर हम बर्हिमुखी हैं तो बाहर अनंत का विस्तार है, कोई अंत नहीं है। आप अनंत के विस्तार में भी गोते लगा सकते हैं।

प्रसिद्ध पत्रकार संजय मिश्रा ने कहा कि मोटिवेशन आज के दौर का हॉट केक है। देश में रोज नए मोटिवेशनल स्पीकर आ रहे हैं। मोटिवेशन का बाजार काफी बड़ा है और रोज बढ़ता जा रहा है। इसमें कोई बुराई नहीं है। लेकिन, हम जब मोटिवेशन के बिजनेस में आते हैं तो हमें अपने वांड़मय को बिसार नहीं देना चाहिए। गीता, उपनिषद को भी अपने मोटिवेशन में प्रयुक्त करें तो देश के लिए बेहतर होगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस पुस्तक का हिंदी वर्जन भी आना चाहिए जिस पर लेखिका सुमन ने कहा कि वह इस दिशा में काम करेंगी, हिंदी भाषा में भी इस पुस्तक को लेकर आएंगी।

कार्यक्रम में सुनीत, सतनाम कपोला, सुनीता वीरमानी, मनोज सिंह, सुधीर सिंह, सुबोध श्रीवास्तव, नीरज सिंह, अतुल सिंह, लालू गौड़ समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# दिल्ली ब्लास्ट के बाद लखनऊ पुलिस अलर्ट मोड पर, एसीपी मोहनलालगंज ने टीम संग रेलवे-बस स्टेशनों पर की सघन गश्त

**विवेक कुमार संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

लखनऊ। सोमवार को दिल्ली मेट्रो स्टेशन लाल किला के निकट हुए ब्लास्ट की घटना के दृष्टिगत सतर्कता एवं सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस आयुक्त लखनऊ के निर्देशन में सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज विकास कुमार पांडेय द्वारा पुलिस टीम के साथ सर्किल के समस्त थानों द्वारा रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन एवं भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर सघन गश्त की गई। गश्त के दौरान आमजन को निम्न बिंदुओं पर जागरूक किया गया। सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज ने बताया की यदि कोई लावारिस वाहन, बैग, संदिग्ध वस्तु या संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। सुरक्षा में सहयोग करते हुए सतर्क दृष्टि बनाए रखें। इस दौरान पुलिस बल द्वारा स्थानीय दुकानदारों, यात्रियों व राहगीरों से संवाद कर सावधानी बरतने व अफवाहों से बचने की अपील की गई। सुरक्षा के दृष्टिगत सतत सतर्कता एवं निगरानी जारी है। मोहनलालगंज पुलिस टीम द्वारा अलर्ट मोड पर लगातार गस्त की जा रही है।

# झारखंड स्थापना दिवस पर मनरेगा लाभुकों और कर्मियों को मिला सम्मान

◆ प्रखंड मुख्यालय पदमा में बीडीओ ने प्रशस्ति पत्र देकर बढ़ाया उत्साह

**पंकज कुमार पाठक,संवाददाता**
**पदमा, दैनिक समाज जागरण**

पदमा, आगामी झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय पदमा में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मनरेगा लाभुकों, कर्मियों एवं मेट को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) निधि रजवार ने सभी चयनित लाभुकों और कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनके योगदान की सराहना की।




कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि नारायण यादव, प्रमुख सतेंद्र राणा,मुखिया शांति देवी,भाजपा नेता अजय मेहता,सुरेंद्र गुप्ता सहित विभिन्न ब्लॉक कर्मी तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने लाभुकों और कर्मियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके परिश्रम से गांवों में विकास की नई दिशा मिल रही है।

इस अवसर पर बीडीओ निधि रजवार ने कहा, ॒मनरेगा योजना गांवों में रोजगार सृजन और विकास का मजबूत माध्यम है। लाभुकों व कर्मियों की निष्ठा और मेहनत से ही आज ग्रामीण इलाकों में सकारात्मक परिवर्तन दिख रहा है।

कार्यक्रम के दौरान झारखंड की 25वीं स्थापना वर्षगांठ को लेकर लोगों में उत्साह और गर्व की भावना देखने को मिली। समारोह के अंत में उपस्थित सभी को झारखंड की एकता, विकास और समृद्धि के लिए योगदान देने का संकल्प दिलाया गया।

आगामी 15 नवंबर स्थापना दिवस तक और भी कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

# रन फॉर झारखंड के तहत विष्णुगढ़ में दौड़

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़ ।झारखंड राज्य की स्थापना दिवस के अवसर पर विष्णुगढ़ प्रखंड में "रन फॉर झारखंड" दौड़ का आयोजन किया गया ।प्लस टू उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ से जमुनिया नदी तक हुई इस दौड़ में प्रखंड,अंचल के अधिकारी,जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण शामिल हुए ।बीडीओ अखिलेश कुमार ने बताया "रन फॉर झारखंड" एकता,ऊर्जा,विकास एवं गौरवपूर्ण उपलब्धियों का प्रतीक है ।कार्यक्रम में बीडीओ अखिलेश



कुमार,सीओ नित्यानंद दास,नोडल पदाधिकारी राजमोहन वर्मा,कुणाल कुमार, बीपीआरओ सह पंचायत सचिव सुरेंद्र प्रसाद,एसआई विष्णुगढ़ थाना आशीष कुमार सिंह,बीरेंद्र कुमार, कुंदन कुमार,रंजीत कुमार, चंदन कुमार,रामानंद प्रसाद,मदन यादव,गोपाल प्रसाद,मुखिया निर्मल कुमार,प्रखंड एवं अंचल कर्मी समेत आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# नायक कोल इंडिया चेयरमैनके हाथों कोलकाता में हुए थे सम्मानित

शायर कलीमुल्लाह परवाना ने ईसीएल राजमहल परियोजना के महाप्रबंधक प्रभारी अरुपानंद नायक को दी बधाई राजमहल परियोजना के महाप्रबंधक प्रभारी अरुपानंद

**समाज जागरण मनोज कुमारसाह**

गोड्डा जाने माने कवि व शायर कलीमुल्लाह परवाना ने राजमहल परियोजना के महाप्रबंधक प्रभारी श्री अरुपानंदरनायक को कोल इंडिया के अध्यक्ष द्वारा सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय महाप्रबंधक पुरस्कार से सम्मानित करने पर उनके कार्यालय कच्छ में जाकर शुभकामनाएं एवं बधाई दी इस अवसर पर परवाना ने महाप्रबंधक प्रभारी अरुपानंद नायक की कार्यशाली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से परियोजना को तरक्की की ऊंचाइयों तथा बुलंदियों पर पहुंचाकर परियोजना का राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का काम किया है उन्होंने महाप्रबंधक प्रभारी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अरुपानंद नायक जैसे सरल सुयोग्य कर्मठ लगन शील सद चरित्र एवं इमानदार महाप्रबंधक को अपने बीच पाकर हम सभी गोड्डा वासी धन्य है आपकी कार्यशैली एवं कर्तव्य परायणता पर हर किसी को गर्व है



आपकी मृदु भाषिता की भी लोग चर्चा करते नहीं थकतेआप एक सरल हृदय वाले महाप्रबंधक प्रभारी हैं संक्षिप्त कार्यकाल में उन्होंने तमाम सहकर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर राजमहल खनी समूह को उत्पादन के क्षेत्र में राष्ट्रीय पहल पर लाकर खड़ा कर दिया जो कि आपकी कार्य क्षमता को दशार्ता है आपने सूझबूझ का परिचय दिया है वह अनुकरणीय ही नहीं अपितु एक अलौकिक स्तंभ के रूप में मिल का पत्थर बनकर सदैव हम सभी का मार्गदर्शन करते रहेंगे आप एक ओजस्वी महाप्रबंधक प्रभारी हैं आप परियोजना से जुड़े सभी मुद्दों को बेहतर तरीके से निष्पादन किए हैं चाहे वह भू स्थापित का मुद्दा हो या फिर कर्मियों का सभी पहलुओं पर अपने अच्छे तरीके से काम किया है कोयला उत्पादन के क्षेत्र में परियोजना को अपने नंबर वन पर लाकर खड़ा कर दिया है इसी कड़ी में विश्व मानवाधिकार प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार साह ने भी महाप्रबंधक प्रभारी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है वही शायर कलीमुल्लाह परवाना महाप्रबंधक प्रभारी अरुपानंद नायक पर शेरो शायरी प्रस्तुत करते हुए कहा कि राजमहल परियोजना की जान है अरुपानंद नायक राजमहल परियोजना की शान है अरुपानंद नायक राजमहल की पहचान है अरुपानंद नायक राजमहल की अरमान है अरुपानंद नायक

# 11 छात्रों ने हासिल की ब्लैक बेल्ट फर्स्ट डैन, झारखंड मार्शल आर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर का दो दिवसीय परीक्षण शिविर में दिखा जोश

**समाज जागरण 11.11.2025**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

झारखंड मार्शल आर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर द्वारा टेल्को स्थित Recreation Club में दो दिवसीय परीक्षण कैंप का सफल आयोजन किया गया, जिसके समापन समारोह में 11 प्रशिक्षु विद्यार्थियों को ब्लैक बेल्ट फर्स्ट डैन (1st DAN) और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।




यह परीक्षा ओड़िशा संबलपुर से आए मार्शल आर्ट्स विशेषज्ञ श्री ब्रह्मानंद नाग की देखरेख में 9 नवम्बर को सम्पन्न हुई। ब्लैक बेल्ट फर्स्ट डैन प्राप्त करने वाले छात्र हैं – अभि कुमार, मयंक प्रजापति, श्रेयांस सिंह, रिपन रे, अभिनव कुमार, हर्षित सिंह, आयुषी, श्रेया ओझा, आदित्य शर्मा, अनंता बर्नवाल एवं बी.वी. ओफिरिया शानू।

मुख्य अतिथि श्री दिनेश कुमार (पूर्व अध्यक्ष, भाजपा जमशेदपुर महानगर) ने कहा कि मार्शल आर्ट आत्म-अनुशासन, साहस और आत्मरक्षा का प्रतीक है। इन बच्चों की मेहनत झारखंड का नाम रोशन कर रही है। विशिष्ट अतिथि श्रीमती अंकिता कुमारी (जेपीएससी रैंक 30) ने कहा इन विद्यार्थियों की उपलब्धि उनके परिश्रम और अभिभावकों के सहयोग की मिसाल है। उन्होंने जीवन में खेल और अनुशासन के महत्व पर विधार्थियों का मनोबल बढ़ाया।

कार्यक्रम में टाटा मोटर्स यूनियन महामंत्री आर.के. सिंह, आर.आर. दुबे, श्याम किशोर, कन्हैया कुमार, आशीष कुमार, मनोज सिंह, अंकित आनंद और ब्रह्मानंद नाग सहित कई अतिथि उपस्थित रहे।

समारोह की सफलता का श्रेय समर्पित प्रशिक्षक मास्टर सुनील कुमार प्रसाद को जाता है, जिन्होंने निरंतर परिश्रम और मार्गदर्शन से विभिन्न आयु वर्ग के विद्यार्थियों को आत्मरक्षा की कला में दक्ष बनाया है।

# झारखंड स्थापना दिवस पर 'रन फॉर झारखंड' का भव्य आयोजन

●पदमा चौक से आर.एन. प्लस टू स्कूल तक गूंजा जोश और झारखंड गौरव का संदेश

**पंकज कुमार पाठक, संवाददाता पदमा, दैनिक समाज जागरण**

पदमाः झारखंड स्थापना दिवस के 25वें वर्षगांठ के मौके पर प्रखंड मुख्यालय पदमा में उत्साह और ऊर्जा से भरपूर रन फॉर झारखंड कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी निधि रजवार एवं अंचलाधिकारी मोतीलाल हेम्ब्रम के नेतृत्व में यह दौड़ पदमा चौक से आरंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए आर.एन. हाई स्कूल परिसर तक संपन्न हुई।




कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य बसंत नारायण मेहता, पदमा मुखिया अनिल मेहता, जनप्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों और बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ के दौरान प्रतिभागियों ने झारखंड की गौरवशाली संस्कृति, एकता और विकास का संदेश दिया।

प्रखंड विकास पदाधिकारी निधि रजवार ने बताया कि यह आयोजन झारखंड के गौरवपूर्ण 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया है। उन्होंने कहा, ॒झारखंड की पहचान उसकी समृद्ध संस्कृति, मेहनतकश जनता और एकजुटता में निहित है। ऐसे आयोजनों से लोगों में राज्य के प्रति गर्व और जागरूकता की भावना बढ़ती है।

कार्यक्रम में पूरा माहौल झारखंडी रंग में रंगा दिखा – जय झारखंड के नारों से गूंजता पदमा प्रखंड स्थापना दिवस की उमंग में डूबा रहा।

# उत्साहपूर्वक निकली प्रभातफेरी

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़। झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर प्रखंड के बेड़ाहरियारा, खरना,गैड़ा सारुकुदर,बनासो,करगालो समेत सभी पंचायतों में प्रभातफेरी कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया ।उक्त अवसर पर निकाली गई प्रभात फेरी में स्कूली बच्चे,शिक्षक,मुखिया,उपमुखिया,पंचायत सचिव,ग्राम




रोजगार सेवक व ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया ।मौके पर विशेष रोजगार दिवस का भी आयोजन किया गया ।उसके अंतर्गत मनरेगा,महिला समूह और स्वरोजगार योजनाओं से संबंधित लाभार्थियों को जानकारी दी गई ।साथ ही विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया ।ग्रामसभा में ग्रामीणों की भागीदारी उल्लेखनीय रही ।ग्राम सभा में गांव के विकास कार्यों की समीक्षा,नई योजनाओं का प्रस्ताव और पंचायत के मुद्दों पर चर्चा की गई ।मौके पर रामचंद्र यादव,राहुल कुमार गुप्ता,पंचायत सचिव सुरेंद्र प्रसाद,रणजीत कुमार,मदन यादव समेत ग्रामीण मौजूद थे।

# बुजुर्गों से लेकर युवाओं व महिलाओं में दिखा मतदान का उत्साह, शांतिपूर्ण हुआ मतदान

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज जिले के विधानसभा चुनाव में चार सीट के लिए मतदान कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। सुबह 7 बजे से वोटिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई थी, जो शाम 6 बजे तक चली। किशनगंज जिले में चार सीटों




पर कुल 35 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। 11 लाख 25 हजार 959 कुल वोटर हैं।

1,366 मतदान केंद्र बनाए गए थे। जिले में 1 हजार 366 मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। इनमें बहादुरगंज में 356, ठाकुरगंज में 360, किशनगंज में 347 और कोचाधामन में 303 बूथ शामिल थे। किशनगंज जिले के

बहादुरगंज -52 में 73.99%
ठाकुरगंज - 53 में 80.17%
किशनगंज - 54 में 79.81%
कोचाधामन -55 मे 76.67%

लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया ।लोकतंत्र के इस महापर्व में सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें बूथों पर देखने को मिलीं। बुजुर्ग, महिलाएं और युवा–सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करने घरों से बाहर निकले। पूरे क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण रहा। हर बूथ पर बिहार पुलिस एवं सशस्त्र बल के जवानों की तैनाती की गई थी ।इसके अतिरिक्त, सीसीटीवी कैमरों द्वारा सतत निगरानी की व्यवस्था की गई थी तथा गश्ती दलों के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। वरीय पदाधिकारी समय-समय पर गार्ड की जांच एवं पर्यवेक्षण करते रहें ।जहां-जहां आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन (MCC Violation) की सूचना मिली, वहां त्वरित कार्रवाई की गई। पहली बार वोट डालने वाले युवाओं में जोश दिखा। दिनभर मतदान केंद्रों पर उत्सव जैसा माहौल रहा। महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला ।कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ ।

# अंबालिका इंस्टिट्यूट में 'आगमन 2025' फ्रेशर्स पार्टी धूमधाम से संपन्न, आर्यन शुक्ला और लुम्बनी बरनवाल बने मिस्टर व मिस फ्रेशर

**विवेक कुमार संवाददाता**
**समाज जागरण**

लखनऊ। मोहनलालगंज क्षेत्र में स्थित अंबालिका इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में फ्रेशर्स पार्टी आगमन 2025 का आयोजन बड़े उत्साह के साथ शनिवार की शाम को किया गया। जिसमें नये छात्रों का स्वागत संगीत, नृत्य और प्रतिभा के रंगों में हुआ। शनिवार की शाम नई उमंग और जोश से भरी रही। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक गणेश वंदना से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने आकर्षक रैम्प




वॉक, कपल डांस, टैलेंट राउंड, और मन को छू लेने वाली शायरी प्रस्तुत की। पूरे कार्यक्रम में ऊर्जा और रचनात्मकता का अनोखा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश पांडेय (आईएएस), मृणालिनी पांडेय, डॉ. मालविका मिश्रा (प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, आरएमएल), तथा अंबालिका कंस्ट्रक्शन व अंबालिका चिट फंड से प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर अंबालिका वेलफेयर फाउंडेशन की ट्रस्टी सुश्री नंदजा मिश्रा, प्रो. एस.क्यू. अब्बास (डायरेक्टर जनरल), प्रो. आशुतोष द्विवेदी (डायरेक्टर), प्रो. श्वेता मिश्रा (अतिरिक्त निदेशक), प्रो. अभिषेक मिश्रा (डीन) तथा सभी विभागाध्यक्षों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान दिये गए। उत्सुकता के बीच मिस्टर एवं मिस फ्रेशर के परिणाम घोषित किए गए मिस्टर फ्रेशर आर्यन शुक्ला (बीबीए), मिस फ्रेशर लुम्बनी बरनवाल (बी.टेक सीएस), मिस्टर स्पार्क नैतिक तिवारी (बीसीए), मिस स्पार्क शिवांगी यादव(बी.टेक सीएस)। इस कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। पूरी शाम संगीत, उत्साह और युवा ऊर्जा से भरपूर रही, जिसने अंबालिका इंस्टिट्यूट की जीवंत और प्रेरणादायक संस्कृति को एक बार फिर उजागर किया।

# पशु भी चाहते हैं आजादी और प्रेमपूर्ण व्यवहार



दरअसल, देश भर में जंगलों की तेजी से कटाई के कारण वन्य पशुओं का आशियाना दिनोंदिन उजड़ता जा रहा है। आज विश्व की कुल जनसंख्या 08 अरब (08 अरब साढ़े 17 करोड़) से भी अधिक हो चुकी है और प्रत्येक वर्ष इससे दो गुना से भी ज्यादा लगभग 18 अरब तक वृक्षों की कटाई हो रही है। बढ़ती जनसंख्या और घटती वन-संपदा ने जिन कुछ प्रमुख समस्याओं को जन्म दिया या बढ़ाया है, उनमें सर्वाधिक चिंतनीय और घातक समस्या वन्य पशुओं का लगातार बढ़ता हुआ आतंक है। उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिले बहराइच का प्रकरण सामने है, जहां मार्च 2024 में शुरू हुए भेड़ियों के खूनी हमलों के सर्वाधिक शिकार इलाके के छोटे-छोटे बच्चे हुए। इन हमलों में अब तक लगभग 10 बच्चों समेत कम-से-कम एक दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 40 से अधिक लोग घायल हुए हैं। दुर्भाग्य से घायलों में भी अधिकतर बच्चे ही हैं। वैसे देखा जाए तो भेड़िए ही नहीं, बल्कि हाथी, शेर, सियार, तेंदुआ, चीता, भेड़िया, भालू और बाघ जैसे बेहद खूंखार और भयावह वन्य पशुओं का मानव बस्तियों में अतिक्रमण और उनके द्वारा मनुष्यों, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं पर हमले किए जाने की घटनाएं दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही हैं। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में बाघों, भालुओं, तेंदुओं और जंगली हाथियों, मध्य प्रदेश में सियारों एवं पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में जंगली हाथियों के हमले मनुष्यों कोई नई बात नहीं है। निर्विवाद रूप से ये घटनाएं अत्यंत दुरूखद और भयावह हैं। इसलिए लोगों का आक्रोशित होना उचित है, लेकिन प्रश्न है कि आखिर जंगल में आजाद विचरण करने, छोटे वन्य पशुओं का शिकार कर अपना तथा परिवार का भरण-पोषण करने और सामान्यतः अपने परिवार के साथ जीवन यापन करने वाले ये भेड़िए इतने खूंखार क्यों हो गए कि हमारे छोटे-छोटे मासूम बच्चों को मारकर खाने लगे। दरअसल, देश भर में जंगलों की तेजी से कटाई के कारण वन्य पशुओं का आशियाना दिनोंदिन उजड़ता जा रहा है। आज विश्व की कुल जनसंख्या 08 अरब (08 अरब साढ़े 17 करोड़) से भी अधिक हो चुकी है और प्रत्येक वर्ष इससे दो गुना से भी ज्यादा लगभग 18 अरब तक वृक्षों की कटाई हो रही है। पेड़ों की इस अंधाधुंध कटाई की भरपाई किए जाने का एक ही तरीका हो सकता है और वह है तीव्र गति से नए पौधों का रोपण और उनकी देखभाल करना यानी जितने पेड़ प्रत्येक वर्ष काटे जा रहे हैं, कम-से-कम उतने पौधे भी दुनिया भर में लगाए जाएं। हालांकि उन पौधों के पेड़ बनने में कई वर्ष लग जाते हैं। इसलिए वास्तव में पौधरोपण की जो वर्तमान दर और गति है, उससे लगातार नष्ट किए जा रहे जंगलों के एवज में नए जंगल उगा पाना संभव नहीं है। तात्पर्य यह कि पौधरोपण वन्य पशुओं के प्राकृतिक रहवास और पर्यावरण दोनों को बचाने का सर्वश्रेष्ठ विकल्प तो अवश्य है, किंतु इस कार्य में पूर्ण रूप से सफलता प्राप्त करने के लिए पौधरोपण की गति को हमें इस हद तक बढ़ाना होगा कि जितने वृक्ष प्रत्येक वर्ष दुनिया भर में काटे जाते हैं, कम-से-कम उससे डेढ़ गुना तक पौधे तो अवश्य ही लगाए जाएं, जबकि प्रत्येक वर्ष 18 अरब काटे जाने वाले वृक्षों की तुलना में आज दुनिया भर में मात्र पांच अरब पौधे ही लगाए जा रहे हैं। जाहिर है कि इस प्रकार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की भरपाई संभव नहीं होगी। यह विडंबना ही है कि भारत में भी वृक्षों की अंधाधुंध कटाई जारी है। लोकसभा में एक सवाल के जवाब में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने 21 मार्च 2022 को बताया था कि वर्ष 2020-21 के दौरान भारत में सार्वजनिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निर्माण और विकास के लिए लगभग 31 लाख पेड़ काट दिए गए। वन (संरक्षण) अधिनियम के अंतर्गत काटे गए पेड़ों के बदले में प्रतिपूरक वनीकरण की योजना चलाकर मोदी सरकार ने 359 करोड़ रुपये की लागत से 3.6 करोड़ से अधिक पौधे लगाए, जो नाकाफी प्रतीत होते हैं, क्योंकि फिलहाल इससे संबंधित कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है कि उनमें से कितने पौधे बचाए गए और कितने नष्ट होने के लिए छोड़ दिए गए। बहरहाल, वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण दिनोंदिन वन्य पशुओं का प्राकृतिक रहवास सिकुड़ता जा रहा है, इससे इनके लिए भोजन-पानी की बहुत बड़ी समस्या पैदा हो गई है। इसीलिए वन्य पशु भोजन-पानी की तलाश में मानव बस्तियों की ओर पलायन करने के लिए मजबूर हुए हैं। वैसे भेड़ियों की बात करें तो ये स्वभाव से खूंखार तो होते हैं, परंतु सारे भेड़िए आदमखोर नहीं होते। हालांकि प्रतिशोध लेने में ये अत्यंत माहिर होते हैं। इसलिए यदि इनको या इनके परिवार के सदस्यों को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया जाए तो ये कतई सहन नहीं करते और अपने शत्रुओं से चुन-चुनकर बदला लेते हैं। ऐसे कुछ उदाहरण दुनिया में मौजूद हैं, जिनमें भेड़ियों अथवा उनके बच्चों को मनुष्यों के द्वारा क्षति पहुंचाए जाने के बाद ये खूंखार हो गए और जब तक अपना बदला पूरा नहीं कर लिया, तब तक इनकी आक्रामकता कम नहीं हुई। आज से लगभग 25 वर्ष पूर्व ऐसी ही एक घटना उत्तर प्रदेश के जौनपुर और प्रतापगढ़ जिलों में सई नदी के कछार पर घटी थी, जिसमें भेड़ियों के हमलों में इलाके के 50 से भी अधिक मासूम बच्चों की मौत हो गई थी। उस समय पड़ताल करने पर यह पता चला था कि कुछ इंसानी बच्चों ने भेड़ियों की एक मांद में घुसकर उनके दो बच्चों को मार डाला था, जिसके प्रतिशोध स्वरूप भेड़ियों ने जोरदार हमले कर मनुष्यों के 50 से भी अधिक मासूम बच्चों को मौत के घाट उतार दिया था। उस दौरान वन विभाग के द्वारा चलाए गए भेड़ियों के धर-पकड़ अभियान में कुछ भेड़िए पकड़े भी गए थे, लेकिन उनके बीच में मौजूद आदमखोर जोड़ा हमेशा बचता रहा और बदला लेने के मिशन में लगातार कामयाब भी होता गया। हालांकि बाद में आदमखोर भेड़ियों को वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा गोली मार दी गई और अंततरू भेड़ियों का खूनी आतंक खत्म हो पाया था। गौर करें तो इस बार भी बहराइच की घटनाओं में भेड़ियों का वही व्यवहार... वही पैटर्न सफल होता हुआ प्रतीत हो रहा है। सबसे बड़े दुरूख की बात तो यह है कि एक बार फिर इन भेड़ियों की जान खतरे में आ गई है, क्योंकि शासन-प्रशासन की ओर से बेकाबू हो चुके इन आदमखोर भेड़ियों को गोली मार देने का आदेश दे दिया गया है। वैसे भेड़ियों के विरूद्ध की जाने वाली सरकारी कार्रवाइयों पर गौर करें तो उनके जीवन का सर्वाधिक स्याह पक्ष अंग्रेजों के समय का है, जब ब्रिटिश सरकार की ओर से भेड़ियों को मारने का बड़ा अभियान चलाकर 40 सालों में एक लाख से भी अधिक भेड़ियों को शिकारियों ने मार डाला था और ब्रिटिश राज की तरफ से ईनाम भी प्राप्त किया था। देखा जाए तो मनुष्य और वन्य पशुओं के बीच जारी संघर्षों का यह सिलसिला बेहद गंभीर और चिंताजनक है। इसलिए समय रहते इसका हल ढूंढना जरूरी है। अन्यथा यह समस्या अत्यंत विकराल रूप भी ले सकती है। ऐसे में जरूरी है कि केंद्र और राज्य सरकारें वन्य प्राणी विशेषज्ञों की सलाह लेकर वन्य पशुओं के प्राकृतिक आवासों को संरक्षित करने तथा बड़े स्तर पर वनीकरण अभियान चलाकर वनों के विकास करने की दिशा में कुछ ठोस और सकारात्मक कदम उठाएं, ताकि हमारे वन्य साथी आजादी से अपने घरों में बेफिक्र होकर रह सकें। संभव है कि इन प्रयासों के फलीभूत होने में कई वर्ष लग जाएं, लेकिन इस दौरान एक कार्य किया जा सकता है, वह है इन वन्य प्राणियों के साथ प्रेमपूर्ण आचार और व्यवहार करना। इसमें कोई संदेह नहीं कि यदि इन वन्य पशुओं के विरूद्ध क्रूरता के बदले में दया का भाव दर्शाया जाए और इनको लाड़-प्यार दिया जाए तो मनुष्यों के प्रति इनके हिंस्र व्यवहारों में भी परिवर्तन आ सकता है।

# रात में देर से सोते हैं तो हो जाएं सावधान! नींद पूरी ना होने से हो सकती हैं डायबिटीज

जब हम सोते हैं तो हमारे दिमाग में कई तरह के केमिकल रिएक्शन होते हैं जिससे हमारे शरीर को ठीक तरह से काम करने में मदद मिलती है। अगर हम कम सोएं या हमारी नींद पूरी ना हो तो इससे हमारे शरीर में कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं।सोना हमारे लिए कितना जरुरी है यह तो आप जानते ही होंगे। दिनभर की भागदौड़ और थकान के बाद जब हम सोते हैं तो हमारे दिमाग में कई तरह के केमिकल रिएक्शन होते हैं जिससे हमारे शरीर को ठीक तरह से काम करने में मदद मिलती है। अगर हम कम सोएं या हमारी नींद पूरी ना हो तो इससे हमें थकान महसूस होने लगती है। यदि हम लगातार कम सोएं तो इससे हमारे शरीर में कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि कम सोने की वजह से हमारी



सेहत को क्या नुकसान होता है -

डायबिटीज़

नींद ना पूरी होने के कारण डायबिटीज़ का खतरा भी बढ़ जाता है। जब हम पर्याप्त नींद नहीं लेते हैं तो इससे हमारे शरीर में इंसुलिन का लेवल कम होने लगता है। जो लोग 5 घंटे या उससे कम नींद लेते हैं उनका ब्लड शुगर लेवल ज्यादा होता है और ऐसे लोगों में टाइप 2 डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है।

वजन बढ़ना

आपको यह जानकर हैरानी होगी कि आपके बढ़े हुए वजन का कारण नींद की कमी भी हो सकता है। दरअसल, जब हम लगातार 5 घंटे या उससे कम सोते हैं तो इससे हमारे दिमाग में कई केमिकल रिएक्शन होते हैं। इसके परिणामस्वरूप पेट भरा होने के बावजूद हमारा दिमाग हमें और खाने का संकेत देता है। ऐसे में हम भूख से अधिक खा लेते हैं जिससे हमारा वजन बढ़ता है।

सेक्स ड्राइव में कमी

नींद ना पूरी होने के कारण हमारी सेक्स लाइफ भी प्रभावित हो सकती है। जब हम 5 घंटे या उससे कम नींद लेते हैं तो इससे हमारे शरीर में हॉर्मोनल असंतुलन होने लगता है। इससे हमारी सेक्स ड्राइव भी कम होने लगती है और हम अपनी सेक्स लाइफ एंजॉय नहीं कर पाते हैं।

नींद के दौरान हमारे दिमाग में कई केमिकल एक्शंस होते हैं। जब हम सोते हैं तो हमारा दिमाग में कुछ ऐसे केमिकल फंक्शन होते है जो हमें चीज़ों को याद रखने में मदद करते हैं। नींद ना पूरी होने के कारण ये फंक्शन ठीक से नहीं हो पाते हैं जिसके कारण हमारी याद्दाश्त पर प्रभाव पड़ता है। जब हम ठीक से नहीं सोते हैं तो हमें याद्दाश्त संबंधित समस्याएं होने लगती हैं।

एंग्जायटी और डिप्रेशन

नींद पूरी ना होने के कारण हमारे दिमाग पर भी प्रभाव होता है। जब हम ठीक से नहीं सो पाते हैं तो इससे हमारा दिमाग थका हुआ महसूस करता है। नींद ना पूरी होने के कारण स्ट्रेस, एंग्जायटी और डिप्रेशन जैसी समस्याओं का खतरा अधिक बढ़ जाता है। नींद ना पूरी होने के कारण व्यक्ति थका हुआ और चिड़चिड़ापन महसूस करता है।

इम्युनिटी कमजोर होना

नींद ना पूरी होने के कारण हमारी इम्युनिटी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे हमारा शरीर आंतरिक तौर पर कमजोर हो जाता है। ऐसी स्थिति में हमारा शरीर बीमारियों के चपेट में जल्दी आ जाता है। नींद ना पूरी होने के कारण सर्दी-जुखाम, संक्रमण आदि का खतरा अधिक बढ़ जाता है।